सूर्योदय 5:17 सूर्यास्त 7:25
आज का तापमान
शिमला 19.0 न्यू. 27.5 अधि
धर्मशाला 19.4 न्यू. 35.0 अधि
बाजार
सेंसेक्स 73,918
निफ्टी 23,200
सोना 1,53,000 चांदी 2,46,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA)
CHAMBA
PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 10 जून 2026 | 27 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 162, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### खान सर की गिरफ्तारी पर फिलहाल लगी रोक

**एजेंसी, पटना।** फायरिंग मामले में खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने खान सर की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। पुलिस से केस डायरी की भी मांग की है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगले आदेश या अगली सुनवाई तक संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कोई कठोर या दबावपूर्ण कार्रवाई न की जाए। खान सर की तरफ से पेश हुए वकील अरविंद कुमार महुआर ने कोर्ट से कहा कि गोली आत्मरक्षा में चलाई गई। किसी तरह से भय फैलाना मकसद नहीं था। खान सर के वकील ने बताया कि खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर 20 जून को सुनवाई होगी। (अनंत ज्ञान)

### ईडी ने पंजाब, यूपी व दिल्ली एनसीआर में की छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड से जुड़े धनशोधन मामले में मंगलवार को पंजाब, उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर में छह जगहों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जारी जांच का हिस्सा है। ईडी के अनुसार, तलाशी अभियान पंजाब के लुधियाना और जालंधर, उत्तर प्रदेश के बरेली तथा दिल्ली-नोएडा क्षेत्र में चलाया गया। कार्रवाई के दायरे में जांच से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं के आवासीय तथा व्यावसायिक परिसर शामिल हैं। एजेंसी मामले में धन के स्रोत, वित्तीय लेन-देन और कथित धनशोधन गतिविधियों की जांच कर रही है। तलाशी के दौरान विभिन्न दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप बोले-ईरान के साथ दो-तीन दिन में हो सकता है समझौता

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि ईरान और इजरायल दोनों एक-दूसरे पर हमला नहीं करने पर सहमत हो गये हैं तथा अगले दो-तीन दिनों में ईरान के साथ समझौता होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर होते ही होर्मुज जलडमरूमध्य को तत्काल खोल दिया जाएगा। ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा कि हम एक बहुत अच्छे समझौते के अंतिम चरण में हैं, जो किसी भी रूप में परमाणु हथियारों की अनुमति नहीं देगा। समझौते पर हस्ताक्षर होते ही होर्मुज जलडमरूमध्य तुरंत खोल दिया जाएगा। यह दो या तीन दिनों में हो सकता है। (अनंत ज्ञान)



### पुडुचेरी में मंत्रिमंडल विस्तार को राष्ट्रपति की मंजूरी

**एजेंसी, पुडुचेरी।** केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में लंबे समय से प्रतीक्षित मंत्रिमंडल विस्तार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की मंजूरी मिल गई है। अब 10 जून को तीन नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिससे मुख्यमंत्री एन रंगासामी की सरकार का मंत्रिमंडल पूरी तरह गठित हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने हाल ही में उपराज्यपाल कैलाशनाथन से मुलाकात कर नए मंत्रियों के नामों की सूची सौंपी थी, जिसके बाद प्रक्रिया को केंद्र सरकार के माध्यम से राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा गया। सूत्रों के अनुसार, एनआर कांग्रेस और भाजपा के तीन विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल का कचरा नॉर्वे लगाएगा ठिकाने

## सीएम सुक्खू ने हरित ऊर्जा व सत्त विकास में सहयोग के लिए दिया निवेश का न्यौता

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश को हरित विकास व आधुनिक तकनीक के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रदेश सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नॉर्वे की राजदूत मे-एलिन स्टेनर के साथ हुई महत्वपूर्ण बैठक में हिमाचल और नॉर्वे के बीच पर्यावरण संरक्षण, हरित ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन तथा सतत पर्यटन के क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग की संभावनाओं को नई गति प्रदान की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नॉर्वे की कंपनियों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए हिमाचल को हरित अर्थव्यवस्था का मॉडल राज्य बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश और नॉर्वे दोनों ही प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और सतत विकास को प्राथमिकता देते हैं। यही साझा दृष्टिकोण दोनों क्षेत्रों के बीच ऐसी साझेदारी को जन्म देगा, जिससे विकसित होने वाले नवाचारपूर्ण मॉडल दुनिया के अन्य पर्वतीय क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणा बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यावरण-अनुकूल विकास के लिए वैश्विक अनुभवों और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।



नॉर्वे की राजदूत मे-एलिन स्टेनर के साथ सीएम सुक्खू व पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह। अनंत ज्ञान

बैठक में निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन, ठोस कचरा निस्तारण, परिपत्र अर्थव्यवस्था, संसाधन पुनर्प्राप्ति, कचरा-मुक्त पर्यटन स्थलों का विकास, जलवायु-अनुकूल शहरी नियोजन, डिजिटल प्रशासन, स्मार्ट सिटी तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि नॉर्वे की उन्नत तकनीक और विशेषज्ञता का लाभ उठाकर हिमाचल प्रदेश शहरी विकास के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा। उन्होंने नॉर्वे के निवेशकों को विशेष रूप से पर्यटन, हरित ऊर्जा और भू-तापीय ऊर्जा क्षेत्रों में उपलब्ध संभावनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ऐसे व्यावहारिक और नवाचार आधारित मॉडल विकसित करना चाहती है, जो रोजगार सृजन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हिमाचल को हरित निवेश का पसंदीदा गंतव्य बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।

### नीति आयोग की बैठक में हिमाचल का पक्ष रखेंगे मुख्यमंत्री सुक्खू

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नीति आयोग की महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के लिए बुधवार को दिल्ली रवाना होंगे। पीएम मोदी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस उच्चस्तरीय बैठक में देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू हिमाचल प्रदेश से जुड़े विकासात्मक मुद्दों, वित्तीय सहयोग, आधारभूत संरचना तथा राज्य हितों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों को केंद्र सरकार के समक्ष रखेंगे।

### हरित हिमाचल के लक्ष्य को मिलेगा वैश्विक सहयोग

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने, हरित आवरण को 29.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 32 प्रतिशत तक पहुंचाने तथा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। किसानों को मक्की, गेहूं, दूध और कच्ची हल्दी पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नॉर्वे के साथ बढ़ता सहयोग हिमाचल को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगा।

# हिमाचल में छह एचएएस अफसर ट्रांसफर, आठ को पहली पोस्टिंग

## हिमानी तहसीलदार परागपुर, मोहित बीडीओ ठियोग लगाए

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने वर्ष 2024 और 2025 बैच के हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचपीएएस) के 14 अधिकारियों के तबादले और नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। कार्मिक विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अधिकारियों को विभिन्न जिलों में असिस्टेंट कमिश्नर (राजस्व)-कम-तहसीलदार तथा असिस्टेंट कमिश्नर (विकास)-कम-खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के पदों पर तैनात किया गया है।

हिमानी को चौहारा (शिमला) से स्थानांतरित कर प्रागपुर (कांगड़ा) में असिस्टेंट कमिश्नर (राजस्व)-कम-तहसीलदार नियुक्त किया गया है। अनुभव तनवर को चौंतड़ा (मंडी) से निहरी में असिस्टेंट कमिश्नर (राजस्व)-कम-तहसीलदार लगाया गया है।

कार्तिकेय डोगरा को गोपालपुर/सरकाघाट (मंडी) से नैना देवी (बिलासपुर) में असिस्टेंट कमिश्नर (राजस्व)-कम-तहसीलदार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। करणवीर सिंह को कुपवी (शिमला) से जुब्बल (शिमला) स्थानांतरित किया गया है। नेहा नेगी को संगड़ाह (सिरमौर) से निचार-भावानगर (किन्नौर) में नियुक्ति मिली है। योगेश कुमार को पांगी (चंबा) से रामपुर (शिमला) भेजा गया है।

वहीं, उमेश को राजगढ़ (सिरमौर), मोहित सिंह को ठियोग (शिमला), जितेंद्र चंदेल को निचार (किन्नौर), राहुल धीमान को ऊना, तानिया कश्यप को सुजानपुर (हमीरपुर), अंकुश कुमार को रामपुर (शिमला), रजत चौधरी को हमीरपुर तथा प्रियंका को बड़सर (हमीरपुर) में असिस्टेंट कमिश्नर (विकास)-कम-बीडीओ नियुक्त किया गया है। सरकार के अनुसार सभी तबादले और नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। अधिकारियों को संबंधित पदों पर शीघ्र कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत की ओर से जारी किए गए हैं।

# टीएमसी विधायकों की शिकायत पर ममता के घर पहुंची सीआईडी

**एजेंसी, कोलकाता**

टीएमसी में चल रहे विवाद के बीच मंगलवार को सीआईडी की टीम ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पहुंची। इसी परिसर में पार्टी का केंद्रीय कार्यालय भी है। शुरुआत में टीम को अंदर जाने से रोक दिया गया, लेकिन बाद में अतिरिक्त पुलिस बल की मौजूदगी में अधिकारियों ने परिसर में प्रवेश किया।




टीएमसी के पूर्व सांसद सुभाषिश चक्रवर्ती ने कहा कि अभिषेक बनर्जी की गैर-मौजूदगी में तलाशी की अनुमति नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि अभिषेक के आने के बाद एजेंसी जांच कर सकती है। दरअसल, पार्टी के कुछ बागी विधायकों ने स्पीकर को शिकायत भेजी थी। उनका आरोप है कि शोभनदेव चट्टोपाध्याय को नेता विपक्ष बनाने के प्रस्ताव पर अभिषेक बनर्जी के लेटरहेड का इस्तेमाल किया गया और उस पर फर्जी हस्ताक्षर किए गए। विधायकों ने अभिषेक पर ही फर्जी दस्तखत कराने का आरोप लगाया है। सीआईडी अधिकारियों के मुताबिक, अभिषेक बनर्जी ने एजेंसी के नोटिस के जवाब में बताया था कि विधायकों के हस्ताक्षर 30बी हरीश चटर्जी स्ट्रीट स्थित टीएमसी के केंद्रीय कार्यालय में जुटाए गए थे। यह कार्यालय ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास परिसर में ही है। इसी जानकारी के आधार पर जांच टीम वहां पहुंची। इससे पहले सोमवार को सीआईडी की टीम अभिषेक बनर्जी के घर भी पहुची थी। सीआईडी सूत्रों के मुताबिक, अभिषेक ने जांचकर्ताओं के सामने पेश होने के लिए और समय मांगा था। सीआईडी ने उन्हें मंगलवार शाम 5 बजे तक एजेंसी के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया था। (अनंत ज्ञान)

# एचआरटीसी उपाध्यक्ष अजय वर्मा करवाएंगे डोप टेस्ट

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने कांग्रेस से निष्कासित नेता नीरज भारती द्वारा लगाए गए आरोपों पर कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने ऐलान किया कि वह अपना डोप टेस्ट करवाएंगे और यदि उनके शरीर में किसी भी प्रकार का नशा पाया गया तो वे हर सजा स्वीकार करेंगे। अजय वर्मा ने कहा कि वह अपना कार्य पूरी निष्ठा से कर रहे हैं और उन पर लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने नीरज भारती को मर्यादा में रहकर बयान देने की नसीहत दी।

**◆ कहा-नशा साबित हुआ तो हर सजा मंजूर**

वर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा उन्हें दी गई जिम्मेदारी को सम्मान बताया और एचआरटीसी के कामकाज का बचाव करते हुए कहा कि निगम में न तो किसी कर्मचारी का वेतन लंबित है और न ही पेंशन रुकी हुई है। उन्होंने निगम की भविष्य योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जल्द ही 300 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी और सेवाओं में सुधार किया जाएगा, ताकि जनता को बेहतर परिवहन सुविधा मिल सके।

# ऊना $42^0$ पार, कई जगह राहत की बौछार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में गर्मी और बदलते मौसम का दोहरा असर देखने को मिल रहा है। राज्य के मैदानी और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में इन दिनों सूर्य आग उगल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार,ऊना सबसे गर्म रहा। मंगलवार को यहां अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, हमीरपुर के नेरी में 39.1, कांगड़ा-मंडी में 38-38, सुंदरनगर में 37.4 और नाहन में 36.3 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया।

वहीं, देर शाम हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों खासकर धर्मशाला और पालमपुर में झमाझम बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए आंधी, तूफान, बिजली गिरने और ओलावृष्टि की गंभीर चेतावनी जारी कर दी है। फिलहाल लोगों को अगले 48 घंटे तक भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन इसके बाद मौसम अचानक करवट लेकर कई क्षेत्रों में भारी तबाही का कारण भी बन सकता है। मौसम विभाग ने ऊना, बिलासपुर



और सोलन सहित कई जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों को दोपहर के समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 10 जून की रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसका असर 11 जून से पूरे प्रदेश में दिखाई देना शुरू होगा। 11 और 12 जून के लिए कई क्षेत्रों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विशेष रूप से कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों में मौसम अधिक उग्र रहने की आशंका जताई गई है। कुछ स्थानों पर 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

# महाराष्ट्र के जलगांव में कार-बस की भीषण टक्कर, 6 की मौत

**एजेंसी, मुंबई**

गुजरात के व्यारा से महाराष्ट्र जा रहे एक परिवार की कार मंगलवार को जलगांव जिले के अमलनेर-धुले रोड पर होटल वृंदावन और मंगरूल गांव के पास भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। कार, एसटी बस और बाइक की टक्कर में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार कार धुले की ओर से आ रही थी, तभी चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया और कार सामने से आ रही एसटी बस और एक बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार और बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में बाइक सवार धरनगांव निवासी दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कार में सवार गुजरात के चार लोगों ने मौके पर दम तोड़ दिया। यह परिवार महाराष्ट्र के




मंगरूल गांव में आयोजित एक सगाई समारोह में शामिल होने जा रहा था।

दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। मलबे में फंसे एक बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि एसटी बस में सवार एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में शोक का माहौल है। (अनंत ज्ञान)

# बिहार में तूफान से घर पर गिरा पीपल का पेड़, मां और चार बच्चों की मौत

**एजेंसी, सीतामढ़ी**

बिहार में सोमवार देर रात आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने सीतामढ़ी जिले में एक परिवार को पूरी तरह उजाड़ दिया। रिगा प्रखंड के रेवासी गांव में एक कच्चे मकान पर विशाल पीपल का पेड़ गिर जाने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और मातम का माहौल है। यह हादसा सोमवार देर रात करीब एक से दो बजे के बीच हुआ, जब परिवार के सभी सदस्य अपने घर में सो रहे थे।



तेज आंधी के कारण मकान के समीप स्थित एक विशाल पीपल का पेड़ अचानक कच्चे घर पर गिर पड़ा। पेड़ गिरने से मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सो रहे परिवार के सदस्य मलबे में दब गए। हालांकि, पूजा देवी समेत तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल वीरभद्र कुमार को उपचार के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा स्थिति का जायजा लिया। (अनंत ज्ञान)

# ईरानी बोट्स पर हमले के लिए तैनात अमेरिकी हेलिकॉप्टर क्रैश

**एजेंसी, तेल अवीव/वॉशिंगटन**

अमेरिकी सेना का एक अपाचे हेलिकॉप्टर सोमवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास क्रैश हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क में पत्रकारों से बातचीत के दौरान घटना की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हेलिकॉप्टर में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं।



फिलहाल यह साफ नहीं है कि हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी के कारण गिरा या किसी हमले का शिकार हुआ। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले पर कल रिपोर्ट जारी की जाएगी। अमेरिकी सेना होर्मुज स्ट्रेट में अपाचे हेलिकॉप्टर, एमक्यू9 रीपर ड्रोन, एफ/ए-18 और एफ-35 लड़ाकू विमानों की मदद से सुरक्षा अभियान चला रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, अपाचे हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल छोटे हथियारबंद बोट्स और ड्रोन के हमले रोकने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल अहमद अल जाबेर अल सबाह से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने मिडिल ईस्ट के तेजी से बदलते हालात पर विचार साझा किए और क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। (अनंत ज्ञान)

# जयपुर : पटाखा फैक्टरी में भीषण आग, 7 मरे

**एजेंसी, जयपुर**

राजधानी जयपुर के खो-नागोरियान क्षेत्र में संचालित एक पटाखा फैक्टरी में भीषण आग लगने और लगातार धमाकों से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में कई लोगों के झुलसने की सूचना है, जबकि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 7 लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। हालांकि प्रशासन ने अभी तक हताहतों के संबंध में कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया है।




आग लगते ही फैक्टरी परिसर से ऊंची लपटें और धुएं का गुब्बार उठने लगा। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में आ गए। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन, सिविल डिफेंस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्टरी में मौजूद लोगों को बाहर निकलने का पर्याप्त समय नहीं मिल सका। कई दमकल गाड़ियों और पानी के टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर आसपास के इलाके को खाली करवाकर सुरक्षा घेरा बना दिया।

घायलों को तत्काल सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया कि अब तक 2 गंभीर रूप से झुलसे मरीज अस्पताल में भर्ती किए गए हैं, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उन्होंने आशंका जताई कि एक दर्जन से अधिक अन्य घायल भी अस्पताल पहुंच सकते हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फैक्टरी कथित रूप से एक मकान के भीतर अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। फिलहाल मलबे में फंसे लोगों की तलाश जारी है और आग पूरी तरह बुझने के बाद ही नुकसान तथा हताहतों की वास्तविक संख्या स्पष्ट हो सकेगी। (अनंत ज्ञान)

**उम्मीद** आरबीआई की तरफ से जुलाई में कैपिंग हटने पर होगा फैसला

# सरकार का भरोसा और संपत्तियों की नीलामी से बघाट बैंक को अंतिम आस

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** वित्तीय संकट से जूझ रहे द बघाट अर्बन को-आपरेटिव बैंक को डिफॉल्टरों की संपत्तियों की नीलामी से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बैंक प्रबंधन ने 12 जून को 24 बड़े डिफॉल्टरों की संपत्तियों की नीलामी तय की है। यदि नीलामी सफल रहती है और बैंक का एनपीए (नॉन परफॉर्मिंग एसेट) और कम होता है, तो जुलाई में आरबीआई द्वारा बैंक पर लगी कैपिंग हटने की संभावना बढ़ सकती है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी नगर निगम चुनाव के दौरान बघाट बैंक को वित्तीय संकट से उबारने का भरोसा दिया था। उन्होंने कहा था कि गरीब लोगों की मेहनत की कमाई सुरक्षित रहेगी और सरकार बैंक को मजबूत बनाने के लिए हरसंभव कदम उठाएगी। बघाट बैंक की सोलन, शिमला, कांगड़ा, ऊना और नाहन में शाखाएं संचालित हैं। बैंक में प्रदेशभर के करीब 77 हजार जमाकर्ताओं और 11 हजार से अधिक शेयरधारकों की लगभग 500 करोड़ रुपए की जमा राशि है। हालांकि, जमाकर्ताओं को पांच लाख रुपए तक की बीमा राशि पहले ही उनके खातों में मिल चुकी है।




बघाट बैंक।

बता दें कि अक्तूबर 2025 में बैंक पर कैपिंग लगाए जाने के समय उसका एनपीए 138 करोड़ रुपए था, जो लगातार वसूली और ऋण रिकवरी के प्रयासों के चलते घटकर अब करीब 102 करोड़ रुपए रह गया है। बैंक प्रबंधन का मानना है कि यदि यह आंकड़ा और नीचे आता है तो बैंक की स्थिति में सुधार होगा और आरबीआई कैपिंग हटाने पर सकारात्मक निर्णय ले सकता है। बैंक पर लगी पाबंदियों को आठ माह से अधिक समय हो चुका है।

पहले यह प्रतिबंध मार्च तक लगाया गया था, जिसे बाद में तीन माह के लिए बढ़ाते हुए जुलाई तक कर दिया गया। इस दौरान खाताधारक केवल एक बार 10 हजार रुपये की निकासी कर पाए हैं और अब वे कैपिंग हटने का इंतजार कर रहे हैं।

### 12 जून को होगी बड़ी नीलामी

**बघाट** बैंक के प्रबंध निदेशक राजकुमार कश्यप ने बताया कि 12 जून को 24 बड़े डिफॉल्टरों की संपत्तियों की नीलामी की जाएगी। इनमें सोलन शहर के कुछ भवनों और जमीनों के अलावा बद्दी के एक बड़े डिफॉल्टर की करीब 3.56 करोड़ रुपए मूल्य की भवन और भूमि भी शामिल है। उन्होंने कहा कि नीलामी से प्राप्त राशि से बैंक के एनपीए को और कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बैंक का एनपीए 102 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है और प्रबंधन लगातार वसूली अभियान चलाकर इसे कम करने में जुटा है। बैंक पर लगी कैपिंग को लेकर जुलाई में महत्वपूर्ण निर्णय होने की संभावना है।

# सीबीएसई स्कूलों में 5,623 शिक्षकों की तैनाती से प्रदेशभर में तबादलों की आहट

## 10 हजार तबादलों की संभावना, कैबिनेट समिति करेगी अंतिम फैसला

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के 158 सरकारी सीबीएसई विद्यालयों में 5,623 सेवारत शिक्षकों की प्रस्तावित तैनाती ने शिक्षा विभाग के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। इस प्रक्रिया के साथ प्रदेशभर में 10 हजार से अधिक तबादलों की आहट सुनाई देने लगी है। विभागीय स्तर पर माना जा रहा है कि यदि चयनित शिक्षकों को सीबीएसई विद्यालयों में समायोजित किया जाता है तो उसके प्रभाव से तबादलों की लंबी श्रृंखला शुरू हो सकती है, जिसका असर दूरदराज से लेकर शहरी क्षेत्रों तक देखने को मिलेगा।

शिक्षा विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि सीबीएसई विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति करते समय यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि राज्य बोर्ड के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी न हो। एक शिक्षक के स्थानांतरण से दूसरे विद्यालय में रिक्ति पैदा होगी और उस रिक्ति को भरने के लिए नए तबादले करने पड़ेंगे। यही कारण है कि यह प्रक्रिया केवल 5,623 नियुक्तियों तक सीमित नहीं रहकर 10 हजार से अधिक स्थानांतरणों का कारण बन सकती है।

शिक्षा विभाग में यह भी चर्चा है कि एक नियुक्ति कई तबादलों का रास्ता खोल सकती है, इसलिए सरकार हर कदम बेहद सावधानी से उठा रही है। मामला राजनीतिक दृष्टि से भी संवेदनशील माना जा रहा है। प्रदेश के अधिकांश सीबीएसई विद्यालय प्रमुख नगरों और अर्धशहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। ऐसे में शिक्षकों की तैनाती और स्थानांतरण को लेकर विभिन्न स्तरों पर दबाव और अपेक्षाएं बनी हुई हैं। सरकार किसी भी क्षेत्र में असंतोष की स्थिति पैदा नहीं करना चाहती, इसलिए अंतिम निर्णय से पहले सभी संभावित प्रभावों का विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है।



### सीबीएसई विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति पर फैसला जल्द : रोहित

**उधर,** उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित मंत्रिमंडलीय समिति ने पूर्व में सीबीएसई विद्यालयों में हुए तबादलों और नियुक्तियों का रिकॉर्ड भी तलब किया है। समिति स्कूलवार आवश्यकता, छात्र संख्या, विषयवार शिक्षकों की उपलब्धता तथा भौगोलिक परिस्थितियों का अध्ययन कर रही है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि सीबीएसई विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति पर फैसला जल्द लिया जाएगा तथा सीधी भर्ती प्रक्रिया को भी गति देने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि तमाम प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़े।

◆ **पुराने तबादलों के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे**

# 483 ग्राम पोस्ता भूसी व एक ग्राम चिट्टा बरामद

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, कुमारसैन।** जिला शिमला पुलिस द्वारा नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना कुमारसैन की टीम ने नारकंडा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-05 पर एक युवक को मादक पदार्थ समेत गिरफ्तार किया। पुलिस चौकी नारकंडा की टीम गश्त और यातायात जांच के दौरान स्पाइका किचन के समीप रुके एक व्यक्ति की तलाशी ली, जिसकी जेब से 483 ग्राम भुक्की तथा 1 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान विक्रम सिंह (23) पुत्र विकास सिंह, निवासी ग्राम शिलारू, डाकघर शिलारू, तहसील ठियोग, जिला शिमला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को कब्जे में लेकर थाना कुमारसैन में आवश्यक कानूनी कार्यवाही की और मामले की प्राथमिक सूचना के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी के धारा 15 एवं 21 एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# गेयटी थियेटर में गूंजी पहाड़ की आत्मा

## कवि सम्मेलन में जीवंत हुई पहाड़ी भाषा और लोकजीवन की झलक

अनंत ज्ञान



गेयटी थियेटर में आयोजित कवि सम्मेलन का दृश्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव के दूसरे दिन ऐतिहासिक गेयटी थियेटर का सभागार पहाड़ी भाषा और लोक संस्कृति की मिठास से सराबोर हो उठा। आयोजित पहाड़ी कवि सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कवियों और साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हिमाचल के लोकजीवन, परंपराओं, प्रकृति और सामाजिक सरोकारों को सजीव अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि पहाड़ी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हिमाचल की सांस्कृतिक पहचान और सामूहिक स्मृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे नई पीढ़ियों तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।

सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत कविताओं में गांव की मिट्टी की महक, पर्वतीय जीवन की सादगी, पर्यावरण संरक्षण का संदेश और मानवीय संवेदनाओं की गहराई स्पष्ट रूप से दिखाई दी। श्रोताओं ने कवियों की प्रस्तुतियों का भरपूर स्वागत किया और सभागार देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। साहित्य और संस्कृति के इस संगम ने ग्रीष्मोत्सव को एक नया आयाम प्रदान करते हुए यह संदेश दिया कि आधुनिकता के दौर में भी लोकभाषाओं और पारंपरिक साहित्य की प्रासंगिकता बनी हुई है।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने इस अवसर पर महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि कवि सम्मेलन में प्रस्तुत सभी चयनित पहाड़ी रचनाओं का संकलन तैयार कर पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाएगा। यह पुस्तक प्रदेश के पुस्तकालयों में उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि अधिक से अधिक लोग पहाड़ी साहित्य की समृद्ध परंपरा से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और साहित्यकार सामाजिक चेतना तथा सकारात्मक परिवर्तन के वाहक होते हैं। गेयटी थियेटर में आयोजित यह सम्मेलन न केवल पहाड़ी भाषा के संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ, बल्कि युवा रचनाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच भी प्रदान कर गया।

# दुग्ध उत्पादकों को बड़ी राहत, मिल्कफेड ने वापस लिया आदेश



**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** मिल्कफेड दत्तनगर के महीने में चार दिन दूध खरीद बंद करने के आदेश रद्द किए जाने से रामपुर बुशहर के हजारों दुग्ध उत्पादकों, सहकारी समितियों और परिवहनकर्ताओं को राहत मिली है। आदेश वापसी के बाद भाजपा मंडल रामपुर ने 10 जून होने वाली प्रस्तावित आक्रोश रैली को स्थगित कर दिया गया है। भाजपा नेता एवं पूर्व हिमकोफेड चेयरमैन कौल नेगी ने बताया कि पहले के आदेश से उत्पादकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ और यह किसान-विरोधी नीति स्वीकार्य नहीं है। कौल ने सरकार व मिल्कफेड से मांग की है कि दूध खरीद प्रतिदिन स्थायी रूप से जारी रहे और दुग्ध उत्पादकों को समय पर अदायगी अन्य व्यवस्थाओं को मजबूत करने की भी आवश्यकता जताई।

# शिमला में मुख्यमंत्री सुक्खू से मिलीं मंडी नगर निगम की निर्दलीय पार्षद



सीएम सुक्खू से भेंट करतीं निर्दलीय पार्षद अलकनंदा हांडा। अनंत ज्ञान


अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नगर निगम मंडी के वार्ड नंबर-1 खलियार की निर्दलीय पार्षद अलकनंदा हांडा ने सोमवार को शिमला में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकासात्मक पहलों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे कार्यों पर विश्वास व्यक्त किया। अलकनंदा हांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आम लोगों के हितों को प्राथमिकता देते हुए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं, जिनसे समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रदेश के विकास और प्रगति के लिए समर्पित दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता बताया। इस अवसर पर धर्मपुर के विधायक चन्द्रशेखर भी उपस्थित रहे।

# शिमला में आंगनबाड़ी सह क्रेच केंद्रों में भर्ती का मौका 30 जून तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बाल विकास परियोजना शिमला (शहरी) ने आंगनबाड़ी सह क्रेच केंद्रों में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग ने लोअर चक्कर, घोड़ा चौकी, जतोग, अपर समिट और ढली-1 (हिपा) क्षेत्र के क्रेच केंद्रों में क्रेच कार्यकर्ता एवं क्रेच सहायिका के पदों के लिए पात्र महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून 2026 तक बाल विकास परियोजना अधिकारी, शिमला (शहरी) के कार्यालय में आवेदन जमा कर सकती हैं। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार केवल वही महिला उम्मीदवार आवेदन करने की पात्र होंगी जो संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के लाभान्वित क्षेत्र से संबंध रखती हों। अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। क्रेच कार्यकर्ता पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता जमा दो तथा क्रेच सहायिका के लिए दसवीं पास निर्धारित की गई है। इसके अलावा परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए, जिसका प्रमाण पत्र तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार द्वारा जारी होना आवश्यक है। विभाग ने चयन प्रक्रिया में सामाजिक एवं विशेष श्रेणियों को निर्धारित मानदंडों के अनुसार वरीयता देने का भी प्रावधान रखा है। विधवा, दिव्यांग, अनाथ, परित्यक्ता, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग सहित विभिन्न पात्र श्रेणियों की महिलाओं को अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

# संसद की याचिका समिति की बैठक में शामिल हुए हर्ष महाजन, जनहित के मुद्दों पर की चर्चा



संसद की याचिका समिति की बैठक में भाग लेते सांसद हर्ष महाजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नई दिल्ली में आयोजित संसद की याचिका समिति की बैठक में राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने भाग लिया। बैठक के दौरान जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों, नागरिक सुविधाओं, प्रशासनिक सुधारों और लोककल्याण के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव और विचार भी प्रस्तुत किए। हर्ष महाजन ने कहा कि याचिका समिति लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो आम नागरिकों को अपनी समस्याएं, सुझाव और जनहित से जुड़े मुद्दे सीधे संसद के समक्ष रखने का अवसर प्रदान करती है।

उन्होंने शिमला से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि समिति नागरिकों और संसद के बीच एक प्रभावी सेतु का कार्य करती है तथा प्राप्त याचिकाओं का गहन अध्ययन कर संबंधित मंत्रालयों और विभागों के समक्ष आवश्यक अनुशंसाएं प्रस्तुत करती है।

हर्ष महाजन ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं और समस्याओं को प्रभावी ढंग से संसद तक पहुंचाना जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उनके अनुसार याचिका समिति के माध्यम से प्राप्त सुझाव और शिकायतें शासन व्यवस्था को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और संवेदनशील बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि समिति की अनुशंसाएं जनहित के मुद्दों के समाधान और देश में सुशासन को और अधिक सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होंगी।

# दूध खरीद बंद करने का फैसला किसानों पर सीधा प्रहार : लोकेंद्र

अनंत ज्ञान

◆ **सरकार पर किसानों और महिला समूहों की अनदेखी का आरोप**

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा विधायक लोकेन्द्र कुमार ने राज्य सरकार द्वारा बीएमसी केंद्रों से दूध खरीद बंद करने के निर्णय को किसान और महिला विरोधी बताते हुए इसे एक तुगलकी फरमान करार दिया है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार किसानों और महिला स्वयं सहायता समूहों की आय बढ़ाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर दूध उत्पादक किसानों को समय पर भुगतान तक नहीं मिल पा रहा है। अब दूध खरीद रोकने का फैसला हजारों ग्रामीण परिवारों की आजीविका पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी प्रशासनिक नाकामियों और कुप्रबंधन को छिपाने के लिए किसानों को ही परेशानी में डाल रही है।

लोकेन्द्र ने शिमला से जारी बयान में कहा कि प्रदेश में दूध उत्पादन में लगातार वृद्धि किसानों की मेहनत का परिणाम है, लेकिन सरकार इस बढ़ते उत्पादन के अनुरूप प्रसंस्करण और विपणन की व्यवस्था करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने याद दिलाया कि दत्तनगर दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र की क्षमता पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में 25 हजार लीटर से बढ़ाकर 50 हजार लीटर की गई थी। इसके बावजूद वर्तमान सरकार ने संयंत्र के विस्तार और आधुनिकीकरण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार स्वयं स्वीकार कर चुकी है कि क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग एक लाख लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है, तो अतिरिक्त दूध के प्रबंधन के लिए पहले से तैयारी क्यों नहीं की गई। भाजपा विधायक ने सीएम सुक्खू, मिल्कफेड प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगते हुए कहा कि किसानों को सुविधाएं देने के बजाय उन्हें परेशान करने की नीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा दूध उत्पादक किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी।

# रोस्टर व्यवस्था होगी ऑनलाइनः एनसीएसटी

## जनजातीय कर्मचारियों के मुद्दों पर सख्त हुआ राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने प्रदेश जनजातीय कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए पर्यटन विकास निगम में आरक्षण, पदोन्नति और रोस्टर व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की है। आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि रोस्टर प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए और इसे ऑनलाइन व्यवस्था से जोड़ा जाए ताकि अनुसूचित जनजाति वर्ग के कर्मचारियों को उनके अधिकारों और सेवा लाभों में किसी प्रकार की बाधा न आए।

दो दिवसीय प्रवास पर शिमला पहुंचे राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने होटल पीटरहॉफ में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सरकारी नीतियों और संवैधानिक प्रावधानों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। बैठक में आयोग के सदस्य निरुपम चकमा और डॉ. आशा लकड़ा भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम में भर्ती प्रक्रिया, पदोन्नति, रोस्टर प्रणाली, कर्मचारी कल्याण योजनाओं तथा सेवा संबंधी विभिन्न प्रावधानों की बिंदुवार समीक्षा की गई। आयोग ने अधिकारियों से पूछा कि आरक्षण नीति का प्रभावी क्रियान्वयन किस प्रकार सुनिश्चित किया जा रहा है और जनजातीय कर्मचारियों को मिलने वाले लाभों की स्थिति क्या है।



समीक्षा बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य। अनंत ज्ञान

आयोग अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि बाहरी स्रोतों के माध्यम से नियुक्त किए जाने वाले कर्मचारियों के लिए भी रोस्टर व्यवस्था लागू की जाए। उनका कहना था कि इससे जनजातीय क्षेत्रों के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और प्रतिनिधित्व भी मजबूत होगा। उन्होंने संपर्क अधिकारियों के शीघ्र प्रशिक्षण तथा जनजातीय कर्मचारियों के लिए नियमित क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जनजातीय क्षेत्रों के कर्मचारियों और उनके प्रतिनिधियों के साथ समय-समय पर संवाद स्थापित किया जाए ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। आयोग ने लंबित रिक्त पदों को भरने के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाने और जनजातीय युवाओं के लिए अलग से कौशल विकास योजना तैयार करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

बैठक में पर्यटन विकास निगम के अधिकारियों ने जानकारी दी कि निगम प्रदेशभर में 56 होटल, 12 जलपान गृह, 53 भोजनालय और 9 विपणन कार्यालय संचालित कर रहा है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। कर्मचारियों ने पदोन्नति में आ रही बाधाओं, आरक्षण प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन, कार्यस्थलों पर पेश आने वाली चुनौतियों तथा विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों को आयोग के समक्ष उठाया। आयोग ने सभी सुझावों और मांगों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# बीएड परीक्षाओं की जल्दबाजी को लेकर भड़की एसएफआई

अनंत ज्ञान

◆ **विश्वविद्यालय प्रशासन के फैसले की निंदा**

◆ **46 दिन में पूरा सेमेस्टर करवाने का आरोप**

**ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई जिला कमेटी ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी द्वारा बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथियां जल्दबाजी में घोषित किए जाने पर कड़ा विरोध जताया है। संगठन का कहना है कि प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 अप्रैल को समाप्त हुई थीं, जबकि द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 9 जून से शुरू कर दी गई हैं। ऐसे में पूरे सेमेस्टर की पढ़ाई, प्रायोगिक कार्य और परीक्षा तैयारी के लिए छात्रों को मात्र 46 दिन का समय मिला है, जो पर्याप्त नहीं है।

एसएफआई ने शिमला से जारी बयान में आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के नियमों के अनुसार द्वितीय सेमेस्टर में एक माह की स्कूल ऑब्जर्वेशन और टीचिंग प्रैक्टिस अनिवार्य होती है, लेकिन इसे केवल दस दिनों में पूरा करवाया गया। संगठन के अनुसार इससे भावी शिक्षकों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित होगी और शिक्षा व्यवस्था केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगी।

एसएफआई जिला सचिव दीपक कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन के इस फैसले से हजारों छात्र-छात्राएं मानसिक तनाव में हैं। संगठन ने बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं स्थगित करने, छात्रों को पर्याप्त अध्ययन समय देने तथा एनसीटीई मानकों के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियां पूरी करवाने की मांग की है।

एसएफआई ने चेतावनी दी है कि यदि छात्रों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन छात्रों को साथ लेकर व्यापक लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करेगा।

# ग्रीष्मोत्सव हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उत्सवः राज्यपाल

अनंत ज्ञान




राज्यपाल कविंद्र गुप्ता को सम्मानित करते उपायुक्त। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और पर्यटन की रंगीन छटा को प्रदर्शित करने वाले पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 का शुभारम्भ ऐतिहासिक रिज मैदान पर राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, पर्यटकों तथा विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने भाग लिया।

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि हिमाचल की लोक संस्कृति, कला और परंपराओं को सहेजने तथा नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्रदान करते हैं तथा पर्यटन के साथ-साथ स्थानीय व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी गति देते हैं। उन्होंने ग्रीष्मोत्सव के दौरान आयोजित की जा रही विविध गतिविधियों की सराहना करते हुए इसे प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि का उत्सव बताया।

इससे पूर्व उपायुक्त शिमला एवं अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अनुपम कश्यप ने राज्यपाल का स्वागत किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक हरीश जनारथा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेन्द्र चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

**ग्रीष्मोत्सव** रिज मैदान में गूंजा हिमाचली रंग, नशा मुक्ति और नारी सशक्तिकरण का संदेश बना आकर्षण

# 320 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महानाटी ने मोहा मन

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव के दूसरे दिन ऐतिहासिक रिज मैदान और मालरोड लोकसंस्कृति के रंगों में इस कदर रंग गए कि हर ओर हिमाचली अस्मिता की झलक दिखाई दी। पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित 320 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने एक साथ महानाटी प्रस्तुत कर ऐसा सांस्कृतिक समां बांधा कि पर्यटक, स्थानीय लोग और अतिथि देर तक इस अद्भुत दृश्य के साक्षी बने रहे। ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमती महिलाओं ने जहां हिमाचली लोकधारा को जीवंत किया, वहीं नशा मुक्ति, नारी सुरक्षा और महिला स्वावलंबन का प्रभावी संदेश भी समाज तक पहुंचाया।

मां की संवेदनशील भावना पर आधारित महानाटी ने दर्शकों के मन को गहराई से स्पर्श किया। महिलाओं के हाथों में नशा मुक्ति के संदेश वाले पोस्टर और छातों पर अंकित नारी शक्ति के प्रेरक संदेश पूरे आयोजन का आकर्षण बने रहे। पारंपरिक ढाठू और रेजटा पहने प्रतिभागियों ने लोकनृत्य को केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे सामाजिक जागरूकता के एक सशक्त माध्यम में बदल दिया। मालरोड पर उमड़ी भीड़ ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

शिमला के विभिन्न समेकित बाल विकास परियोजना केंद्रों से पहुंचीं महिलाओं की सहभागिता ने आयोजन को एक जनआंदोलन का स्वरूप दे दिया। अनेक पर्यटक भी स्वयं को रोक नहीं पाए और नाटी की लय में कदम मिलाते नजर आए। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जबकि जिला कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल सहित अनेक अधिकारी इस सांस्कृतिक उत्सव के साक्षी बने।



रिज मैदान पर महानाटी प्रस्तुत करतीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं। अनंत ज्ञान

### पहली बार ग्रीष्मोत्सव में दिखा मलखंब का अदभुत कौशल

**ग्रीष्मोत्सव** के मंच पर पहली बार मलखंब की रोमांचकारी प्रस्तुति ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। करुणा भारती संस्था के कलाकारों ने अद्भुत संतुलन, शक्ति और लचीलेपन का प्रदर्शन करते हुए भारतीय संस्कृति से जुड़े इस प्राचीन खेल की गौरवशाली परंपरा को सामने रखा। कलाकारों के साहसिक करतबों पर दर्शकों ने जमकर वाहवाही की। संस्था के संयोजक संजय सूद ने प्रदेश में मलखंब को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग करते हुए कहा कि उचित सहयोग मिलने पर हिमाचल से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए जा सकते हैं, जो भविष्य में प्रदेश और देश का नाम विश्व मंच पर रोशन करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### कोहला, मटौर में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल धर्मशाला-2 के सहायक अभियंता रमन भरमौरी ने बताया कि विद्युत लाइनों के सामान्य रख-रखाव कार्य के कारण 11 केवी मंदल फीडर के क्षेत्र कोहला, मटौर, बडवाल, मंदल, मसरेड, घयाना, हरनेड, मट, त्रेम्बलू, ढगवार, पासू, अप्पर मनेड, अप्पर बगली में 10 जून को सुबह 9:30 से सायं 5 बजे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यदि मौसम खराब रहता है, तो उक्त कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### जिला कांगड़ा पेंशन संघ की बैठक 13 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पेंशन संघ की बैठक 13 जून को 11 बजे गुरुकुल पब्लिक स्कूल गंगथ में जिला कांगड़ा पेंशन संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा की अध्यक्षता में होगी। इसमें जिला कांगड़ा पेंशन संघ के खंडों के प्रधान महासचिव तथा जिला के पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक में पेंशनर्स की लंबित मांगों के बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में राज्य के वरिष्ठ उपप्रधान कल्याण भंडारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### कैप्टन सौरभ कालिया को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** उपमंडल प्रशासन पालमपुर ने कारगिल युद्ध के अमर शहीद कैप्टन सौरभ कालिया के शहादत दिवस पर सौरभ वन विहार में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने उनके साहस, देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर शहीद के पिता डॉ. एन.के. कालिया और भाई वैभव कालिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। नगर निगम आयुक्त नेत्रा मेती, एसडीएम डॉ. ओपी यादव, डीएफओ डॉ. संजीव शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### जनगणना की बारीकियों का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर के ब्वॉयज स्कूल में मंगलवार को जनगणना प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन दूसरे बैच के लगभग 35 कर्मचारियों को जनगणना की बारीकियों और कार्यप्रणाली का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि डेटा प्रविष्टि की सटीकता सर्वोपरि है। कर्मचारियों को घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार की सामाजिक और आर्थिक जानकारी सही ढंग से एकत्रित करने और किसी भी सूचना को जल्दबाजी में दर्ज न करने के लिए कहा गया। साथ ही, उन्हें लोगों से विनम्र व्यवहार करने और जनगणना के महत्व के बारे में जागरूक करने का आग्रह भी किया गया। इस सत्र में नायब तहसीलदार बलविंदर पठानिया, कार्यालय कानूनगो संजीव शर्मा और राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### लोअर कौना में बताया शिवरात्रि व बेलपत्र का रहस्य

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के गांव लोअर कौना में पूर्व प्रधान संसार चंद के निवास पर आयोजित शिवमहापुराण कथा श्रद्धा और भक्ति के साथ जारी है। 6 जून से शुरू हुई यह कथा 14 जून तक चलेगी। मंगलवार को कथा के चौथे दिन आचार्य श्री ने शिवरात्रि की उत्पत्ति की कथा सुनाई। उन्होंने विभिन्न प्रकार के शिवलिंगों के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि भांग, शमीपत्र व बेलपत्र की उत्पत्ति कैसे हुई। साथ ही शिवलिंग पर इन्हें चढ़ाने की सही विधि भी श्रद्धालुओं को समझाई।

### लोअर सुक्कड़ व कनेड़ में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल धर्मशाला संख्या-2 के सहायक अभियंता रमन भरमौरी ने बताया कि विद्युत लाइनों के सामान्य रख-रखाव कार्य के कारण 11 केवी दाड़ी फीडर के क्षेत्र शीला, लोअर शीला, पासू, भटेड, अप्पर मनेड़, लोअर सुक्कड़ तथा कनेड़ में 11 जून को सुबह 9:30 से सांय 5 बजे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यदि मौसम खराब रहता है, तो उक्त कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### रजोल-धनोटु लिंक रोड 16 से रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधिसूचना जारी की है कि निर्माण कार्य के चलते रजोल से धनोटु लिंक रोड 16 जून से 30 जून तक हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-154 और चंबी-धर्मशाला रोड का उपयोग किया जा सकता है।

### रियांश सैनी ने बैडमिंटन में जीता स्वर्ण पदक




**अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा।** स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल के छात्र रियांश सैनी ने धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में आयोजित एसबीकेएफ 14वें राष्ट्रीय खेल 2026 की बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंडर-15 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। पूरे टूर्नामेंट में रियांश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी और आत्मविश्वास व अनुशासन का परिचय दिया। उनकी यह सफलता निरंतर अभ्यास और मेहनत का परिणाम है। विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने रियांश को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है।

### सुमन वर्मा बनीं नगर परिषद कांगड़ा की अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** नगर परिषद कांगड़ा में नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। एसडीएम कांगड़ा एवं निर्वाचन अधिकारी इशांत जसवाल ने सभी पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से सुमन वर्मा को अध्यक्ष और राज कुमारी को उपाध्यक्ष चुना गया। एसडीएम इशांत जसवाल ने बताया कि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक ढंग से संपन्न हुई। सुमन वर्मा ने अपनी जीत का श्रेय मुख्यमंत्री, पार्टी नेतृत्व, कार्यकर्ताओं और अजय वर्मा को दिया। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें बधाई दी और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

### नूरपुर टीम ने जीती वॉलीबॉल चैंपियनशिप

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बीड़ के वरिष्ठ समाजसेवी फकीर चंद कपूर द्वारा अपनी स्वर्गीय माता कमला कपूर और पिता हरि राम कपूर की स्मृति में अंडर-19 वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसका समापन बीड़ खेल मैदान में हुआ। फाइनल मुकाबले में नूरपुर की टीम ने जयसिंहपुर को हराकर 21,000 रुपए और ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि उपविजेता टीम को 11,000 रुपए मिले। समापन समारोह की अध्यक्षता बीड़ की वरिष्ठ महिलाओं संतोष अबरोल, संतोष पाल और ईल्मा ठाकुर ने की। इस अवसर पर एशियन गेम्स खिलाड़ी हेम राज ठाकुर और नेशनल खिलाड़ी स्वेता ठाकुर को सम्मानित किया गया।

### भुलाना और दगोह में कल नहीं होगी बिजली

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विद्युत उपमंडल चढ़ियार के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में विद्युत लाइनों के साथ लगते पेड़ों की टहनियों की कटाई-छंटाई तथा आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य के चलते 11 जून को प्रातः 9 बजे से कार्य पूर्ण होने तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल चढ़ियार ई. ओम प्रकाश राणा ने बताया कि दगोह सेक्शन के 11 केवी फीडर के अंतर्गत आने वाले गांव भुलाना, ननवाड, जानस, दगोह, कपाड़ा, टंम्बर,दरूमका, बरालु मंझेहड़ा,इमुह, बड़, बरोटा, लोअर दगोह आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### सिक्योरिटी गार्ड पदों के साक्षात्कार 16 को

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** उपरोजगार कार्यालय इंदौरा में 16 जून को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के तहत सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर के 180 पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि ये भर्तियां एसआईएस इंडिया लिमिटेड, हमीरपुर द्वारा की जाएंगी। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास तथा आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 18 हजार से 24 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों को साक्षात्कार से पूर्व विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों, बायोडाटा और फोटो सहित प्रातः 11 बजे साक्षात्कार स्थल पर उपस्थित होना होगा।

# मानसून के दृष्टिगत आपदा प्रबंधन को लेकर नोडल अधिकारी होंगे नियुक्त : डीसी

## दुर्गम क्षेत्रों में राशन और दवाओं का भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा संभावित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। उपायुक्त कार्यालय परिसर स्थित एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ डीसी ने मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक की।

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी शिल्पी बेक्टा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि जिले के सभी उपमंडलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। उपायुक्त ने कहा


समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी हेमराज। अनंत ज्ञान

कि बरसात शुरू होने से पहले जिले में कूहलों, नालियों तथा अन्य जल निकासी तंत्रों की साफ-सफाई संबंधित विभागों की ओर से सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को प्रभावी जल निकासी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वर्षा जल का जमाव न हो तथा जलभराव एवं सड़कों को नुकसान जैसी स्थितियों से बचा जा सके। भू-स्खलन की दृष्टि से संवेदनशील सड़कों एवं अन्य स्थलों की पहचान कर उनकी सूची पूर्व में ही तैयार करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए गए हैं। साथ ही लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग तथा विद्युत विभाग को जेसीबी मशीनों, आवश्यक उपकरणों और अन्य संसाधनों को अग्रिम रूप से तैयार रखने के लिए कहा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। हेमराज बैरवा ने कहा कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को दुर्गम क्षेत्रों में आवश्यक खाद्य सामग्री का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य विभाग को जीवनरक्षक एवं आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जिला तथा उपमंडल स्तर पर आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि किसी भी आपदा संबंधी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। इसके अतिरिक्त सभी विभागों को मानसून अवधि के दौरान आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एकाग्रता परिश्रम और आत्मविश्वास जरूरी: पराशर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल शिक्षा समिति की ओर से आयोजित 'मेधावी छात्र सम्मान वर्ग-2026' का समापन समारोह सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर हिमरश्मि परिसर, विकासनगर, शिमला में गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

समारोह में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं, नीट, जेईई तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन संजय पराशर ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एकाग्रता, निरंतर परिश्रम तथा आत्मविश्वास अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि


'मेधावी छात्र सम्मान वर्ग-2026' का समारोह आयोजित। अनंत ज्ञान

विद्या भारती आज देश का एक अग्रणी शैक्षिक संगठन है, जो केवल शिक्षा ही नहीं अपितु संस्कार, चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का भी विकास कर रहा है।

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी निरंतर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित कर राष्ट्र का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा के सचिव तिलक, प्रदेश शिक्षा समिति के अध्यक्ष मोहन केशटा, महामंत्री सुरेश कपिल, संगठन मंत्री ज्ञान, विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के सह संगठन मंत्री बालकृष्ण, महामंत्री दिलाराम, सरस्वती विद्या मंदिर हिमरश्मि शिमला की प्रबंध समिति के अध्यक्ष कुशल आदि उपस्थित रहे। वहीं, मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

### हास्य का पात्र बने सीएम सुक्खू, 10 गारंटियां पूरी करें फिर विपक्ष को कोसें: चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी व पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया को-ऑर्डिनेटर रहे एडवोकेट विश्व चक्षु ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अब राजनीतिक गंभीरता छोड़कर हास्य का पात्र बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले 10 गारंटियां पूरी करें फिर विपक्ष को कोसें। मुख्यमंत्री को प्रदेश की जनता द्वारा दिए गए जनादेश का सम्मान करना चाहिए और अपनी ऊर्जा राजनीतिक बयानबाजी के बजाय विकास कार्यों में लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश आज वित्तीय संकट, बदहाल सड़क व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, शिक्षा क्षेत्र की चुनौतियों और बढ़ती बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन सरकार का पूरा ध्यान विपक्ष पर हमले करने में लगा हुआ है। प्रदेश की जनता उन गारंटियों के क्रियान्वयन का इंतजार कर रही है।

## एसडीएम व तहसील कार्यालय के संचालन का मार्ग प्रशस्त

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर।** परागपुर पंचायत के गढ़ में संयुक्त कार्यालय भवन के निर्माण के लिए राजस्व संबंधी सभी महत्वपूर्ण औपचारिकताएं अब पूरी हो गई हैं। भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया के तहत मंगलवार को अंतिम दानकर्ता के शेयर की रजिस्ट्री सरकारी नाम पर निष्पादित कर दी गई। यह रजिस्ट्री प्रक्रिया नायब तहसीलदार परागपुर बलविंदर सिंह और वसीका नवीस कमलेश शर्मा की देखरेख में संपन्न हुई, जिसमें राजस्व विभाग की ओर से ग्राम राजस्व अधिकारी कंचन पठानिया उपस्थित रहीं।दिनेश शर्मा के मुख्त्यारे आम ऋषि भारद्वाज ने अंतिम दानकर्ता की ओर से यह रजिस्ट्री करवाई।इस भवन के निर्माण से परागपुर क्षेत्र के निवासियों के लिए प्रशासनिक सेवाओं का सुलभ होना सुनिश्चित हो गया है।सबसे महत्वपूर्ण लाभ यह है कि परागपुर में प्रस्तावित एसडीएम कार्यालय इसी संयुक्त भवन में संचालित होगा।इसके साथ ही तहसील कार्यालय और अन्य संबंधित विभागीय कार्यालय भी एक ही छत के नीचे स्थापित किए जाएंगे।इस एकीकृत व्यवस्था से जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को विभिन्न सरकारी कार्यों के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और उन्हें एक ही परिसर में सभी प्रमुख प्रशासनिक सुविधाएं मिल सकेंगी।क्षेत्र के लोग इस विकास कार्य के पूर्ण होने की दिशा में बढ़ते कदमों से अत्यंत उत्साहित हैं।संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेने की प्रक्रिया भी वर्तमान में जारी है।

> 'तहसील कार्यालय के नाम सभी दानकर्ताओं द्वारा रजिस्ट्री पूर्ण करवा दी गई है और आज अंतिम बचे शेयर की रजिस्ट्री भी सफलतापूर्वक हो गई है। सरकार की ओर से तहसील कार्यालय भवन के निर्माण के लिए एक करोड़ 30 लाख रुपए की धनराशि भी स्वीकृत कर दी गई है।'
> **-बलविंदर पठानिया, नायब तहसीलदार, परागपुर।**

## नई ट्रेन नहीं, 100 साल पुरानी रेल को दिखाई हरी झंडी: अनुराग शर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल सेवा के आंशिक रूप से बहाल होने के बाद अब इसके उद्घाटन को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए सवाल उठाया कि वर्षों से चल रही कांगड़ा घाटी रेल को हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन करना किस प्रकार उचित है। उन्होंने कहा कि चक्की पुल क्षतिग्रस्त होने और रेलवे ट्रैक को हुए नुकसान के कारण रेल सेवा लंबे समय तक प्रभावित रही। पुल का निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद ट्रेन संचालन बहाल होने में देरी हुई। इस दौरान कांगड़ा घाटी रेलवे संघर्ष समिति लगातार आंदोलन करती रही और वे स्वयं भी समिति के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए थे। अनुराग शर्मा ने कहा कि पठानकोट से जोगिंद्रनगर तक पहले सात ट्रेनें संचालित होती थीं, जबकि वर्तमान में केवल दो ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि शेष ट्रेनों को भी जल्द शुरू करवाने के लिए रेलवे मंत्रालय से मुलाकात की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह रेल सेवा कांगड़ा घाटी के लोगों के लिए महत्वपूर्ण यातायात साधन है और जब तक सभी सात ट्रेनें पुनः शुरू नहीं हो जातीं, तब तक इस मुद्दे को लगातार उठाया जाता रहेगा।

### सीबीएसई संबद्धता के फैसले पर हो पुनर्विचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड पेंशनर्स कल्याण संघ ने राज्य सरकार से सरकारी स्कूलों को सीबीएसई से जोड़ने के निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। संघ ने कहा कि एचपी बोर्ड और सीबीएसई पाठ्यक्रम में विशेष अंतर नहीं है और इससे बोर्ड, कर्मचारियों और पेंशनरों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने पेंशन और सुविधाओं के भुगतान में देरी का भी उल्लेख किया और सरकार से एचपी बोर्ड के हितों की रक्षा करने की मांग की।

### किड्स किंगडम स्कूल में फ्रेशर पार्टी का आयोजन



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** किड्स किंगडम एलिमेंटरी स्कूल, नगरोटा बगवां में नर्सरी के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए जूनियर केजी और सीनियर केजी द्वारा भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गीत, नृत्य, फैंसी ड्रेस और कविताएं प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल द्वारा मिस फ्रेशर, मास्टर फ्रेशर और अन्य पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ और अंत में निदेशक अनुराग गुप्ता ने बच्चों के साथ केक काटकर सभी को शुभकामनाएं दीं।

### नड्डी स्कूल बना ओवरऑल विजेता

**अनंत ज्ञान, गगल।** माउंट कार्मल स्कूल गगल में सीआईएससीई जोनल स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस का शुभारंभ माउंट कार्मल स्कूल के प्रबंधक फादर पॉल व फादर अब्राहम तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य सिस्टर टीना द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ओवरऑल ट्रॉफी सहजा इंटरनेशनल स्कूल नड्डी ने अपने नाम की, जबकि माउंट कॉमर्स स्कूल गगल रनरअप रहा।

### भूकंप से मकानों को नुकसान, 15 को मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पिछले दिनों आए भूकंप के झटकों से जिले में कच्चे व पक्के मकानों को नुकसान पहुंचा है। इस दौरान 25 कच्चे पर पक्के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिससे 4 लाख से अधिक के नुकसान का आकलन किया गया है। एडीएम जिला कांगड़ा शिल्पी बेकटा ने बताया कि 5 मई को आए भूकंप के झटकों से शाहपुर के अंतर्गत पांच पक्के और 20 कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचा है, जिससे 4 लाख रुपए से अधिक के नुकसान का आकलन किया गया है। शाहपुर उपमंडल में सबसे अधिक नुकसान हुआ है, इसी कड़ी में 15 जून को प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशभर में मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लैंडस्लाइड, भूकंप जैसी स्थितियों से निपटने बारे मॉकड्रिल की जाएगी। इसमें सभी विभागों का सहयोग लिया जाएगा।

### 4 युवाओं का वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के लिए चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार) के तहत मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांगड़ा जिले के चार युवाओं का चयन विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के लिए हुआ है। उप निदेशक मेरा युवा भारत ध्रुव डोगरा ने बताया कि नूरपुर की तम्मना और राहुल, तथा पालमपुर की दीपिका राणा और शगुन चौधरी का चयन इस कार्यक्रम के लिए किया गया है। ये सभी युवा 14 जून से उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में आयोजित होने वाले 7 दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### नूरपुर पुलिस ने लिए दो आदतन अपराधी हिरासत में

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर ने नशा तस्करी के खिलाफ अभियान को तेज करते हुए दो आदतन अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की है। गृह विभाग हिमाचल प्रदेश ने एनडीपीएस एक्ट के तहत निवारक निरोध आदेश जारी कर दोनों आरोपियों को 3 माह के लिए जिला जेल धर्मशाला भेज दिया है। पहला आरोपी विवेक चौधरी (ग्राम घार, हरसर, जवाली) के खिलाफ 2019 से 2025 के बीच 6 मामले दर्ज हैं, जिनमें हेरोइन और चरस की बरामदगी हुई है। दूसरा आरोपी जनक राज उर्फ काबुआ (इंदौरा) के खिलाफ भी 6 मामले दर्ज हैं, जिसमें नशा पदार्थ और नकदी बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक नूरपुर ने पुष्टि की है।

हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने धर्मशाला में पत्रकार वार्ता के दौरान

### मुख्यमंत्री पर भारती की टिप्पणी निंदनीय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व सीपीएस नीरज भारती द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर लगाए गए आरोपों को झूठा और निराधार बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। मनोज ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और अधिकारियों को पारदर्शिता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के बयान राजनीतिक उद्देश्य से दिए जा रहे हैं और विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की लोकप्रियता कुछ लोगों को स्वीकार नहीं हो रही, लेकिन 2027 में कांग्रेस सरकार फिर से सत्ता में आएगी।



## न्यूज ब्रीफ

### 30 तक बंद रहेगी लंबलू-डबरेड़ा सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** लंबलू-डबरेड़ा सड़क के अपग्रेडेशन के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 30 जून तक बंद रहेगा। जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि लंबलू-डबरेड़ा सड़क के अपग्रेडेशन कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए उक्त सड़क पर वाहनों की आवाजाही 30 जून तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक लंबलू-सिकंदर सड़क या हमीरपुर-भोरंज सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

### बाहन्वीं पंचायत में 53 लोगों ने किया रक्तदान




**अनंत ज्ञान, जाहू।** नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत बाहन्वीं के गठन के उपलक्ष्य में मुख्य चौक बाहन्वीं में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की टीम ने रक्त संग्रहण किया। कुल 53 लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया, जिनमें 23 युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया। शिविर के सफल आयोजन में सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक सतीश शर्मा एवं स्थानीय युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पंचायत प्रधान अच्युत तथा रिंकू जरियाल ने सभी रक्तदाताओं, आयोजकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए रक्तदान को महादान बताया।

### हमीरपुर में 11 जून को लघु रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में 11 जून को सुबह 10 बजे लघु रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न कंपनियां 445 पदों के लिए साक्षात्कार लेंगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि माइक्रोटेल गियर्स लिमिटेड 300, एचएमसी-ई वैली प्राइवेट लिमिटेड 45 तथा एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर 100 पदों पर भर्ती करेगी। चयनित उम्मीदवारों को 14 हजार से 24 हजार रुपए तक मासिक वेतन और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। पात्र एवं पंजीकृत अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### विशेष बच्चों को भेंट किए टिल्ट टेबल




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** इनरव्हील क्लब हमीरपुर ने पहचान स्पेशल स्कूल हमीरपुर में अध्ययनरत विशेष बच्चों के लाभार्थ एक टिल्ट टेबल भेंट की गई। यह उपकरण विशेष रूप से सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी है। टिल्ट टेबल की सहायता से बच्चों की शारीरिक स्थिति में सुधार, संतुलन विकसित करने तथा मांसपेशियों को मजबूत बनाने में सहायता मिलती है। क्लब की अध्यक्ष इन्दा चौहान ने कहा कि इनर व्हीलक्लब समाज के जरूरतमंद वर्गों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहता है। संस्था की फाउंडर चेतना शर्मा ने इनरव्हील क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह टिल्ट टेबल सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों के पुनर्वास एवं थेरेपी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### कैप्टन अमीं चंद के निधन पर शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की धमरोल पंचायत के पन्हौं गांव निवासी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता कैप्टन अमीं चंद का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन कांग्रेस परिवार और क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को संबल देने की प्रार्थना की। कैप्टन अमीं चंद को एक सरल, मिलनसार और जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के रूप में याद किया गया।

# केंद्र प्रायोजित स्कीमों में अधिक बजट लाने के लिए करें काम: अनुराग ठाकुर

## सांसद ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में दिए निर्देश

अनंत ज्ञान



बैठक की अध्यक्षता करते सांसद अनुराग ठाकुर। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हमीर भवन में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

अनुराग ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं व विकासात्मक परियोजनाओं में जिले के लिए अधिक से अधिक बजट लाने के लिए तत्परता के साथ कार्य करें, अगर किसी योजना के क्रियान्वयन में कोई समस्या आ रही है या उसमें किसी सुधार की आवश्यकता है तो अपना फीडबैक एवं सुझाव भी दें। उन्होंने कहा कि हर विभाग अपनी कार्य प्रणाली में कम से कम एक छोटी सी सकारात्मक पहल करेगा तो उससे बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि रोगों के इलाज के साथ-साथ विभाग को ओवरऑल हेल्थ एवं रोगों से रोकथाम की दिशा में भी कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने जिले में संचालित किए नशा उपचार केंद्रों और टीबी मुक्त अभियान की ताजा स्थिति की जानकारी भी ली तथा जोल सप्पड़ में मेडिकल कॉलेज के नए परिसर के निर्माण की रिपोर्ट भी तलब की। सांसद ने जल शक्ति विभाग को जिले में सिंचाई योजनाओं की स्थिति और इनके माध्यम से किसानों की आर्थिकी में आए बदलाव की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने तथा जिले में अधिक से अधिक चेकडैम बनाने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश भी दिए। अनुराग ने शिमला-मटौर फोरलेन हाईवे, हमीरपुर बाईपास और हमीरपुर-अवाहदेवी-मंडी नेशनल हाईवे, पीएम सूर्या घर योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, महिला एवं बाल विकास योजनाओं, शिक्षा, कृषि, शहरी विकास, ग्रामीण विकास और विभिन्न विभागों की अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को इस सीजन में वन संपदा को आग से बचाने और मॉनसून सीजन में अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए भी प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीसी गंधर्वा राठौड़ ने सांसद और दिशा के अन्य सदस्यों का स्वागत किया और बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की अनुपालना का आश्वासन दिया।

# अनुराग ने हिमाचल के 6 वीरता पदक विजेताओं को दी बधाई

## सांसद ने समीरपुर में पूर्व सैनिकों से भी की भेंट



अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा वीरता पुरस्कारों से सम्मानित हिमाचल प्रदेश के छह वीर सपूतों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने स्क्वाड्रन लीडर अर्शदीप सिंह ठाकुर को वीर चक्र, मेजर अंशुल बाल्टू, कैप्टन योगेंद्र सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कमांडर सूरज पराशर तथा अमर बलिदानी लांस दफादार बलदेव चंद को शौर्य चक्र से सम्मानित किए जाने को प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि के साथ-साथ वीरभूमि भी है। प्रदेश के युवाओं ने सदैव देश की सुरक्षा, अखंडता और सम्मान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि इन वीर जवानों ने कठिन परिस्थितियों में अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति का परिचय देकर पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। यह सम्मान केवल सैनिकों और उनके परिवारों का नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का सम्मान है। उन्होंने पूर्व सैनिकों के योगदान को भी सराहते हुए उन्हें राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताया। वहीं, समीरपुर में पूर्व सैनिकों से भेंट भी की।

## खरिंगण गांव में सड़क से अतिक्रमण को हटाने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** विकासखंड भोरंज की पपलाह पंचायत के खरिंगण गांव के ग्रामीणों ने सार्वजनिक सड़क पर किए गए कथित अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर एसडीएम भोरंज को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क की पैमाइश करवाकर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग उठाई है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि खरिंगण गांव की यह सड़क करीब 30 वर्ष पहले निर्मित की गई थी। बाद में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा वर्ष 2015 और 2020 में इसकी मरम्मत और सुधार कार्य भी किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों ने सड़क किनारे लोहे के खंभे और तारबाड़ लगाकर रास्ते को संकरा कर दिया है, जिससे आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, यह गांव की मुख्य संपर्क सड़क है और इसी मार्ग से स्कूली बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग तथा अन्य ग्रामीण प्रतिदिन आवागमन करते हैं। सड़क संकरी होने के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस और अन्य राहत वाहनों के लिए भी मार्ग बाधित हो सकता है। ज्ञापन में कहा गया है कि सार्वजनिक सड़क को किसी भी प्रकार से बाधित करना जनहित के खिलाफ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की टीम भेजकर सड़क की पैमाइश करवाई जाए और यदि अतिक्रमण पाया जाता है तो उसे तुरंत हटाया जाए। एसडीएम भोरंज को सौंपे गए ज्ञापन पर केशव राम, प्रतिभा शर्मा, प्रेम लता, उर्मिला, सुशील कुमार, वीना देवी, सुजाता देवी, हेमलता, उर्मिला देवी, सपना शर्मा, लता देवी, कमलेश शर्मा, आशा देवी, रीना कुमारी और विद्या देवी सहित कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

## अपग्रेड सीएचसी धनेटा में स्टाफ व सुविधाएं करवाई जाएं उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सामाजिक संस्था सर्व मंगल सभा धनेटा ने पीएचसी को अपग्रेड किए जाने की नोटिफिकेशन के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का धन्यवाद करते हुए आग्रह किया है कि बढ़े हुए दर्जे के मुताबिक अस्पताल में स्टाफ उपलब्ध करवाया जाए, ताकि लोगों को सहूलियत मिल सके। सभा के प्रतिनिधिमंडल ने सीएचसी धनेटा का दौरा किया व व्यवस्थाओं की जानकारी हासिल की। प्रतिनिधि मंडल में सभा के संस्थापक पीडी शर्मा, उपाध्यक्ष विजय कुमार शर्मा, महामंत्री देशराज शीतल, कोषाध्यक्ष बंशी लाल शर्मा और सतीश कुमार शर्मा शामिल थे। सभा के महामंत्री देशराज शीतल ने बताया कि सभा का मुख्य उद्देश्य सीएचसी में 24x7 सेवाओं की कार्य योजना के विकास के बारे में बातचीत करना था। उन्होंने कहा कि दर्जा बढ़ने से क्षेत्र के लोगों को 24 घंटे स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध होगी। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि दर्जे के अनुसार अस्पताल में सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं और स्टाफ की शीघ्र तैनाती की जाए।

# बाहन्वीं पंचायत के तीन गांवों में पेयजल संकट

## चक्का जाम की दी चेतावनी, कर्मचारियों पर पानी का सही वितरण न करने का लगाया आरोप

अनंत ज्ञान




**जाहू।** भोरंज उपमंडल की बाहन्वीं पंचायत के नड़ोह, झंडवी और बाहन्वीं गांवों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि अगले दो-तीन दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय, भोरंज के प्रवेशद्वार पर चक्का जाम किया जाएगा।

पंचायत के उपप्रधान कमलजीत तथा ग्रामीण राजपाल, अशोक कुमार, कर्मवीर, जगदीश, रवि कुमार और कश्मीर सिंह ने बताया कि पानी की टंकी से जल वितरण सही ढंग से न होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि कर्मचारियों द्वारा पानी का उचित वितरण नहीं किया जा रहा, जिसके चलते नड़ोह, बाहन्वीं और झंडवी गांवों में पेयजल की गंभीर किल्लत बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे स्थानीय विधायक सुरेश कुमार से भी मिल चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। उनका कहना है कि जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता को कई बार समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों के अनुसार बाहन्वीं पंचायत को जिस टैंक से पानी की आपूर्ति की जाती है, उसकी क्षमता लगभग 35 हजार लीटर है, जबकि इसी टैंक से नौ गांवों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। उनका कहना है कि विभाग द्वारा नए पानी के टैंकों का निर्माण तो किया जा रहा है, लेकिन उन्हें अभी तक मुख्य पाइपलाइन से नहीं जोड़ा गया है। ऐसे में केवल टैंक निर्माण से समस्या का समाधान संभव नहीं है जब तक उनमें नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित न की जाए।

### पेयजल स्रोत में पानी की कमी के कारण आपूर्ति प्रभावित: मनीष

**जलशक्ति** विभाग के कनिष्ठ अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि विभाग के पास अब तक किसी प्रकार की लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से स्रोत में पानी की कमी के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे तीन-चार दिनों तक दिक्कत हो सकती है। हालांकि यदि आगे भी समस्या बनी रहती है तो विभाग आवश्यक कदम उठाकर उसका समाधान करेगा।

### तकनीकी विवि की प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

# बीटेक में केशव और बी फार्मेसी में रिधिमा प्रथम

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने प्रवेश परीक्षा (एचपीसीईटी-2026) का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा में इस वर्ष 9044 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें से 8584 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी थी। बीटेक की प्रवेश परीक्षा में केशव जसवाल ने 600 में से 493 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया है। बीटेक की प्रवेश परीक्षा में कुल 4973 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। वहीं, बी फार्मेसी में 2680 अभ्यर्थियों में से रिधिमा ने 600 में से 552 अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया है।

एमबीए की प्रवेश परीक्षा में मोहम्मद इरफान ने 300 में से 218 अंक लेकर पहला स्थान प्राप्त किया। एमबीए की प्रवेश परीक्षा में कुल 263 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। एमसीए में रितिक ने 300 में से 250 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। एमबीए पर्यटन में पल्लवी ठाकुर ने 300 में से 208 अंक हासिल कर प्रथम रही। एमएससी भौतिक विज्ञान में धीरज ने 100 में से 34.50 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। पर्यावरण विज्ञान में पहले स्थान पर रहे आदित्य ने 100 में से 42 अंक प्राप्त किए। बीएससी एचएमसीटी में राशि शर्मा ने 100 में से 71.75 अंक और बीएचएमसीटी में सक्षम ने 100 में से 52.75 अंक प्राप्त किए। तकनीकी विवि के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक अनुपम कुमार ठाकुर ने कहा कि नौ व 10 मई को प्रवेश परीक्षा प्रदेश के 16 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की थी। उन्होंने कहा कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम तकनीकी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

प्रवेश परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी वहां अपना परिणाम देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही काउंसलिंग प्रक्रिया के लिए आवेदन करने की ऑनलाइन प्रक्रिया संबंधित अधिसूचना जारी की जाएगी।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संगठन ने लंबित मांगों पर जताया रोष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संगठन की आपात बैठक हमीरपुर में संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके परिवारों से जुड़े लंबित मुद्दों पर निगम प्रबंधन द्वारा कोई संतोषजनक समाधान न किए जाने पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। संगठन ने आरोप लगाया कि बार-बार लिखित एवं व्यक्तिगत अनुरोधों के बावजूद भी प्रबंधन ने मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है और लगातार टालमटोल का रवैया अपनाया जा रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि निगम प्रशासन को 15 दिन का नोटिस भेजा जाएगा और मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की जाएगी। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में मांगें नहीं मानी गईं तो पूरे राज्य में रैली, धरना और प्रदर्शन किए जाएंगे।

# कश्मीर मान खड्ड में प्रस्तावित खनन लीज रिन्यूअल को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

## जिला प्रशासन और खनन विभाग के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**◆ कहा- खनन से लगातार जलस्तर नीचे गिर रहा**

अनंत ज्ञान



लोगों ने जिला प्रशासन व खनन विभाग के खिलाफ की नारेबाजी। अनंत ज्ञान

**गलोड़।** कश्मीर मानखड्ड में प्रस्तावित खनन लीज के नवीनीकरण को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हुए और जिला प्रशासन व खनन विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों की अनदेखी की जा रही है, जिससे क्षेत्र का पर्यावरण और लोगों की आजीविका गंभीर संकट में पड़ गई है।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लगातार खनन से भूजल स्तर नीचे जा रहा है और मानखड्ड, जो कभी जीवनदायिनी था, अब सूखने की कगार पर है। किसानों की उपजाऊ भूमि भी बंजर हो रही है, जिससे खेती पर बड़ा असर पड़ा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि लीज का नवीनीकरण किया गया तो 11 गांवों के लोग बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

लोगों ने आरोप लगाया कि संयुक्त निरीक्षण की सूचना उन्हें नहीं दी जाती। एसडीएम निशांत शर्मा और तहसीलदार गलोड़ केशव कुमार ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया और आश्वासन दिया कि सभी पक्षों और तथ्यों को ध्यान में रखकर ही लीज रिन्यूअल पर निर्णय लिया जाएगा।

वहीं, प्रतिवादी सोमनाथ शर्मा ने संबंधित भूमि को अपने परिवार की निजी व खरीदी हुई संपत्ति बताते हुए नियमानुसार लीज नवीनीकरण की मांग की तथा कुछ लोगों पर पैसे मांगने के आरोप लगाए। अब सभी की नजर जिला प्रशासन और खनन विभाग के अगले फैसले पर टिकी हुई है।

# कुठार-दियोटसिद्ध सड़क पर खर्च होंगे 37 करोड़

अनंत ज्ञान



**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महत्वपूर्ण कुठार-दियोटसिद्ध सड़क मार्ग के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्य पर लगभग 37 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह परियोजना क्षेत्र की प्रमुख सड़क योजनाओं में शामिल है, जिसके पूरा होने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ दियोटसिद्ध आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध होगी। जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण कार्य को दो चरणों में पूरा किया जाएगा।

पहले चरण में कुठार से सोहारी तक सड़क के सुधार और सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। वहीं दूसरे चरण में सोहारी से दियोटसिद्ध तक सड़क का उन्नयन किया जाएगा, जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। उम्मीद है कि अगले 8 से 10 दिनों में टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस हिस्से का कार्य भी युद्धस्तर पर शुरू कर दिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक पूरी सड़क परियोजना लगभग एक वर्ष में तैयार हो जाएगी। सड़क के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा तथा उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दियोटसिद्ध पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भी बेहतर और सुरक्षित सड़क सुविधा मिलेगी। पीडब्ल्यूडी बड़सर के अधिशाषी अभियंता (एक्सईएन) डीसी ठाकुर ने बताया कि 37 करोड़ रुपए की इस परियोजना का कार्य दो चरणों में किया जा रहा है तथा दूसरे चरण की टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी होने की संभावना है।

**बैठक** आपदा की आशंका वाले स्थान चिन्हित करें, मशीनरी और अन्य संसाधन तैयार रखें

# मानसून सीजन के लिए जरूरी प्रबंध करें विभाग: डीसी

अनंत ज्ञान



डीसी गंधर्वा राठौड़ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से एसडीएमए के साथ की बैठक। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने जिला के सभी प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों को आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर ऐहतियात के तौर पर आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

मानसून सीजन के दौरान किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों के संबंध में मंगलवार को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक के बाद डीसी ने जिला के अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान कहा कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में बाढ़, जलभराव और भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों को पहले ही चिह्नित कर लें और लोक निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों की मशीनरी तथा अन्य संसाधनों की मैपिंग करें। होमगार्ड्स, पुलिस और स्थानीय वालंटियर्स की टीमों को आवश्यक उपकरणों सहित तैयार रखें। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने संसाधनों की सूची डीडीएमए को प्रेषित करें, ताकि किसी भी तरह की आपात स्थिति के दौरान इनका उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिले भर में सड़कों, भवनों और सार्वजनिक स्थानों के आसपास सूखे एवं खतरनाक पेड़ तुरंत हटाए जाने चाहिए। वन विभाग ने भी ऐसे लगभग 450 पेड़ चिह्नित किए हैं। इन्हें हटाने के लिए सभी संबंधित विभाग संयुक्त रणनीति तैयार करें। उपायुक्त ने कहा कि सभी शहरी क्षेत्रों एवं सड़कों के किनारे की नालियों और नालों की सफाई के लिए 20 जून तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जल शक्ति विभाग पेयजल स्रोतों की सफाई सुनिश्चित करे तथा ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरिनेशन की सामग्री का पर्याप्त स्टॉक रखे। स्वास्थ्य विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग भी आवश्यक दवाइयों तथा खाद्य वस्तुओं का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करें। जल जनित रोगों और सर्पदंश इत्यादि से बचाव के प्रति भी आम लोगों को जागरुक किया जाना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि डीडीएमए की ओर से जारी किए जाने वाले मौसम के पूर्वानुमानों, चेतावनियों और एडवायजरी से संबंधित संदेश तुरंत आम लोगों तक पहुंचाए जाने चाहिए। जिले में कहीं पर भी होने वाले नुक्सान की रिपोर्ट भी तुरंत जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर में पहुंचनी चाहिए।

टॉल फ्री नंबर 1077 पर भी सूचना दी जा सकती है। बैठक में आपदा प्रबंधन से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर एडीसी अभिषेक गर्ग ने विभिन्न प्रबंधों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में एसपी बलवीर सिंह, एसडीएम हमीरपुर संजीत सिंह और अन्य अधिकारियों के अलावा अन्य उपमंडलों के एसडीएम ने भी वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।

# चंदरुही कस्बे में सड़क पर पड़ी बीएसएनएल की तार बनी खतरा, बाइक सवार हादसे का शिकार

अनंत ज्ञान



सड़क पर पड़े तार को उठाता व्यक्ति। अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज उपमंडल के चंदरुही कस्बे में पिछले करीब दो माह से सड़क पर गिरी बीएसएनएल की तार राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार इस समस्या की ओर ध्यान दिलाए जाने के बावजूद अभी तक तार को सड़क से हटाकर सुरक्षित नहीं किया गया है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।

इसी लापरवाही के कारण एक बाइक सवार संजय कुमार दुर्घटना का शिकार हो गया। जानकारी के अनुसार, सड़क पर पड़ी बीएसएनएल की तार में बाइक फंस जाने से चालक संतुलन खो बैठा और बाइक सहित सड़क पर गिर गया। हादसे में बाइक सवार को मामूली चोटें आईं, जबकि बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बाइक सवार की सहायता की और उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। कक्कड़ पंचायत के वार्ड पंच मनोज शर्मा ने बताया कि यह तार पिछले लगभग दो महीनों से सड़क पर गिरी हुई है। उन्होंने कहा कि सड़क से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालक विशेष रूप से इससे प्रभावित हो रहे हैं और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

स्थानीय लोगों ने भी इस समस्या को लेकर चिंता बनी हुई है। मनोज शर्मा ने संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क पर पड़ी तार को शीघ्र हटाकर पोल पर सही तरीके से बांधा जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो। उन्होंने कहा कि विभाग को जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का तुरंत समाधान करना चाहिए।

स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन और बीएसएनएल विभाग से जल्द कार्रवाई करने की अपील की है, ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। फिलहाल सड़क पर पड़ी तार के कारण क्षेत्र में दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

# टूटी कांच की बोतलों से भरी अस्पताल पार्किंग

## नेरचौक मेडिकल कॉलेज में शुल्क वसूली जारी, लेकिन पार्किंग में सफाई और रखरखाव बदहाल

अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान मुद्दा

**विजय कुमार, हटगढ़।** श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, नेरचौक की पार्किंग व्यवस्था इन दिनों अव्यवस्थाओं के कारण चर्चा का विषय बनी हुई है। अस्पताल परिसर में स्थित पार्किंग स्थल पर कई स्थानों पर शराब एवं अन्य पेय पदार्थों की खाली तथा टूटी हुई कांच की बोतलें बिखरी पड़ी हैं, जिससे न केवल परिसर की स्वच्छता प्रभावित हो रही है बल्कि मरीजों, तीमारदारों और वाहन चालकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है।

पार्किंग का उपयोग करने वाले लोगों का कहना है कि वाहन खड़ा करने के लिए निर्धारित शुल्क लिया जाता है, लेकिन इसके अनुरूप सफाई और रखरखाव की व्यवस्था दिखाई नहीं देती। जगह-जगह फैली टूटी हुई कांच की बोतलें कभी भी किसी दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। इसके अतिरिक्त पार्किंग क्षेत्र में फैला कूड़ा-कर्कट और दुर्गंधयुक्त अपशिष्ट वातावरण को भी प्रभावित कर रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस स्थिति पर नियंत्रण नहीं किया गया तो यहां असामाजिक गतिविधियों के पनपने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

### अंधेरे क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर चिंता



**पार्किंग** के कुछ हिस्सों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने की शिकायतें भी सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय कई क्षेत्र अंधेरे में डूबे रहते हैं, जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ जाती हैं। लोगों ने पार्किंग क्षेत्र में अतिरिक्त हाईमास्ट या एलईडी लाइटें लगाने तथा नियमित निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।

### प्रबंधन से सुधारात्मक कदम उठाने की मांग

**अस्पताल** में प्रतिदिन हजारों मरीज और उनके परिजन विभिन्न क्षेत्रों से उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में पार्किंग क्षेत्र की स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं का बेहतर होना अत्यंत आवश्यक है। लोगों ने अस्पताल प्रशासन एवं पार्किंग प्रबंधन से मांग की है कि पार्किंग स्थल में नियमित सफाई अभियान चलाया जाए, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा गंदे पानी के रिसाव और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि अस्पताल आने वाले लोगों को सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### गंदे पानी के रिसाव से बढ़ रही दिक्कतें

**पार्किंग** क्षेत्र में गंदे पानी के रिसाव और जलभराव की समस्या भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। कई स्थानों पर पानी जमा रहने से वाहन चालकों और पैदल आने-जाने वालों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर रूप धारण कर सकती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है।

# फंगवास के कटेरू गांव में अचानक लगी खड़ी कार में आग, स्थानीय लोगों ने बुझाई

अनंत ज्ञान



कटेरू गांव के समीप सड़क किनारे खड़ी कार में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते स्थानीय लोग। अनंत ज्ञान

**राजेंद्र कुमार, जय देवी।** ग्राम पंचायत फंगवास के अंतर्गत कटेरू गांव में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब सड़क किनारे खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीले रंग की रेनॉल्ट क्विड (एचपी-65बी-4321) कटेरू-दयार जंगल के समीप कटेरू-पौड़ाकोठी सड़क से लगभग 100 मीटर की दूरी पर खड़ी थी। इसी दौरान अचानक वाहन से धुआं उठता दिखाई दिया और देखते ही देखते कार आग की लपटों से घिर गई। कार में आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पानी की बाल्टियों और अन्य उपलब्ध साधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आग आसपास के क्षेत्र में फैलने से बच गई। घटना के दौरान क्षेत्र में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बना रहा, वहीं बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना में वाहन को नुकसान पहुंचा है, हालांकि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। आग लगने के वास्तविक कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो नुकसान और अधिक हो सकता था। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# 57.79 ग्राम चिट्टा और 3.81 ग्राम अफीम संग दो गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** थाना बल्ह पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 57.79 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) तथा 3.81 ग्राम अफीम बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना बल्ह में एनडीपीएस अधिनियम एवं धारा 281 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जून की सायंकाल एक सड़क दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों को वाहन चालक और उसके साथ मौजूद युवती के नशे की हालत में होने तथा वाहन में संदिग्ध नशीले पदार्थ होने का संदेह हुआ। सूचना मिलते ही थाना बल्ह पुलिस मौके पर पहुंची और नियमानुसार वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से 57.79 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) तथा 3.81 ग्राम अफीम बरामद की गई।

इसके अलावा नशे के सेवन में प्रयुक्त होने वाली अन्य संदिग्ध सामग्री भी पुलिस ने कब्जे में ली है। पुलिस ने मामले में वाहन चालक यशपाल निवासी तहसील बल्ह, जिला मंडी तथा शबनम निवासी धर्मपुर, जिला मंडी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है तथा मामले की आगामी जांच जारी है।

# मंडी में बिजली चोरी पकड़ी, बोर्ड ने ठोका 52,802 रुपए का जुर्माना

अनंत ज्ञान

- मेन लाइन से सीधे जोड़ रखा था कनेक्शन
- विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई की चेतावनी

**ब्यूरो, मंडी।** राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के विद्युत उपमंडल मंडी-3 की टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक उपभोक्ता को बिजली चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा है। मामले में बोर्ड ने संबंधित उपभोक्ता पर 52,802 रुपए का जुर्माना लगाया है। विद्युत बोर्ड की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उपमंडल मंडी-3 के अंतर्गत आने वाले नरसोटे क्षेत्र के बरसवान गांव में सहायक अभियंता अमित ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता मुकेश चंद तथा उनकी टीम ने औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एक उपभोक्ता ने मुख्य विद्युत लाइन (मेन लाइन) से सीधे तार जोड़कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रखा था। इससे विद्युत बोर्ड को आर्थिक नुकसान पहुंच रहा था। बिजली चोरी का मामला सामने आने के बाद विद्युत उपमंडल मंडी-3 के सहायक अभियंता रविंद्र राणा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित उपभोक्ता पर 52,802 रुपये का जुर्माना लगाया। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी एक गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। उन्होंने बताया कि विद्युत अधिनियम की धारा-135 के तहत बिजली चोरी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ कारावास का प्रावधान भी है।

उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे वैध विद्युत कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें व किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचें। रविंद्र राणा ने बताया कि प्रदेश में पुराने मीटरों को चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट मीटरों से बदला जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिलने के साथ-साथ बिजली चोरी पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

# हरिबैहना पंचायत कार्यालय में चोरी, मनरेगा रिकॉर्ड सहित कंप्यूटर डेस्कटॉप ले उड़े चोर

अनंत ज्ञान

- ताला तोड़कर पंचायत कार्यालय में घुसे चोर
- महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज गायब होने से प्रशासन में हड़कंप

**सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत हरिबैहना के पंचायत कार्यालय में चोरी की वारदात सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। चोर पंचायत कार्यालय का ताला तोड़कर अंदर घुसे और मनरेगा सहित विभिन्न विकास योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण सरकारी अभिलेखों के साथ एक कंप्यूटर डेस्कटॉप भी चोरी कर ले गए।



घटना के बाद पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मचारियों में चिंता का माहौल है, क्योंकि चोरी हुए दस्तावेज पंचायत के प्रशासनिक एवं विकास कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण रिकॉर्ड बताए जा रहे हैं। पंचायत सचिव मनोहर लाल द्वारा पुलिस थाना सरकाघाट में दर्ज करवाई गई शिकायत के अनुसार 7 जून की रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने पंचायत कार्यालय का ताला तोड़कर कार्यालय में प्रवेश किया। चोर यहां से मनरेगा से संबंधित आवश्यक रजिस्टर, फाइलें, माप पुस्तिकाएं, कैश बुक, जॉब कार्ड रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर तथा विभिन्न विकास योजनाओं से संबंधित रिकॉर्ड अपने साथ ले गए। इसके अतिरिक्त कार्यालय में रखा एक कंप्यूटर डेस्कटॉप भी चोरी कर लिया गया। चोरी की जानकारी मिलने के बाद पंचायत कर्मियों ने कार्यालय का निरीक्षण किया तो दस्तावेज बिखरे हुए पाए गए और कई महत्वपूर्ण अभिलेख गायब मिले।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत कार्यालयों में रखे सरकारी रिकॉर्ड आम जनता से जुड़े विकास कार्यों और योजनाओं के संचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में इन दस्तावेजों की चोरी से पंचायत के कार्य प्रभावित हो सकते हैं। लोगों ने प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द आरोपियों की पहचान कर चोरी हुए रिकॉर्ड और उपकरण बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(4) एवं 305 के तहत अभियोग संख्या 93/26 दर्ज कर लिया है।

पुलिस आसपास के क्षेत्र में जांच कर रही है तथा संदिग्ध गतिविधियों से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है। मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने बताया कि पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

# नहर में कूदे युवक का अभी तक नहीं मिला शव

**अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** बीएसएल (बीबीएमबी) परियोजना की नहर में कूदे युवक का मंगलवार दूसरे दिन भी शव नहीं मिला है। खबर लिखे जाने तक लगभग पूरा दिन बीत जाने के बाद भी एसडीआरएफ का एक दल अपने आधुनिक यंत्रों के साथ नहर में डटे हुए थे।

आत्महत्या करने वाला युवक जिसका नाम 22 वर्षीय आशीष (आशू) जो गांव खत्रवाड़ी से संबंधित बताया जाता है ने सोमवार को मसोह नामक स्थान से नहर में कूद कर जान दे दी। इस बात का पता तब चला जब इस युवक ने अपनी बहन को फोन करके कहा कि वह बड़े तनाव में है और अब मरने जा रहा है। यह सुनकर बहन की घबराहट बढ़ गई और उसने यह सब परिजनों को बता दिया। पुलिस थाना बीएस एल (बीबीएमबी) कालॉनी ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर आगामी छानबीन जारी रखी है।

## न्यूज ब्रीफ

### नशा मुक्त हिमाचल के लिए प्रयास जारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** विकास खंड सुंदरनगर में खंड विकास अधिकारी नियोन धैर्य शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को 'भांग उखाड़ो अभियान' के तहत जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनआरएलएम के अंतर्गत गठित 'संकल्प' क्लस्टर स्तरीय संगठन (सीएलएफ) की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अवैध रूप से उगाई गई भांग को उखाड़कर नशा उन्मूलन का संदेश दिया। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र को नशा मुक्त बनाना और लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना रहा। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि जनभागीदारी से ऐसे अभियानों को मजबूती मिलती है। पुलिस विभाग के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा और महिलाओं ने भविष्य में भी सामाजिक जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय रहने का संकल्प लिया।

### एआरओ को 31 जुलाई तक आवेदन का अवसर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी विवेक कायस्थ ने बताया कि 'समाधान समारोह' के अंतर्गत मामलों को प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 31 जुलाई कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह निर्णय अधिक से अधिक वादकारियों और एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड (एआरओ) की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि इच्छुक वादकारी एवं एआरओ अपने मामलों को भारत के सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध SAMADHAN SAMAROH टैब के माध्यम से ऑनलाइन गूगल फॉर्म भरकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके लिए लिंक httpsÑ//forms.gle/woYFFEphlpgiTQlul उपलब्ध है। उन्होंने सभी संबंधितों से इस विस्तारित अवधि का लाभ उठाने की अपील की।

### अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव 16 जून को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के निर्वाचन के लिए 16 जून, 2026 को विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उपमंडलाधिकारी (ना.) सरकाघाट एवं निर्वाचन पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र कुमार गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 2015 के तहत नियम 89(1) (संशोधित) के अनुसार नवनिर्वाचित पार्षदों को बैठक में उपस्थित होने की औपचारिक सूचना जारी कर दी गई है। यह बैठक नगर परिषद सरकाघाट के बैठक कक्ष में प्रातः 11:30 बजे आयोजित होगी। बैठक में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के लिए नामांकन, निर्वाचन तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं नियमानुसार संपन्न करवाई जाएंगी। उपमंडलाधिकारी ने सभी पार्षदों से समय पर उपस्थित रहने की अपील की है और बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाई जाएगी।

# ऋण वितरण में तेजी लाएं बैंक : उपायुक्त

## अपूर्व देवगन ने योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर दिया जोर

अनंत ज्ञान





बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अपूर्व देवगन। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में बैंकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति (डीएलसीसी) की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने बैंक अधिकारियों और विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि जिले के आर्थिक विकास को गति देने के लिए स्वरोजगार योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड तथा महिला स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता देते हुए ऋण वितरण में तेजी लाई जाए। उपायुक्त ने बैंकर्स से डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा, ताकि जरूरतमंद एवं गरीब वर्ग के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने एससी-एसटी निगम तथा उद्योग विभाग से संबंधित लंबित मामलों को भी शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को अधिक से अधिक स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़ने पर बल दिया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक चंद्र प्रकाश ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक ऋण योजना के तहत 31 मार्च तक जिले में 5673.78 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए। इनमें कृषि क्षेत्र में 2218 करोड़, उद्योग एवं व्यवसाय क्षेत्र में 1473.68 करोड़, अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में 162.84 करोड़ तथा गैर-प्राथमिकता क्षेत्र में 1819.26 करोड़ रुपये शामिल हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी तरुण चौधरी ने बैंक अधिकारियों को आरबीआई के दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए डिजिटल फ्रॉड के प्रति लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। वहीं आरसेटी की समीक्षा बैठक में बताया कि जनवरी से मार्च 2026 के बीच 12 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 337 प्रतिभागियों को स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, नाबार्ड के डीडीएम राकेश वर्मा, पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक अमित कुमार सहित विभिन्न बैंकों और विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुविधाओं के अभाव में चौहार और छोटाभंगाल घाटी में दम तोड़ रहा पुश्तैनी भेड़पालन व्यवसाय

अनंत ज्ञान



ऊहल नदी में भेड़ों को नहलाते भेड़पालक। अनंत ज्ञान

**रूपी ठाकुर, बरोट।** चौहार और छोटाभंगाल घाटी में कभी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाने वाला भेड़पालन व्यवसाय अब धीरे-धीरे समाप्ति की कगार पर पहुंचता जा रहा है। सुविधाओं के अभाव, ऊन के उचित मूल्य न मिलने और सरकारी प्रोत्साहन की कमी के चलते भेड़पालक इस पुश्तैनी रोजगार से दूरी बनाने को मजबूर हो रहे हैं।

भेड़पालकों का कहना है कि वर्तमान समय में ऊन की कीमत बेहद कम मिल रही है, जबकि ऊन से तैयार किए जाने वाले पारंपरिक कंबलों की मांग भी लगातार घट रही है। ऐसे में इस व्यवसाय से होने वाली आय लागत के मुकाबले बेहद कम रह गई है। भेड़पालक बंगलू राम, सीरिया राम, कृष्ण कुमार, शेर सिंह, प्रताप चंद, सुंदर सिंह, अमृत लाल और भागू राम ने बताया कि पहले दोनों घाटियों के लगभग हर गांव में 10 से 50 परिवार भेड़पालन से जुड़े होते थे, लेकिन अब इनकी संख्या लगातार घट रही है। उनका कहना है कि सरकार की ओर से कोई विशेष आर्थिक सहायता या प्रोत्साहन नहीं मिल रहा है। उन्होंने मांग की कि ऊनी कंबल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक मशीनों पर सब्सिडी दी जाए, ताकि उत्पादन लागत कम हो और समय की बचत हो सके।

भेड़पालकों ने यह भी बताया कि चौहार और छोटाभंगाल घाटी में आज तक डिपिंग टैंकों का निर्माण नहीं हो पाया है। ऐसे में उन्हें भेड़ों को ऊहल और लंबाडग नदियों में खुले पानी में नहलाना पड़ता है। कई बार तेज बहाव में भेड़ों के बह जाने से लाखों रुपये का नुकसान भी हो चुका है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि घाटियों में चयनित स्थानों पर डिपिंग टैंकों का निर्माण कर भेड़पालकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं।

# शिकारी माता मंदिर नौलखा में भजनों पर झूमे श्रद्धालु



माता के दरबार में भजन प्रस्तुत करते श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** शिकारी माता मंदिर नौलखा में हर वर्ष लगने वाले मेले के उपलक्ष्य पर धीमान परिवार की ओर से भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन-कीर्तन गायक मंडली ने माता के भजनों से मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थानीय तथा बाहरी कलाकारों ने माता की भेंटें प्रस्तुत कर समां बांध दिया। धीमान परिवार की बुजुर्ग माता कला देवी ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा सभी को प्रसाद वितरित किया। स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर इस दैवीय शक्ति स्थल में अपनी हाजिरी लगाई। कश्मीर भंडारी ने बताया कि वह मंदिर में अक्सर आते रहते हैं, लेकिन भजन संध्या और मेले में शामिल होने का अपना अलग ही आनंद है। मंदिर की जातर में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे व्यापारियों ने अपने-अपने स्टॉल सजाए हैं। मंदिर परिसर में बैठे व्यापारियों ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित कर अपने सामान की बिक्री की। मेले में श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक वातावरण का सुंदर संगम देखने को मिला।

**परेशानी** श्रद्धालुओं ने प्रशासन, मंदिर कमेटी व जनप्रतिनिधियों से की मार्ग सुधार की मांग

# कमरूनाग धाम जाने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त

अनंत ज्ञान




देव कमरूनाग मार्ग पर जगह-जगह बने गड्ढे और क्षतिग्रस्त सड़क। अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** जिला मंडी के आराध्य देव कमरूनाग के प्रसिद्ध सरानाहुली मेले के आयोजन में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। हर वर्ष की भांति इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के देव कमरूनाग के दर्शनों के लिए पहुंचने की संभावना है। मेले को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ रहा है, लेकिन दूसरी ओर कमरूनाग जाने वाले मार्ग की जर्जर स्थिति लोगों की चिंता का कारण बनी हुई है।

चौक पंचायत से देव दर्शन कर लौटे श्रद्धालुओं ने बताया कि चैलचौक-शाला मार्ग से लेकर आगे तक कई स्थानों पर सड़क की हालत बेहद खराब है। पिछले वर्ष हुई भारी बारिश के कारण जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं तथा कई स्थानों पर डंगे क्षतिग्रस्त होने से सड़क संकरी और जोखिमपूर्ण हो गई है। सड़क पर बिछाए गए पत्थर भी उखड़कर ऊपर आ गए हैं, जिससे वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि कमरूनाग जैसे प्रमुख धार्मिक स्थल तक पहुंचने वाला मार्ग तीखे मोड़ों, खड़ी चढ़ाई और उतराई वाला है, ऐसे में खराब सड़क किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकती है। मेले के दौरान दिन-रात हजारों श्रद्धालुओं की आवाजाही रहती है, जिससे जोखिम और बढ़ जाता है। दर्शन कर लौट रहे कुछ श्रद्धालुओं ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर कहा कि सड़क की वर्तमान स्थिति निराशाजनक है और लंबे समय से इसकी सुध नहीं ली गई है।

लोगों का कहना है कि मेले से पहले मार्ग की मरम्मत और आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाने चाहिए। श्रद्धालुओं ने गोहर प्रशासन, मंदिर कमेटी तथा संबंधित विभागों से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत करवाई जाए और मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# बरोट में क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारों के पुनर्निर्माण को लेकर मांग तेज

अनंत ज्ञान



**रूपी ठाकुर, बरोट।** चौहार घाटी के बरोट क्षेत्र में ऊहल नदी के किनारे वर्षों पहले आई भीषण बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई सुरक्षा दीवारों का पुनर्निर्माण न होने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। बरोट बाजार से लेकर जीरो प्वाइंट तक नदी किनारे कई स्थानों पर सुरक्षा दीवारें बाढ़ में बह गई थीं, लेकिन लंबे समय बाद भी इनका पुनर्निर्माण नहीं हो पाया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे बरसात के मौसम में उनके घरों, दुकानों, होम स्टे, होटल और उपजाऊ भूमि पर खतरा बना हुआ है।लोगों ने बताया कि पूर्व में आई बाढ़ में बरोट-मुल्थान पैदल पुल और कई सुरक्षा दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। बाद में लोक निर्माण विभाग ने बरोट-मुल्थान पुल का पुनर्निर्माण कर दिया तथा छोटाभंगाल घाटी के मुल्थान क्षेत्र में ऊहल नदी किनारे क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारों को भी दोबारा बनाया गया। इससे वहां के लोगों को राहत मिली है। हालांकि बरोट क्षेत्र में जीरो प्वाइंट तक ऊहल नदी के किनारे बह चुकी सुरक्षा दीवारों के पुनर्निर्माण का कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। पूर्व बीडीसी सदस्य कमलेश नेगी, पूर्ण चंद, दौलत नेगी, अमीं चंद, कर्म चंद, मंगत राम व जय सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने पंजाब राज्य बिजली बोर्ड से मांग की है कि मुल्थान की तर्ज पर बरोट क्षेत्र में भी सुरक्षा दीवारों का शीघ्र निर्माण किया जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा कार्य नहीं किए गए तो भविष्य में बाढ़ आने की स्थिति में भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने संबंधित विभाग से बरसात से पहले आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है।

**बड़ी** बातें सोचो, तेज सोचो, दूसरों से पहले सोचो। विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं हैं। **-धीरू भाई अंबानी**

## संपादकीय

# नीट पर सवाल और जवाबदेही

देश में मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी हुई है। ऐसे में यदि इस परीक्षा की पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं तो स्वाभाविक रूप से देशभर में चिंता और आक्रोश का माहौल बनता है। नीट-यूजी 2026 में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के आरोप सामने आने के बाद यही स्थिति देखने को मिली है। वर्षों की कठिन मेहनत और सपनों को लेकर परीक्षा देने वाले लाखों विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या उनकी मेहनत का उचित मूल्यांकन हो पाएगा।

तीन मई को आयोजित मूल परीक्षा के बाद जिस प्रकार पेपर लीक और धांधली की खबरें सामने आईं, उससे परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग गया, क्योंकि यह देश की शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य से जुड़ा विषय है। जब किसी प्रतियोगी परीक्षा की निष्पक्षता संदिग्ध हो जाती है तो सबसे बड़ा नुकसान उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को होता है जिन्होंने पूरी ईमानदारी और लगन से तैयारी की होती है। इसी पृष्ठभूमि में पुन: परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। 21 जून को होने वाली री-एग्जाम परीक्षा अब केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं रह गई है, अपितु यह सरकार और परीक्षा संचालित करने वाली एजेंसियों के लिए अपनी विश्वसनीयता बहाल करने की भी परीक्षा है। परीक्षा में अब बहुत कम समय शेष है और ऐसे में प्रशासनिक स्तर पर हर व्यवस्था को पूरी सावधानी के साथ लागू करना आवश्यक है।

इस बार प्रश्न पत्रों की सुरक्षा को लेकर अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं। प्रश्न पत्रों को दिल्ली से देशभर के विभिन्न स्थानों तक पहुंचाने के लिए भारतीय वायुसेना के एमआई-17 हेलिकॉप्टरों का उपयोग किया जा रहा है। सेना और अर्धसैनिक बलों को प्रश्न पत्रों के सुरक्षित परिवहन तथा परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह व्यवस्था निश्चित रूप से विद्यार्थियों और अभिभावकों के मन में विश्वास पैदा करने का प्रयास है।

जब देश की सर्वोच्च सुरक्षा एजेंसियां इस प्रक्रिया में शामिल होंगी तो पेपर लीक की संभावना काफी हद तक कम हो सकती है। इसके अलावा इस बार प्रश्न पत्र निर्माण और अनुवाद की प्रक्रिया को भी अधिक नियंत्रित और सुरक्षित बनाने का प्रयास किया गया है। सरकारी प्रोफेसरों और वरिष्ठ शिक्षकों की सहायता से प्रश्न पत्र तैयार करवाए गए हैं तथा हिंदी, अंग्रेजी सहित 13 भाषाओं में अनुवाद की व्यवस्था की गई है। सरकार का यह प्रयास सराहनीय है कि परीक्षा प्रक्रिया में बाहरी हस्तक्षेप को न्यूनतम रखा जाए और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

हालांकि यहां एक महत्वपूर्ण प्रश्न भी खड़ा होता है कि यदि इतनी मजबूत व्यवस्था अब बनाई जा सकती है तो पहले ऐसा क्यों नहीं किया गया? यदि प्रारंभ से ही पर्याप्त सतर्कता और निगरानी बरती जाती तो शायद यह स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती। यह प्रश्न केवल विद्यार्थियों का नहीं, बल्कि पूरे समाज का है। देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाओं में से एक के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं हो सकती।

नीट विवाद के साथ-साथ जवाबदेही का मुद्दा भी लगातार चर्चा में बना हुआ है। विपक्षी दलों ने शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जब किसी महत्वपूर्ण संस्था या प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्न उठते हैं तो जवाबदेही तय करना भी उतना ही आवश्यक हो जाता है। हालांकि, किसी भी व्यक्ति की जिम्मेदारी या दोष का अंतिम निर्धारण जांच पूरी होने के बाद ही किया जाना चाहिए, लेकिन जनता के बीच विश्वास कायम रखने के लिए सरकार को पारदर्शी और उत्तरदायी रवैया अपनाना होगा। विपक्ष की भूमिका भी लोकतंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर निगरानी रखना तथा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाना विपक्ष का दायित्व है। नीट विवाद को लेकर विपक्ष लगातार सक्रिय दिखाई दे रहा है।

विपक्ष द्वारा परीक्षा प्रणाली में सुधार और जवाबदेही की मांग को केवल राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। आवश्यकता यह है कि विद्यार्थियों का विश्वास फिर से स्थापित किया जाए। लाखों युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं और उन्हें यह भरोसा मिलना चाहिए कि उनकी मेहनत किसी भी प्रकार की अनियमितता की भेंट नहीं चढ़ेगी। सीबीआई जांच निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से पूरी होनी चाहिए तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय उद्योग जगत के युगद्रष्टा


**राहुल बजाज** (10 जून 1938-12 फरवरी 2022) भारत के सबसे प्रतिष्ठित उद्योगपतियों में से एक थे। वे 'बजाज समूह' के अध्यक्ष रहे, जिसने ऑटोमोबाइल, वित्तीय सेवाओं, ऊर्जा और अनेक औद्योगिक क्षेत्रों में भारत की औद्योगिक पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया।



**राहुल बजाज**
**जन्म :** 10 जून, 1938
**मृत्यु :** 12 फरवरी, 2022

राहुल बजाज का जन्म बंगाल प्रेजिडेंसी में एक प्रतिष्ठित बजाज परिवार में हुआ। उनके दादा जमनालाल बजाज ने इस औद्योगिक घराने की नींव रखी थी, जिसे बाद की पीढ़ियों ने और विस्तार दिया। राहुल बजाज ने प्रारंभिक शिक्षा कैथेड्रल एंड जॉन कॉनन स्कूल से प्राप्त की और फिर सेंट स्टीफेंस कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए किया।

1965 में उन्होंने बजाज समूह की कमान संभाली और भारतीय उद्योग जगत में एक नए युग की शुरुआत की। उनके नेतृत्व में कंपनी ने लाइसेंस-राज की जटिलताओं के बावजूद उल्लेखनीय प्रगति की। 1980 के दशक में 'बजाज चेतक' स्कूटर ने भारतीय मध्यम वर्ग के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया। बजाज ऑटो ने दोपहिया वाहनों के साथ-साथ तिपहिया वाहन क्षेत्र में भी वैश्विक नेतृत्व हासिल किया। आज भी कंपनी दुनिया की सबसे बड़ी तिपहिया वाहन निर्यातक कंपनियों में से एक मानी जाती है। राहुल बजाज सार्वजनिक जीवन में भी सक्रिय रहे। वे 2006 से 2010 तक राज्यसभा सदस्य रहे और आर्थिक नीतियों पर बेबाक राय के लिए जाने जाते थे। उन्हें भारत सरकार द्वारा 2001 में पदम भूषण से सम्मानित किया गया। 12 फरवरी 2022 को 84 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया।



कविता

### बैहमें दा कोई लाज नि होंदा

आशा देवी, जोगिंद्रनगर

**झिल** बूटे हन रागसस बुज्झे, धुंए दे बी बद्दल सुज्झे
दुनियां हसदी पर सैह् रोंदा, बैहमें दा कोई लाज नि होंदा
बैहम बुरा नी जीणा दिंदा, जुंआं पिच्छे फूक्कै खिंदा
मिट्टी हक्खीं कदी नि सोंदा, बैहमें दा कोई लाज नि होंदा
गैं-गैं पुटदा दिक्खी भाली, ढोरे दिक्खी मारै छाअली
अरा मखौल कलेजैं छोंदा, बैहमें दा कोई.....
जोड़ बट्ट बस चलदी रैंहदी, जिन्द नमाणी जुरमा सैंहदी
खुशियां दा ऐ नास पटोंदा, बैहमें दा कोई....
बैहमें हक्खी बालू पाए, अणजमयां दे नां रखाए
आखर हत्थे कुच्छ नि ओंदा, बैहमें दा कोई लाज नि....
कीड़ा शक दा कुलबुल करदा, बैहमी माहणू पल पल मरदा
अग्ग बुरी एह् चैन फकोंदा, बैहमें दा कोई लाज....
जे बैहमी सैह् डरी-डरी जींदा, छाहई मारी फूकां पींदा
रस्सी उसजो सर्प बझोंदा, बैहमें दा कोई....
बैहमें हक्खी परदे पाए, अपणे नजरी दुश्मण आए
सब्ब गुआई नै पछतोंदा, बैहमें दा कोई लाज नि होंदा।

# भोजन की बर्बादी मत करो, हर दाने की कद्र करो



**नरेंद्र भारती**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



कैसी विडंबना है कि कोई एक निवाले को तरस रहा है और कोई भोजन को फेंक रहा है। आत्मा सिहर जाती है। भूख का कोई धर्म नहीं होता। भूख सिर्फ भूख होती है। वह पेट में आग लगाती है, और उस आग को न सोना बुझा सकता है, न नाम, न पहचान। जिसने भूख झेली है वही जानता है कि एक सूखी रोटी भी उस वक्त अमृत लगती है। और हम, जिनकी थाली भरी है, स्वाद बदलने के लिए खाना छोड़ देते हैं। एक तरफ बच्चा कूड़े के ढेर में रोटी का टुकड़ा ढूंढ रहा है, दूसरी तरफ शादी-भोज में सैकड़ों किलो खाना कचरे में चला जाता है।

भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं है। यह जीवन की धुरी है, संस्कारों का प्रतीक है, प्रकृति और मनुष्य के बीच का वह बंधन है जो दोनों को जोड़ता है। जब हम थाली में बचा हुआ खाना फेंक देते हैं तो हमें लगता है कि हमने बस एक निवाला बर्बाद किया है। पर सच्चाई यह है कि उस एक निवाले के साथ हम किसान की मेहनत, मां की जागी हुई रातें, धरती का ऋण और किसी भूखे की प्रार्थना भी फेंक देते हैं। गांव के खेत में जाकर देखो। किसान सुबह अंधेरे से पहले उठकर खेत की ओर चल देता है। उसके हाथों में हल है, आंखों में उम्मीद है। वह धूप में झुलसता है, बारिश में भीगता है, सर्द रातों में खेत की रखवाली करता है। महीनों तक वह अपनी नींद, अपना आराम, अपना शरीर सब कुछ मिट्टी को समर्पित कर देता है। जब फसल तैयार होती है तो उसके चेहरे पर जो चमक आती है वह किसी धन से कम नहीं होती। वह अनाज मंडी में नहीं बेचता, वह अपना जीवन बेचता है।

वह अनाज जब तुम्हारी थाली तक पहुंचता है तो उसके पीछे केवल किसान का श्रम नहीं होता। मां घंटों रसोई में खड़ी रहती है। वह जानती है कि तुम्हें क्या पसंद है, कितना तीखा खाते हो, कितना नमक ठीक लगता है। वह अपने हिस्से का आराम छोड़कर तुम्हारे लिए रोटी सेंकती है। धरती अपनी छाती चीरकर बीज को अंकुरित करती है। पानी, हवा, सूरज सब मिलकर उस एक दाने को तैयार करते हैं।

जब तुम वह दाना फेंक देते हो तो तुम्हें लगता है कि यह छोटी बात है। पर सोचो, यदि हर घर में एक निवाला रोज फेंका जाए तो एक दिन में कितना अनाज नष्ट होगा। एक महीने में कितने लोगों का पेट भरा जा सकता था। शहरों के होटल, शादी-विवाह, भोज-भंडारे में तो यह बर्बादी और भी बड़ी हो जाती है। सजे हुए टेबल पर आधा खाया हुआ खाना कूड़ेदान की शोभा बढ़ाता है। लोग कहते हैं पैसा दिया है तो जो मर्जी करेंगे। पर पैसा अन्न नहीं बना सकता। पैसा किसान का पसीना नहीं खरीद सकता। पैसा मां की ममता का मोल नहीं चुका सकता। समाज का दूसरा चेहरा भी देखो जहां एक तरफ थाली में खाना बचता है, वहीं दूसरी तरफ लोग भूखे सोते हैं। जहां एक तरफ लोग स्वाद बदलने के लिए खाना छोड़ देते हैं, वहीं दूसरी तरफ लोग भूख मिटाने के लिए पानी पीकर सो जाते हैं। यह विरोधाभास ही सबसे बड़ी पीड़ा है। हम भूल जाते हैं कि समय सदा एक सा नहीं रहता।

आज थाली भरी है तो बर्बादी आसान लगती है। पर जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। बीमारी आती है, रोजगार छिन जाता है, प्राकृतिक आपदा आती है। उस समय वही बचा हुआ दाना सबसे कीमती हो जाता है। बुजुर्ग कहते थे कि अन्न का अपमान मत करो, नहीं तो एक दिन दाने दाने को तरसोगे।

यह कोई डराने की बात नहीं है। यह अनुभव का निचोड़ है। इतिहास गवाह है कि जिन समाजों ने अन्न का आदर किया वे समृद्ध हुए। जिन्होंने इसे तुच्छ समझा वे समय की मार में बिखर गए। भोजन का अपमान केवल अन्न का अपमान नहीं है। यह संस्कारों का क्षरण है। जब हम भोजन को व्यर्थ फेंकते हैं, तब केवल अन्न की नहीं, अपनी कृतज्ञता की भी उपेक्षा करते हैं। अन्न का हर दाना किसान की मेहनत, प्रकृति की कृपा और परिवार के स्नेह का प्रतीक होता है। इसलिए उसकी बर्बादी केवल संसाधनों की हानि नहीं, बल्कि संवेदनाओं का अपमान भी है। अन्न की कद्र करने के लिए बड़े प्रयासों की आवश्यकता नहीं होती। जितनी भूख हो उतना ही भोजन परोसना, थाली में उतना ही लेना जितना खा सकें और बचा हुआ भोजन जरूरतमंदों तक पहुंचाना जैसी छोटी आदतें बड़ा बदलाव ला सकती हैं। बच्चों को भी बचपन से सिखाना होगा कि थाली में भोजन छोड़ना अच्छी आदत नहीं है। जब वे जानेंगे कि हर दाने के पीछे किसान का पसीना और धरती का योगदान है, तब वे स्वयं भोजन का सम्मान करना सीखेंगे। भोजन से पहले एक क्षण रुककर धन्यवाद देना भी कृतज्ञता का सुंदर भाव है। यह धन्यवाद ईश्वर, किसान, प्रकृति या मां-किसी के लिए भी हो सकता है। यही भावना मनुष्य को विनम्र, संवेदनशील और संतोषी बनाती है।

भोजन की बर्बादी रोकना किसी बड़े आंदोलन का विषय नहीं, बल्कि घर और मन से शुरू होने वाला संकल्प है। याद रखिए, जो अन्न का सम्मान करता है, प्रकृति भी उसका सम्मान करती है। आज थाली में रखा हर दाना किसी की मेहनत और किसी की प्रार्थना का परिणाम है। इसलिए उसे सम्मानपूर्वक ग्रहण करें, व्यर्थ न जाने दें, क्योंकि जो भोजन आज बचाकर रखा जाता है, वही कल किसी भूखे की आशा बन सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सकारात्मक सोच की राह...नकारात्मक विचारों पर कैसे पाएं नियंत्रण?



**डॉ. कौमार्या मनोज**
शिक्षा विशेषज्ञ

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



मैं नकारात्मक विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकता हूं और सकारात्मक सोच कैसे विकसित कर सकता हूं? यदि आपके मन में बार-बार नकारात्मक विचार आते हैं और आप एक सकारात्मक सोच विकसित करना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको यह समझना आवश्यक है कि नकारात्मक विचार आना कोई असामान्य बात नहीं है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, समस्या विचारों के आने में नहीं, बल्कि उन्हें सत्य मान लेने और बार-बार उन्हीं पर ध्यान केंद्रित करने में होती है। सकारात्मक सोच का अर्थ समस्याओं को नकारना नहीं, बल्कि उन्हें संतुलित दृष्टि से देखना होता है।

नकारात्मक विचारों को नियंत्रित करने का पहला तरीका यह है अपने विचारों को पहचानना। जब भी मन में कोई नकारात्मक सोच आए, जैसे 'मैं यह काम नहीं कर सकता' मुझसे नहीं होगा या 'मेरे साथ हमेशा बुरा ही होता है', तो तुरंत रुककर स्वयं से पूछिए-'क्या यह वास्तव में सच है?' अक्सर हम बिना प्रमाण के ही सबसे बुरा निष्कर्ष निकाल लेते हैं। विशेषज्ञ इसे 'कॉग्निटिव रीफ्रेमिंग' कहते हैं, अर्थात किसी परिस्थिति को नए और अधिक यथार्थवादी दृष्टिकोण से देखना।

दूसरा महत्वपूर्ण उपाय है कृतज्ञता (Gratitude) का अभ्यास। प्रतिदिन रात को सोने से पहले तीन ऐसी बातों को लिखिए जिनके लिए आप आभारी हैं। यह आदत धीरे-धीरे आपके मस्तिष्क को कमी और समस्याओं के बजाय अवसरों और उपलब्धियों पर ध्यान देना सिखाती है।

तीसरा उपाय है सकारात्मक लोगों और प्रेरणादायक सामग्री के साथ समय बिताना। जिन लोगों के साथ हम रहते हैं, उनकी सोच का प्रभाव हमारे मन पर भी पड़ता है। यदि आप प्रेरक कहानियां, जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव और सफलता के वास्तविक उदाहरण पढ़ते हैं, तो आपका दृष्टिकोण स्वत: बदलने लगता है। अक्सर कहा जाता है कि यदि आप चार सफल व्यक्तियों के बीच रहते हैं तो यह निश्चित हो जाता है कि पांचवे सफल व्यक्ति आप होंगे। यहीं पर प्रेरणादायक साहित्य और कहानियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि आप हिंदी में ऐसी कहानियां पढ़ना चाहते हैं जो जीवन के संघर्षों में आशा, आत्मविश्वास और सकारात्मकता का संदेश दें, तो मोटिवेशनल किताबें आपके लिए एक उपयोगी मंच हो सकता है। मोटिवेशनल या सक्सेसफुल लोगों की प्रेरक कहानियां यह सिखाती हैं कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद मनुष्य अपने विचारों और कर्मों से अपना जीवन बदल सकता है।

चौथा उपाय है नकारात्मक आत्मसंवाद (Negative Self-Talk) को बदलना। यदि आप स्वयं से कहते हैं, 'मैं असफल हूं', तो उसे बदलकर कहिए, 'मैं अभी सीख रहा हूं और आगे बेहतर कर सकता हूं।' आप खुद से बोलें 'ऑल इस वेल, ऑल इस वेल'। शोध बताते हैं कि विचारों की यह पुर्नव्याख्या तनाव और चिंता को कम करने में सहायक हो सकती है। पांचवां उपाय है अपने शरीर का ध्यान रखना। पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम और संतुलित आहार केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक हैं। जब शरीर स्वस्थ रहता है, तो मन भी अधिक स्थिर और सकारात्मक रहता है। अंत में याद रखें कि सकारात्मक मानसिकता एक दिन में विकसित नहीं होती। यह छोटे-छोटे दैनिक अभ्यासों का परिणाम है।

हर दिन अपने विचारों को परखें, कृतज्ञता व्यक्त करें, प्रेरक साहित्य पढ़ें और स्वयं को बेहतर बनाने का प्रयास करें, अच्छे तथा सफल लोगों से मिलें उनसे बातें करें। आप अपने को काफी मोटिवेटेड पाएंगे। यदि आप नियमित रूप से प्रेरणादायक हिंदी कहानियां और जीवन-मूल्यों से जुड़ी रचनाएं पढ़ना चाहते हैं, तो शहर की कोई अच्छी लाइब्रेरी आपके लिए एक अच्छा स्रोत बन सकता है, जहां, सकारात्मक सोच और जीवन-प्रेरणा से भरपूर सामग्री उपलब्ध हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# खाकी पर हमला : बदलते हालात और हिमाचल की चुनौती



**सुखदेव सिंह**
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर (कांगड़ा)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र




शांत, सौम्य और कानून-व्यवस्था के लिए पहचान रखने वाले हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ समय से ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिन्होंने लोगों को चिंता में डाल दिया है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि प्रदेश में कानून का भय पहले की अपेक्षा कुछ कम होता दिखाई दे रहा है। आए दिन पर्यटकों तथा कुछ स्थानीय लोगों द्वारा ऐसे कृत्य किए जा रहे हैं, जो देवभूमि की छवि को धूमिल कर रहे हैं। किसी के साथ मारपीट करना, वाहन चालकों द्वारा पुलिस कर्मियों से अभद्र व्यवहार करना या कानून को चुनौती देना अब सामान्य घटनाओं की तरह सामने आने लगा है।

पुलिस का मूल दायित्व जनता के जान-माल की सुरक्षा करना और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। यातायात नियमों का पालन करवाना भी उसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में शामिल है, लेकिन जब नियमों की पालना करवाने वाले पुलिसकर्मी ही सार्वजनिक स्थानों पर अपमानित होने लगें, तो यह समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन जाता है।

हाल ही में सिरमौर जिले में सामने आए एक वायरल वीडियो ने पूरे प्रदेश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले एक वाहन चालक को जब पुलिस कर्मी ने रोका, तो उसने न केवल पुलिस कर्मचारी के साथ धक्का-मुक्की की, बल्कि उसकी वर्दी का सम्मान भी तार-तार करने की कोशिश की। वीडियो में आरोपी पुलिस कर्मी का हेलमेट उतारने का प्रयास करता दिखाई दिया तथा उसे धमकाते हुए भी देखा गया। सबसे दुखद पहलू यह रहा कि मौके पर मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे और किसी ने पुलिस कर्मचारी की सहायता करने की आवश्यकता नहीं समझी।

यह घटना केवल एक पुलिसकर्मी का अपमान नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था को खुली चुनौती देने जैसा मामला है। यदि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारी के साथ ऐसा व्यवहार होगा तो आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर भी प्रश्न खड़े होना स्वाभाविक है। पुलिसकर्मी भी समाज का ही हिस्सा हैं और वे दिन-रात जनता की सेवा तथा सुरक्षा के लिए कार्य करते हैं। ऐसे में संकट की घड़ी में जनता का भी दायित्व बनता है कि वह कानून के पक्ष में खड़ी हो।

प्रदेश पुलिस को हाल ही में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। ऐसे समय में इस प्रकार की घटनाएं पुलिस की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं। हालांकि सिरमौर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी द्वारा बाद में सोशल मीडिया के माध्यम से माफी भी मांगी गई, लेकिन कानून का उल्लंघन करने के बाद केवल क्षमा याचना से अपराध का महत्व कम नहीं हो जाता। आवश्यकता इस बात की है कि पुलिस कर्मियों को अकेले जोखिम उठाने के बजाय तकनीकी साधनों का अधिक उपयोग करना चाहिए। सीसीटीवी कैमरों, स्वचालित चालान प्रणाली और डिजिटल निगरानी के माध्यम से यातायात नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा सकता है। इससे सड़क पर अनावश्यक विवादों की संभावना भी कम होगी। हिमाचल में हर वर्ष लाखों पर्यटक आते हैं। अधिकांश पर्यटक प्रदेश की संस्कृति और कानून का सम्मान करते हैं, लेकिन कुछ लोगों की गैर-जिम्मेदार हरकतें पूरे समाज को बदनाम कर देती हैं। पर्यटकों को यह समझना होगा कि हिमाचल केवल पर्यटन स्थल नहीं बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। यहां के नियमों, परंपराओं और प्रशासनिक निर्देशों का सम्मान करना प्रत्येक आगंतुक का दायित्व है।

इसके साथ ही प्रदेश में बढ़ती नशा तस्करी, अवैध गतिविधियों और सड़क सुरक्षा जैसी चुनौतियों का सामना करने में पुलिस पहले से ही भारी दबाव में कार्य कर रही है। ऐसे में पुलिस के मनोबल को कमजोर करने वाली घटनाओं को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। समाज और पुलिस एक-दूसरे के पूरक हैं। कानून व्यवस्था जनता के सहयोग से ही मजबूत रह सकती है। नागरिक कानून का सम्मान करें और पुलिस अपने आत्मविश्वास और पेशेवर क्षमता को बनाए रखे तथा सरकार कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बेटियों की अस्मिता पर हमला...अब कठोर और प्रभावी कदम उठाने का समय



**ठाकुर हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र




देश की बेटियों की सुरक्षा आज भी एक गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय बनी हुई है। विज्ञान, शिक्षा, खेल और तकनीक के क्षेत्र में भारत लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है, लेकिन महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध समाज के माथे पर कलंक बनकर उभर रहे हैं। आए दिन छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न, दुष्कर्म और हिंसा की घटनाएं सामने आती हैं, जो न केवल पीड़ित परिवारों को झकझोर देती हैं, बल्कि पूरे समाज को आत्ममंथन करने के लिए विवश करती हैं।

हाल ही में हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एक सरकारी अस्पताल से सामने आए मामले ने लोगों को स्तब्ध कर दिया। आरोप है कि उपचार के बहाने एक नाबालिग लड़की के साथ गंभीर अपराध किया गया। ऐसे मामलों में दोषी चाहे किसी भी पद या पेशे से जुड़ा हो, उसके विरुद्ध निष्पक्ष और कठोर कानूनी कार्रवाई होना आवश्यक है। समाज का विश्वास तभी मजबूत होगा जब कानून का पालन बिना किसी भेदभाव के किया जाएगा। महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ होने वाले अपराध केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं हैं, बल्कि सामाजिक चेतना और नैतिक मूल्यों से भी जुड़े हुए हैं। परिवार, विद्यालय, समाज और प्रशासन सभी की जिम्मेदारी है कि वे सम्मान, संवेदनशीलता और सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा दें। बेटियों को आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों और डिजिटल सुरक्षा की जानकारी देने के साथ-साथ लड़कों को भी महिलाओं के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी का संस्कार देना उतना ही आवश्यक है।

सरकारों ने समय-समय पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक कानून बनाए हैं, लेकिन चुनौती केवल कानून बनाने की नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन की भी है। त्वरित जांच, समयबद्ध न्याय, पीड़ितों के लिए बेहतर सहायता व्यवस्था और अपराधियों के प्रति सख्त कार्रवाई कानून के प्रति विश्वास को मजबूत कर सकती है। साथ ही पुलिस व्यवस्था को और अधिक संवेदनशील, प्रशिक्षित और जवाबदेह बनाने की आवश्यकता है, ताकि पीड़ित बिना भय के अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। समाज की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कई बार लोग अपराध या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी होने के बावजूद चुप रहते हैं। यह मौन अपराधियों का मनोबल बढ़ाता है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाए तथा पीड़ितों का सामाजिक और मानवीय सहयोग करे। आज आवश्यकता केवल नारों तक सीमित रहने की नहीं, बल्कि धरातल पर ठोस परिणाम सुनिश्चित करने की है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान तभी सार्थक होंगे जब हर बेटी स्वयं को घर, स्कूल, कार्यस्थल, अस्पताल और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित महसूस करेगी। सुरक्षा का अधिकार किसी विशेष वर्ग का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है।

यह भी आवश्यक है कि न्यायिक प्रक्रियाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि गंभीर अपराधों के मामलों में अनावश्यक देरी न हो। अपराधियों के मन में कानून का भय और समाज में न्याय के प्रति विश्वास दोनों समान रूप से जरूरी हैं।

साथ ही पीडि़तों की पहचान, सम्मान और मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एक सभ्य और विकसित राष्ट्र की पहचान उसकी महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से होती है। यदि हम वास्तव में एक सशक्त भारत का निर्माण करना चाहते हैं, तो बेटियों की सुरक्षा को केवल सरकारी जिम्मेदारी न मानकर सामाजिक संकल्प बनाना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## रोहित-रितिका की खूबसूरत जोड़ी

**नई दिल्ली।** 28 अप्रैल को रोहित ने बोरीवली स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर रितिका के सामने शादी का प्रस्ताव रखा था। यह मैदान रोहित के लिए खास है, क्योंकि उन्होंने इसी मैदान से अपने क्रिकेट कॅरियर की शुरुआत की थी रोहित के साथ मुलाकात के बाद रितिका उनकी मैनेजर बन गई थीं। इसके बाद दोनों शादी के बंधन में बंध गए।



# इंडिया-ए ने श्रीलंका-ए को ट्राई सीरीज के पहले वनडे में आठ रन से हराया

## गायकवाड ने शतक व तिलक ने लगाया अर्द्धशतक, भारत के चार गेंदबाजों को मिले 2-2 विकेट

**एजेंसी, दांबुला**

इंडिया-ए ने ट्राई सीरीज के पहले वनडे में श्रीलंका-ए को 8 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडिया-ए ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 277 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका-ए की टीम 48.5 ओवर में 269 रन पर ऑलआउट हो गई।

दांबुला स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 277 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड ने 101 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि कप्तान तिलक वर्मा ने 60 रन का योगदान दिया। आईपीएल-2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी 14 रन ही बना सके। श्रीलंकाई टीम की ओर से मोहम्मद शिराज ने 2 विकेट झटके। टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए, सहान अराचिगे (74) और सदीरा समरविक्रमा (46) ने श्रीलंका की उम्मीदें जगाई थीं, लेकिन भारत ने लगातार अंतराल पर विकेट निकालकर मैच का रुख पलट दिया। 47वें ओवर में अंशुल कंबोज ने अराचिगे को बोल्ड किया, जबकि 49वें ओवर में खान और विप्रज निगम ने 2-2 विकेट लिए, जबकि अंशुल कंबोज को 1 विकेट मिला। जीत के हीरो अरशद खान रहे, जिन्होंने 49वें ओवर में मैच का रुख पलट दिया। ओवर की दूसरी गेंद पर उन्होंने विजयकांत वियासकांत को एलपीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद तीसरी गेंद पर वानुजा सहान गैरजरूरी रन लेने की कोशिश में रनआउट हो गए। फिर ओवर की पांचवीं गेंद पर मोहम्मद शिराज का विकेट लेकर अर्शद ने श्रीलंका की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

इस तरह एक ही ओवर में तीन विकेट गिरने से श्रीलंका की पारी 48.5 ओवर में 269 रन पर सिमट गई। भारत ए के लिए, ऋतुराज और तिलक के अलावा प्रियांश आर्या ने 32, आयुष बदोनी ने 24, वैभव सूर्यवंशी ने 14 और प्रभसिमरन सिंह ने दो रन बनाए। वहीं, सूर्यांश शेडगे नाबाद 26 और अनुकूल एक रन बनाकर नाबाद लौटे। श्रीलंका ए की ओर से मोहम्मद शिराज ने दो विकेट लिए, जबकि करुणारत्ने, गारुका संकेथ और वानुजा सहन को एक-एक सफलता मिली। (अनंत ज्ञान)



अरशद खान ने दो विकेट लेने के साथ एक रनआउट का दबाव बनाकर श्रीलंका की पारी को समेट दिया। भारत के लिए आयुष बदोनी, अनुकूल रॉय, अरशद

# माइकल ओलिसे की हैट्रिक से फ्रांस ने उत्तरी आयरलैंड को 3-1 से हराया



**एजेंसी, लिले**

लिले में खेले गए अभ्यास मुकाबले में फ्रांस ने माइकल ओलिसे की शानदार हैट्रिक की बदौलत उत्तरी आयरलैंड को 3-1 से हरा दिया। पिछले मैच में आइवरी कोस्ट के खिलाफ मिली हार के बाद फ्रांसीसी टीम ने जोरदार वापसी की और विश्व कप से पहले अपनी तैयारियों को मजबूती दी।

मुख्य कोच दिदिए देशां ने इस मुकाबले में लगभग अपनी मजबूत टीम उतारी। ओलिसे ने किलियन एम्बाप्पे, उस्मान डेम्बेले और डिजायर डूए के साथ मिलकर फ्रांस के आक्रमण की अगुवाई की। हालांकि शुरुआती मिनटों में फ्रांस को उत्तरी आयरलैंड की मजबूत रक्षात्मक रणनीति के सामने संघर्ष करना पड़ा।

पहला गोल पहले हाफ के अंत से ठीक पहले आया। डूए के शानदार मूव के बाद डेम्बेले के शॉट से निकली गेंद ओलिसे तक पहुंची, जिन्होंने आसान फिनिश के साथ फ्रांस को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ के चौथे मिनट में ओलिसे ने हाफ-वॉली पर शानदार गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। उत्तरी आयरलैंड ने हार नहीं मानी और पैट्रिक केली के गोल से मुकाबले में वापसी की कोशिश की। शिया चार्ल्स के बेहतरीन क्रॉस पर केली ने गोल कर अंतर 2-1 कर दिया, लेकिन 75वें मिनट में ओलिसे ने शानदार कर्लिंग शॉट के जरिए अपना तीसरा गोल दागते हुए हैट्रिक पूरी की और फ्रांस की 3-1 की जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत से फ्रांस को विश्व कप अभियान से पहले आत्मविश्वास मिला है। हालांकि, टीम की रक्षात्मक कमजोरियां अब भी चिंता का विषय बनी हुई हैं। फ्रांस अब 16 जून को सेनेगल के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगा। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### वैध वीजा होने के बावजूद फीफा विश्व कप रेफरी को अमेरिका में प्रवेश नहीं मिला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोमालिया के रेफरी उमर आर्टन को वैध वीजा होने के बावजूद अमेरिका में प्रवेश नहीं दिया गया। इस फैसले के साथ विश्व कप में मैच संचालित करने वाले अपने देश के पहले रेफरी बनने का उनका सपना अधूरा रह गया। वर्ष 2025 में अफ्रीका के सर्वश्रेष्ठ रेफरी चुने गए आर्टन को मियामी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा एजेंसी ने रोक लिया। एजेंसी के अनुसार उन्हें नियमित प्रक्रिया के तहत अतिरिक्त जांच के लिए हिरासत में लिया गया था। जांच के बाद अधिकारियों ने 'सत्यापन संबंधी चिंताओं' का हवाला देते हुए उन्हें अमेरिका में प्रवेश के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। हालांकि, अमेरिकी एजेंसी ने उन चिंताओं का कोई विस्तृत विवरण सार्वजनिक नहीं किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आर्टन के पास वैध अमेरिकी वीजा और राजनयिक पासपोर्ट दोनों मौजूद थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं मिली। उमर आर्टन फीफा विश्व कप के लिए चुने गए सोमालिया के एकमात्र रेफरी थे। जून 2025 में सोमालिया उन देशों की सूची में शामिल है, जिन पर अमेरिका ने पूर्ण यात्रा प्रतिबंध लागू किया हुआ है। हालांकि, कुछ विशेष मामलों में छूट का प्रावधान भी मौजूद है। इस फैसले से सोमालिया के खेल जगत में तीखी आलोचना हुई है। सोमालिया के युवा एवं खेल मंत्रालय के वरिष्ठ सलाहकार सीसे अदन अबशीर ने कहा कि आर्टन अफ्रीका के सबसे सम्मानित रेफरियों में से एक हैं और उन्हें विश्व फुटबॉल समुदाय का पूरा समर्थन मिलना चाहिए। उन्होंने इस निर्णय को खेल भावना, निष्पक्षता और योग्यता के सिद्धांतों के खिलाफ बताया। (अनंत ज्ञान)

### गाक्पो के पेनल्टी गोल से नीदरलैंड ने उज्बेकिस्तान को 2-1 से हराया

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** फीफा विश्व कप की तैयारियों के तहत खेले गए अभ्यास मुकाबले में नीदरलैंड ने बेहद रोमांचक अंदाज में उज्बेकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। मुकाबले के नायक कोडी गाक्पो रहे, जिन्होंने दोनों गोल पेनल्टी पर दागे। इनमें जीत दिलाने वाला गोल मैच की अंतिम किक पर आया। नीदरलैंड ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और 31वें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। क्रिसेंसियो समरविल को बॉक्स के भीतर गिराए जाने पर मिली पेनाल्टी को गाक्पो ने सफलतापूर्वक गोल में बदल दिया। पहले हाफ में डच टीम पूरी तरह नियंत्रण में रही और उज्बेकिस्तान को ज्यादा मौके नहीं दिए। दूसरे हाफ में मैच का रुख बदला और उज्बेकिस्तान ने वापसी की कोशिश तेज कर दी। नीदरलैंड्स को दो पेनाल्टी अपील खारिज हुईं, जबकि गुस टिल को हैंडबॉल के कारण लाल कार्ड भी दिखाया गया। अतिरिक्त समय के तीसरे मिनट में इगोर सर्गेव ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। जब मुकाबला ड्रॉ की ओर बढ़ता दिख रहा था, तभी अंतिम क्षणों में नीदरलैंड्स को एक और पेनाल्टी मिल गई। गाक्पो ने दबाव के बीच शानदार शॉट लगाते हुए गेंद को जाल में पहुंचाया और टीम को 2-1 की नाटकीय जीत दिला दी। इस जीत से विश्व कप से पहले नीदरलैंड का आत्मविश्वास बढ़ा है। (अनंत ज्ञान)



### श्रीलंका ने वेस्टइंडीज के घर में 1-0 से जीती वनडे सीरीज




**एजेंसी, किंग्सटन।** वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच सबीना पार्क में खेला जाने वाला तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मुकाबला बारिश के कारण बिना एक भी गेंद फेंके रद्द हो गया। इसके साथ ही श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। पहले मुकाबले में मिली जीत ने श्रीलंका को बढ़त दिलाई थी, जबकि बाकी दोनों मैच बारिश की भेंट चढ़ गए। मैच अधिकारियों ने कई बार मैदान का निरीक्षण किया, लेकिन लगातार खराब मौसम और गीले आउटफील्ड के कारण खेल शुरू कराना संभव नहीं हो सका। निर्धारित समय तक 20 ओवर का मुकाबला भी नहीं कराया जा सका, जिसके बाद मैच रद्द घोषित कर दिया गया। यह जीत श्रीलंका के लिए खास रही, क्योंकि टीम ने 23 साल बाद वेस्टइंडीज की धरती पर कोई एकदिवसीय सीरीज जीती है। इससे पहले उसे यह सफलता 2003 में मिली थी। नए मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और कप्तान कुसल मेंडिस के लिए भी यह यादगार शुरुआत साबित हुई। कुसल मेंडिस ने कहा कि पहले मैच में टीम ने तीनों विभागों में शानदार प्रदर्शन किया और सीरीज जीतना उनके लिए गर्व की बात है। दूसरी ओर, वेस्टइंडीज को घरेलू मैदान पर तीन साल में पहली बार वनडे सीरीज हार का सामना करना पड़ा। अब दोनों टीमें 11 जून से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज पर ध्यान देंगी। हालांकि, मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी बारिश की संभावना जताई है, जिससे आयोजकों की चिंता बढ़ गई है। (अनंत ज्ञान)

# क्रिकेटर विराट कोहली भारत की सबसे वैल्युएबल पर्सनैलिटी

**एजेंसी, मुंबई**

दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली भारत की सबसे वैल्युएबल पर्सनैलिटी की लिस्ट में पहले स्थान पर हैं। उनकी ब्रांड वैल्यू 3,542 करोड़ रुपए है। शाहरुख खान दूसरे और प्रियंका चोपड़ा जोनस तीसरे पायदान पर हैं।

फॉर्च्यून इंडिया और इंटरब्रांड ने देश की 25 सबसे वैल्युएबल सेलिब्रिटी पर रिसर्च की। इसमें टॉप 10 में 3 क्रिकेटर और 7 फिल्मी सेलिब्रिटी हैं। महिला सेलिब्रिटीज में प्रियंका चोपड़ा सबसे ऊपर रहीं। इसके अलावा दीपिका पादुकोण (11वां स्थान), रश्मिका मंदाना (17वां स्थान), कृति सेनन, भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और साउथ की एक्ट्रेस नयनतारा को जगह मिली है। वैल्युएबल पर्सन की सूची में दिलजीत दोसांझ, करन जौहर, सौरव गांगुली और विकी कौशल के भी नाम हैं।



**◆ शाहरुख खान दूसरे प्रियंका तीसरे और अमिताभ 7वें नंबर पर**

**कैसे तय की गई ब्रांड वैल्यू:** इस अध्ययन में ब्रांड वैल्यू तय करने के लिए सेलिब्रिटीज की कमाई, फॉलोअर्स या बॉक्स ऑफिस पर सफलता से इतर कई अन्य बातों पर भी ध्यान दिया गया है। इनमें ब्रांड की ताकत को तय करने वाले पहलुओं जैसे विशिष्टता, सामंजस्य, जुड़ाव, विश्वास, आत्मीयता और जिम्मेदारी पर भी गौर किया गया है, जो मिलकर उनकी फाइनल ब्रांड वैल्यू तय करते हैं। (अनंत ज्ञान)

## ईसीबी ने भारत के मैचों के समय में किया बदलाव

**एजेंसी, लंदन।** ईसीबी ने अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली इंग्लैंड की डे नाइट टी20 सीरीज के मैचों के शुरू होने के समय में बदलाव किया है, ताकि टीवी दर्शकों की संख्या को अधिकतम किया जा सके। भारत की पुरुष टीम एक जुलाई से 19 जुलाई तक इंग्लैंड दौरे पर रहेगी, जहां पांच टी20 और तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे। पांच मैचों की टी20 सीरीज के तीन शाम के मुकाबले पहले स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे (रात 11 बजे भारतीय समयानुसार) शुरू होने वाले थे। हालांकि, ब्रॉडकास्टर्स के साथ चर्चा के बाद अब इन मुकाबलों का समय बदलकर शाम 5:30 बजे (रात 10 बजे) कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# नाइट क्लब विवाद में फंसे बेन स्टोक्स, कप्तानी पर संकट के बादल

**एजेंसी, लंदन**

न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में शानदार जीत के कुछ घंटों बाद ही इंग्लैंड क्रिकेट टीम एक नए विवाद में घिर गई है। टीम के कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन पर इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने जांच शुरू कर दी है। दोनों खिलाड़ी एक नाइटक्लब में मौजूद थे, जहां कथित तौर पर टीम प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना एक विवाद के बाद हुई, जिसमें गस एटकिंसन और एक अकादमी खिलाड़ी के बीच कहासुनी हुई थी। हालांकि, किसी खिलाड़ी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन ईसीबी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच शुरू कर दी है। बोर्ड ने पुष्टि की है कि स्टोक्स और एटकिंसन घटना के समय क्लब में मौजूद थे और मामले की जानकारी क्रिकेट रेगुलेटर को भी सौंप दी गई है।

**◆ लॉर्ड्स टेस्ट जीत के बाद ईसीबी की जांच शुरू गस एटकिंसन भी घेरे में**



जांच पूरी होने तक दोनों खिलाड़ियों के 17 जून से द ओवल में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेलने की संभावना जताई जा रही है। यदि स्टोक्स टीम से बाहर होते हैं तो उपकप्तान हैरी ब्रूक टीम की कमान संभाल सकते हैं। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि मामला कप्तानी तक प्रभावित कर सकता है, हालांकि, ईसीबी ने इस संबंध में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है।

स्टोक्स का करियर मैदान पर जितना सफल रहा है, मैदान के बाहर वे कई बार विवादों में भी रहे हैं। 2017 में ब्रिस्टल में हुई मारपीट की घटना के बाद भी उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। हाल के वर्षों में इंग्लैंड टीम के कई खिलाड़ियों के अनुशासन से जुड़े मामलों ने टीम संस्कृति पर सवाल खड़े किए हैं। ऐसे में ईसीबी की जांच के नतीजे तय करेंगे कि यह मामला केवल अनुशासनात्मक कार्रवाई तक सीमित रहेगा या फिर इंग्लैंड की टेस्ट कप्तानी पर भी इसका असर पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

# वेस्टइंडीज ने श्रीलंका टी-20 सीरीज के लिए टीम का किया ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा कर दी है। चयनकर्ताओं ने टीम में कुछ अहम बदलाव करते हुए अकीम ऑगस्टे, ज्वेल एंड्रयू और शमर स्प्रिंगर को मौका दिया है।

जमैका में खेली जाने वाली इस श्रृंखला के लिए हाल ही में टी-20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाली टीम में बदलाव किए गए हैं। जॉनसन चार्ल्स, क्वेंटिन सैम्पसन और जेडन सील्स को इस बार टीम में जगह नहीं मिली है, जबकि अनुभवी तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है। 22 वर्षीय अकीम ऑगस्टे अब तक नौ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। वहीं 19 वर्षीय ज्वेल एंड्रयू पांच मुकाबलों में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। ऑलराउंडर शमर स्प्रिंगर भी छह टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों का अनुभव रखते हैं और उनकी वापसी से टीम को संतुलन मिलने की उम्मीद है।

मुख्य कोच डेरेन सैमी ने कहा कि विश्व कप के बाद यह टीम की पहली टी-20 श्रृंखला है और खिलाड़ी उसी जुझारूपन व एकजुटता के साथ मैदान पर उतरेंगे, जो हालिया टूर्नामेंट में देखने को मिली थी। तीनों मुकाबले जमैका के सबीना पार्क में 11, 13 और 14 जून को खेले जाएंगे। इसके बाद दोनों टीमें एंटीगुआ में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में आमने-सामने होंगी। श्रीलंका हाल ही में वनडे श्रृंखला 1-0 से जीतकर आत्मविश्वास से भरा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# ममता बनर्जी ने कल्याण बनर्जी को बनाया लोकसभा में चीफ व्हिप

**एजेंसी, कोलकाता।** टीएमसी में टूट के बीच ममता बनर्जी ने मंगलवार को सांसद कल्याण बनर्जी को लोकसभा में पार्टी का चीफ व्हिप नियुक्त किया। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को लेटर लिखकर कहा कि इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। टीएमसी के लोकसभा में 28 सांसदों में से 20 ने एक दिन पहले बगावत के बाद ममता का साथ छोड़ दिया था। उन्होंने एनडीए सरकार को समर्थन देने का फैसला किया है। इन लोगों ने सांसद काकोली घोष दस्तीदार को अपना चीफ व्हिप चुना था। खुद काकोली घोष ने बागी सांसदों के साइन वाला लेटर लोकसभा स्पीकर को भेजा था। इसमें टीएमसी से अलग हुए सांसदों के लिए अलग संसदीय ब्लॉक के रूप में सिटिंग मांगी थी।



चीफ व्हिप किसी राजनीतिक दल का सीनियर नेता होता है, जो संसद या विधानसभा में पार्टी के सांसदों/विधायकों के बीच अनुशासन बनाए रखने और पार्टी की रणनीति लागू कराने की जिम्मेदारी संभालता है। अगर कोई आदेश नहीं मानता है तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाती है। लोकसभा में टीएमसी के अभी 28 और राज्यसभा में 13 सांसद हैं। 3 जून को बंगाल के 80 में से 58 विधायक भी अलग गुट बना चुके हैं। इस गुट के नेता ऋतब्रत हैं। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 395 अंक चढ़ा निफ्टी 23200 के पार

**एजेंसी, मुंबई**

घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार का समापन हरे निशान पर हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 394.50 (0.53 प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 73,918.76 के स्तर पर पहुंचा। दूसरी ओर, निफ्टी 119.10 (0.52 प्रतिशत) अंक मजबूत होकर 23,242.10 पर पहुंच गया।

सत्र के दौरान पीएसयू बैंकों के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। एसबीआई और आयशर जैसी कंपनियों के शेयरों के भाव करीब दो फीसदी तक मजबूत हुए हैं। विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली के बीच घरेलू निवेशकों (डीआईआई) ने करीब चार लाख करोड़ रुपए के शेयर खरीदे हैं। डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे बढ़कर 95.36 (अस्थायी) पर बंद हुआ। बाजार में उतार-चढ़ाव को मापने वाला वोलैटिलिटी इंडेक्स यानी वीआईएक्स मंगलवार को करीब 9 प्रतिशत गिरकर 15.56 पर पहुंच गया। भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को एक बार फिर मजबूत 'बुलिश मोमेंटम' (तेजी) देखने को मिला है। निवेशकों के लिए यह कारोबारी दिन मुनाफे वाला साबित हुआ क्योंकि बाजार के दोनों प्रमुख इंडेक्स-सेंसेक्स और निफ्टी- हरे निशान पर बंद हुए।



इसके साथ ही, व्यापक बाजार ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजार को तेजी को और गति दी। सबसे बड़ी राहत की बात यह रही कि बाजार में डर और अस्थिरता को नापने वाला 'इंडिया विक्स' इंडेक्स भी काफी नीचे आ गया है, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय आमों पर नेपाल ने लगाई रोक, कीटनाशक मिलने का दावा

**एजेंसी, काठमांडू।** जापान के बाद अब नेपाल ने भारत से आम मंगाने पर रोक लगा दी है। नेपाल के अधिकारियों का कहना है कि जांच में कुछ खेपों में तय सीमा से ज्यादा कीटनाशक मिले। नेपाल सरकार के मुताबिक, यह फैसला खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन कराने के लिए लिया गया है। सरकार ने साफ किया कि इसका मकसद भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों को प्रभावित करना नहीं है। रोक लगने से पहले करीब 15.8 मीट्रिक टन भारतीय आम नेपाल पहुंच चुके थे। इनकी कीमत लगभग 10 लाख नेपाली रुपए बताई गई है। यह मामला ऐसे समय सामने आया है, जब पिछले महीने जापान ने भी भारतीय आमों के आयात पर रोक लगाई थी। हालांकि जापान ने यह कदम कीटनाशकों की वजह से नहीं, बल्कि जांच और सफाई से जुड़े नियमों में कमी मिलने पर उठाया था। जापान के फैसले से अल्फांसो, केसर, लंगड़ा और बंगनपल्ली जैसी भारतीय आम की मशहूर किस्मों का निर्यात प्रभावित हुआ था। करीब 20 साल में पहली बार जापान ने भारतीय आमों पर ऐसी रोक लगाई थी। नेपाल में फल कारोबारियों ने भी इस फैसले पर चिंता जताई है। (अनंत ज्ञान)



## 2 साल में देश के एटमी हथियार 190 हुए, पाकिस्तान से 20 ज्यादा

# भारत ने पहली बार 12 परमाणु हथियार किए तैनात: सिप्री रिपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हथियारों पर नजर रखने वाली ग्लोबल संस्था सिप्री की ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत ने कम से कम 12 परमाणु हथियार लाइव तैनात कर दिए हैं। इसका मतलब ये हुआ है कि भारतीय युद्धपोत, या पनडुब्बी या फिर दूसरे हथियारों में परमाणु हथियार हमेशा तैनात रहते हैं। ऐसा चीन और पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए किया गया है। यानि अगर कोई देश भारत के खिलाफ परमाणु हथियार इस्तेमाल करने की कोशिश करता है तो भारत तत्काल परमाणु हमला कर देगा। ये भारत की पुरानी न्यूक्लियर डॉक्ट्रिन से बिल्कुल अलग दावा है।

सिप्री की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने अपनी परमाणु तैयारी में एक बड़ा बदलाव करते हुए कम से कम 12 परमाणु वॉरहेड तैनात किए हैं। यह पहले के उस तरीके से अलग है जिसमें भारत अपने परमाणु वॉरहेड और मिसाइल जैसे डिलीवरी सिस्टम को अलग-अलग रखता था। यह पहली बार है जब स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) की परमाणु हथियारों पर नजर रखने वाली रिपोर्ट में यह बताया गया है कि भारत ने परमाणु वॉरहेड तैनात किए हैं। पिछली सभी रिपोर्टों में भारत के परमाणु हथियारों को 'स्टॉकपाइल' के तौर पर दिखाया जाता था न कि ऑपरेशनल तैनाती की स्थिति में। सिप्री की रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी 2026 तक भारत के पास कुल 190 परमाणु वॉरहेड हो गए हैं। इनमें से 12 परमाणु बमों को उनके डिलीवरी सिस्टम जैसे मिसाइल, या पनडुब्बी या फिर लड़ाकू विमानों के साथ जोड़ दिए गये हैं या उन्हें ऑपरेशनल फोर्स वाले बेस पर तैनात किया है। यानि परमाणु हथियारों को अलग स्टोरेज फैसिलिटी में रखने की भारत की दशकों पुरानी नीति अब बदल गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'लंबे समय से यह माना जाता रहा है कि शांति के समय भारत अपने परमाणु वॉरहेड को तैनात लॉन्चर से अलग रखता है।' (अनंत ज्ञान)



# सोना 1095 रुपए महंगा चांदी 1307 रुपए हुई सस्ती



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने के दाम में मंगलवार यानी 9 जून को बढ़त दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम आज 1,095 रुपए बढ़कर 1.53 लाख रुपए हो गया है। हालांकि, चांदी के दाम में आज गिरावट रही। एक किलो चांदी की कीमत 1,307 रुपए कम होकर 2.46 लाख रुपए पर आ गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 19 हजार रुपए और चांदी 15 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.53 लाख रुपए पर पहुंच गया है। (अनंत ज्ञान)

# मानसून सीजन को लेकर जिला प्रशासन सतर्क अग्रिम तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश

## डीसी बोलीं– 25 जून तक मानसून के पहुंचने की संभावना, पर्यटकों को सतर्क रहने की सलाह

अनंत ज्ञान



बैठक की अध्यक्षता करतीं डीसी किरण भड़ाना। अनंत ज्ञान

**केलांग।** लाहौल-स्पीति में आगामी मानसून सीजन के दृष्टिगत आज उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष केलांग में मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने की।

बैठक में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी पूर्वानुमानों एवं उपलब्ध रिपोर्टों की समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि जिले में मानसून के 25 जून 2026 के आसपास प्रवेश करने की संभावना है। साथ ही इस वर्ष जिले में पिछले वर्षों की तुलना में सामान्य से अधिक वर्षा होने का अनुमान है। संभावित प्राकृतिक आपदाओं एवं आपात परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी विभागों को आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त किरण भड़ाना ने कृषि एवं बागवानी विभाग को किसानों और बागवानों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने तथा उनकी उपज को समय पर बाजार तक पहुंचाने एवं उठान (लिफ्टिंग) की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए विभाग अग्रिम कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने विद्युत विभाग को मानसून अवधि के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी आवश्यक उपकरणों एवं मरम्मत दलों को तैयार रखने को कहा। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग (एचपीपीडब्ल्यूडी) को सड़क अवरोध, भूस्खलन एवं अन्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक मशीनरी, उपकरण एवं मानव संसाधन पूरी तरह तैयार रखने के निर्देश दिए ताकि किसी भी मार्ग को शीघ्र बहाल किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग को सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाइयों एवं जीवन रक्षक औषधियों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए गए। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग को एलपीजी सिलेंडरों, खाद्य तेल तथा आवश्यक राशन सामग्री का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने तथा किसी भी क्षेत्र के सड़क संपर्क बाधित होने की स्थिति में वैकल्पिक आपूर्ति व्यवस्थाओं के लिए अग्रिम समन्वय स्थापित करने को कहा गया।

### आयुष विभाग के ढांचे को सुदृढ़ करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, काजा।** उपनिदेशक मण्डी जोन डॉ. राजन सिंह ने अपने स्पीति प्रवास के दौरान उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी कार्यालय काजा का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र खुरिक सहित गियू, शिचलिंग, हुर्लिंग, लोसर और चिचम केंद्रों का भी निरीक्षण किया तथा चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न आयुष संस्थानों में स्टाफ की कमी और निर्माण संबंधी समस्याओं की समीक्षा की। बैठक में आयुष संस्थानों को आयुष आरोग्य मंदिर के रूप में स्तरोन्नत करने पर भी चर्चा हुई। डॉ. राजन सिंह ने अधिकारियों से आयुष विभाग के मूलभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मनाली पुलिस की तत्परता से बची जान समय पर पहुंची एंबुलेंस बनी जीवन रक्षक

अनंत ज्ञान



**मनाली।** यदि पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तत्परता तथा ईमानदारी से कार्रवाई करें, तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है। उनके समन्वित प्रयासों से बड़ी से बड़ी चुनौती का भी सफलतापूर्वक समाधान किया जा सकता है। ऐसा ही एक मामला सोमवार को सामने आया जब मनाली पुलिस की कार्य कुशलता से एक व्यक्ति की जान बच गई।

मनाली डेवलपमेंट कॉन्सिल के मुख्य संरक्षक गौतम ठाकुर ने बताया कि लाहौल घाटी में बढ़ते पर्यटक यातायात के बीच रात दिवस तांदी गांव के समीप एक गंभीर सड़क दुर्घटना में पर्यटकों द्वारा चलाई जा रही एक जिम्नी वाहन मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति के ऊपर चढ़ गई, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद केलंग अस्पताल ने घायल व्यक्ति को बेहतर उपचार हेतु क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर कर दिया। आपातकालीन स्थिति को देखते हुए रात आठ बजे के बाद अटल टनल रोहतांग (एटीआर) मार्ग से घायल को समय पर कुल्लू पहुंचाना लगभग असंभव प्रतीत हो रहा था, क्योंकि अटल टनल से मनाली तक लंबी लाइन लगी थी। जैसे ही इस संबंध में सूचना डीएसपी मनाली केडी शर्मा को दी गई, उन्होंने अपनी कार्य कुशलता, तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए पुलिस मोटरसाइकिल राइडर द्वारा एंबुलेंस को एस्कोर्ट करवाया। परिणामस्वरूप एंबुलेंस मात्र लगभग चालीस मिनट में पतलीकूहल पहुंच गई, जहां से आगे घायल को समय रहते कुल्लू अस्पताल पहुंचा दिया गया। उधर, कुल्लू के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रणजीत ठाकुर ने भी असाधारण संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय देते हुए चिकित्सकों की टीम को पहले से तैयार रखा। अस्पताल पहुंचते ही घायल व्यक्ति का सर्जरी,सीटी स्कैन, एक्स-रे तथा अन्य आवश्यक उपचार तुरंत आरंभ किया गया, जिसके फलस्वरूप उसकी जान बचाई जा सकी।

वर्तमान में घायल व्यक्ति खतरे से बाहर बताया जा रहा है। गौतम ठाकुर ने मनाली डेवलपमेंट काउंसिल तथा सभी पर्यटन स्टेकहोल्डर्स मनाली होटलियर एसोसिएशन, व्यापार मंडल मनाली, टैक्सी यूनियन मनाली, टैक्सी यूनियन अलेऊ, हिमाचल प्रदेश ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन तथा अन्य सामाजिक एवं व्यावसायिक संस्थाओं ने डीएसपी मनाली के.डी. शर्मा की त्वरित कार्रवाई, उत्कृष्ट समन्वय एवं कुशल नेतृत्व की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

## ग्रीन टैक्स का फैसला जनविरोधी: डॉ. जनकराज

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर-पांगी के विधायक डॉ. जनकराज ने विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) द्वारा 1 जुलाई से ग्रीन टैक्स और सेनिटेशन शुल्क लागू करने के निर्णय को जनविरोधी बताते हुए सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट और महंगाई की मार झेल रही जनता पर नए करों का बोझ डालना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। डॉ. जनकराज ने कहा कि भरमौर एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र है, जहां हर वर्ष हजारों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में प्रवेश शुल्क और अतिरिक्त कर लगाने से क्षेत्र की पर्यटन गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसका सीधा असर स्थानीय होटल व्यवसायियों, टैक्सी चालकों, दुकानदारों और पर्यटन से जुड़े सैकड़ों परिवारों की आजीविका पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन इसके लिए आम जनता की जेब पर अतिरिक्त बोझ डालना समाधान नहीं है।

# कटराईं में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

अनंत ज्ञान



**पतलीकूहल।** कटराईं स्थित होटल शुभम में सात दिनों तक चलने बाली श्रीमद्भागवत कथा का आज भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर भागवत कथा के आयोजक आदर्श महिला मंडल कटराईं की सदस्यों के साथ-साथ भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया ।

कार्यक्रम के व्यवस्थापक नीरज उपाध्याय ने बताया कि कटराईं स्थित शुभम होटल के प्रांगण में प्रति वर्ष श्रीमद्भागवत सप्ताह का आयोजन होता आ रहा है और इस वर्ष भी श्रीधाम वृंदावन के कथा व्यास पंडित विष्णु दत्त मिश्र, सरस जी महाराज अपनी सुमधुर वाणी सेश्रीमद्भागवत कथा का बखान करेंगे।

उन्होंने बताया कि कथा का आयोजन मंगलवार 9 जून से आरंभ होकर सोमवार पंद्रह जून तक होगा । इस दौरान प्रतिदिन प्रात: 8:00 बजे वेदी पूजन, मूल पाठ एवं गोपाल यज्ञ और भागवत कथा का समय प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से सांय छ: बजे तक रहेगा ।

उन्होंने सभी सनातन प्रेमियों से प्रार्थना की है कि विशेष फल देने वाले पुरुषोत्तम मास में आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने हेतू अपने परिवार जनों के साथ शुभम होटल कटराईं में अवश्य पधारें और प्रभू की लीलाओं का गुणगान सुनकर पुण्य के भागी बनें ।

## 1 जुलाई से भरमौर में लागू होगा ग्रीन टैक्स, स्थानीय वाहनों को मिलेगी छूट

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** उपमंडल प्रशासन भरमौर ने 1 जुलाई से क्षेत्र में ग्रीन टैक्स लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में एडीएम भरमौर विकास शर्मा ने स्थानीय वाहन मालिकों, टैक्सी संचालकों तथा विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों से समय रहते छूट प्रमाण-पत्र (पास) बनवाने की अपील की है। एडीएम विकास शर्मा ने बताया कि भरमौर क्षेत्र के ऐसे स्थानीय निवासी, जिनके वाहन अन्य राज्यों अथवा अन्य आरटीओ में पंजीकृत हैं, वे उपमंडलाधिकारी (ना.) कार्यालय भरमौर में आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन कर ग्रीन टैक्स से छूट के लिए पास प्राप्त कर सकते हैं। स्वीकृत पासधारक वाहनों से ग्रीन टैक्स नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्थानीय निवासी होने के प्रमाण के लिए आधार कार्ड (स्थानीय पते सहित), राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, जमाबंदी अथवा भूमि संबंधी दस्तावेज, पंचायत या राजस्व विभाग द्वारा जारी निवास प्रमाण-पत्र सहित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत किया जा सकता है, जिससे स्थानीय निवास प्रमाणित होता हो। इसके अतिरिक्त भरमौर क्षेत्र में कार्यरत सरकारी, अर्द्धसरकारी, बोर्ड, निगम, बैंक, शैक्षणिक संस्थानों तथा निजी संस्थानों के कर्मचारी, जिनके वाहन अन्य राज्यों अथवा अन्य आरटीओ में पंजीकृत हैं, वे अपने विभाग द्वारा जारी वैध पहचान पत्र या सेवा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर छूट पास प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे पात्र कर्मचारियों के वाहनों से भी ग्रीन टैक्स नहीं वसूला जाएगा। एडीएम ने सभी पात्र वाहन मालिकों और टैक्सी संचालकों से आग्रह किया है कि वे समय रहते आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपमंडलाधिकारी (ना.) कार्यालय भरमौर में आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि ग्रीन टैक्स लागू होने के बाद किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# श्रीखंड महादेव यात्रा के लिए प्रशासन ने पूरी की रेकी, रास्तों का मरम्मत कार्य जारी

अनंत ज्ञान



**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** 18570 फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड कैलाश महादेव के दर्शन के लिए 35 किलोमीटर की उत्तर भारत की सबसे कठिन और रोमांचक यात्रा से पहले प्रशासन ने रास्ते की रेकी करने के लिए टीम भेजी थी। टीम ने रास्ते का निरीक्षण कर रिपोर्ट एसडीएम निरमंड और श्रीखण्ड महादेव यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष जगदीप कंवर को सौंप दी।

एसडीएम निरमंड ने बताया कि रेकी टीम में राजस्व विभाग, वन विभाग, पुलिस और पर्वतारोही शामिल थे। टीम में पटवारी सोनम ताशे, टेक सिंह, वन रक्षक प्रताप सिंह, निरमंड थाना के दो पुलिसकर्मी और अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सम्बद्ध खेल संस्थान मनाली के दो पर्वतारोही शामिल थे।

रिपोर्ट के अनुसार ब्राह्टी नाला पर स्थित पैदल पुल क्षतिग्रस्त है, जिसे एक-दो दिनों में ठीक कर दिया जाएगा। इसके आगे दूसरा पुल भी क्षतिग्रस्त है, जिसकी मरम्मत ब्राह्टी नाला पुल के ठीक होने के बाद शुरू की जाएगी और संभवत: लोहे की पुलिया लगाई जाएगी। इसके अलावा रास्ता काली टॉप, कुंशा और भीम डवारी तक हल्का क्षतिग्रस्त है, जहां टूटी हुई सीढ़ियों की मरम्मत की जाएगी।

### भीम डवारी के समीप झरना खतरे में

**एसडीएम** ने बताया कि भीम डवारी के पास एक झरना यात्रियों के लिए जोखिम भरा है, क्योंकि पानी की मात्रा अधिक है। प्रशासन ने स्थानीय लोगों, खण्ड विकास कार्यालय और पंचायत को वैकल्पिक मार्ग तलाशने का जिम्मा सौंपा है ताकि झरने में पानी अधिक होने पर यात्रियों को सुरक्षित रास्ता मिल सके। एसडीएम और ट्रस्ट उपाध्यक्ष जगदीप कंवर ने लोगों से अपील की कि आधिकारिक यात्रा शुरू होने से पहले जोखिमपूर्ण ट्रैकिंग न करें, क्योंकि मार्ग में न मेडिकल सुविधा है और न आपातकालीन रेस्क्यू टीम। उन्होंने बताया कि जल्द ही पूरी रिपोर्ट डीसी कुल्लू और ट्रस्ट अध्यक्ष को सौंप दी जाएगी। यात्रा ट्रस्ट की पहली बैठक 16 जून को निरमंड में आयोजित की जाएगी, जिसमें यात्रा के सभी तैयारियों की समीक्षा की जाएगी और मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए जाएंगे।

# मणिमहेश यात्रा की तैयारियां तेज, एडीएम ने हड़सर-धनछो ट्रैक का किया निरीक्षण

## संबंधित विभागों को सुरक्षा और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के निर्देश

अनंत ज्ञान



**भरमौर।** विश्व प्रसिद्ध पवित्र मणिमहेश यात्रा-2026 को सुरक्षित, सुचारु और व्यवस्थित बनाने के लिए भरमौर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को एडीएम भरमौर विकास शर्मा के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, विद्युत विभाग तथा वन्य प्राणी प्रभाग (डीएफओ वाइल्डलाइफ) की संयुक्त टीम ने हड़सर से धनछो तक पैदल यात्रा मार्ग का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एडीएम विकास शर्मा ने हड़सर-धनछो ट्रैक पर पैदल चलकर विभिन्न स्थलों का जायजा लिया और पिछले वर्ष मानसून के दौरान हुई भारी बारिश एवं भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुए हिस्सों का आकलन किया। उन्होंने बताया कि प्रभावित मार्गों के वैकल्पिक रास्तों के निर्माण और मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं, ताकि यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें। एडीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि असुरक्षित एवं क्षतिग्रस्त हिस्सों के सुदृढ़ीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान यह भी तय किया गया कि जिन स्थानों पर पिछले वर्ष पुलों को नुकसान पहुंचा था, वहां वन विभाग और लोक निर्माण विभाग के सहयोग से लकड़ी के अस्थायी पुल स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए आवश्यक तकनीकी आंकलन और स्थल चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एडीएम ने कहा कि मौसम की चुनौतियों और पिछले वर्षों के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने समय रहते तैयारियां शुरू कर दी हैं, ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें।

## मनाली में 11 वीवीआईपी एक साथ यातायात व्यवस्था में बढ़ी व्यस्तता

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली में एक साथ 11 वीवीआईपी के दौरे से प्रशासन और पुलिस की व्यस्तता बढ़ गई। पर्यटकों की भारी आमद के बीच विभिन्न राज्यों के न्यायाधीशों, पूर्व राष्ट्रपति और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। ख़ासकर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस को पसीना बहाना पड़ा। जिले के दौरे पर पहुंचे वीवीआईपी में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जिया लाल भारद्वाज, न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल तथा न्यायमूर्ति चंद्र भूषण बारोवालिया (लोकायुक्त एवं अध्यक्ष, मानवाधिकार आयोग हिमाचल प्रदेश) शामिल हैं। इसके अलावा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संतोष राय, न्यायमूर्ति अजीत कुमार और न्यायमूर्ति मनीष माथुर, पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजीव राय तथा आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति महेश्वर राव कुंचम भी जिले के दौरे पर हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी इन दिनों जिले के प्रवास पर हैं। वहीं संसद की राजभाषा संबंधी तृतीय उपसमिति का दल भी जिले के दौरे पर है। इसके अतिरिक्त केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष जिष्णु मनीष माथुर अपने सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कुल्लू जिले में मौजूद हैं। पर्यटन सीजन के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटकों के आगमन और वीवीआईपी दौरों के एक साथ होने से प्रशासन को यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और प्रोटोकॉल संबंधी व्यवस्थाओं के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ रही है। पुलिस और जिला प्रशासन ने सभी दौरा स्थलों पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए हैं। डीएसपी केडी शर्मा ने कहा कि तमाम व्यवस्था कि गई थी।

# सरकार व प्रशासन की बेरुखी से बागवान गुजर रहे आर्थिक संकट से: प्रेम शर्मा

अनंत ज्ञान



**पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने प्रदेश सरकार पर कुल्लू जिले के किसानों और बागवानों की लगातार अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन की बेरुखी के कारण जिला का बागवान आज बेहद हताश और आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है।

प्रेम शर्मा ने बागवानों की दुर्दशा बयां करते हुए कहा कि इस वर्ष मौसम की मार के कारण जिले में सेब की फसल केवल 30 प्रतिशत ही बची है, जबकि प्लम और नाशपाती की फसल तो न के बराबर है। जो थोड़ी-बहुत फसल बची थी, उसकी रही-सही कसर हाल ही में हुई भारी ओलावृष्टि ने पूरी कर दी। इस वर्ष अब तक कुल्लू जिले का लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्र भारी ओलावृष्टि की चपेट में आ चुका है, जिससे फल और सब्जियां पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं, लेकिन बड़े दुख की बात है कि अभी तक विभाग के किसी भी अधिकारी ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का आकलन करने की जहमत नहीं उठाई है। उन्होंने याद दिलाया कि कुल्लू का बागवान पिछले साल आई भीषण बाढ़ की मार से अभी तक उबर नहीं पाया है। पिछले सीजन में बाढ़ के कारण बागवानों की अधिकांश फसल बगीचों में ही सड़कर खराब हो गई थी, जिससे वे पहले से ही गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

### बागवानी मंत्री से की शीघ्र हस्तक्षेप की मांग

**कुल्लू** फलोत्पादक मंडल के प्रधान ने प्रदेश के बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी से पुरजोर आग्रह किया है कि कुल्लू के बागवानों के साथ हो रहे इस भेदभाव को तुरंत बंद किया जाए। उन्होंने मांग की है कि ग्राफ्टिंग में निपुण और अनुभवी कर्मचारियों को बागवानों के हित में तुरंत वापस नग्गर खंड में तैनात किया जाए। ओलावृष्टि से हुए नुकसान का तुरंत विशेष गिरदावरी (आकलन) करवाकर बागवानों को उचित मुआवजा दिया जाए।कुल्लू जिला को कृषि और बागवानी भूमि के क्षेत्रफल के अनुपात में सभी जरूरी सुविधाएं और रियायती दवाइयां समय पर उपलब्ध करवाई जाएं।

**दवाइयां महंगी :** नग्गर विकास खंड के उद्यान विभाग में कार्यरत और ग्राफ्टिंग के कार्य में निपुण अनुभवी कर्मचारियों का जिला से बाहर तबादला कर दिया गया है, जिससे बागवानों को तकनीकी सहायता मिलने में भारी दिक्कत आ रही है। जो दवाइयां उपलब्ध करवाई है वे या तो बाजार मूल्य पर थीं या फिर कुछ दवाइयां बाजार के दामों से भी अधिक महंगी दरों पर बागवानों को बेची गईं।

## नगर परिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान, बस स्टैंड पर 3 दुकानदारों के चालान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** नगर परिषद द्वारा मुख्य बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की गई, जिसमें पुलिस बल के साथ नगर परिषद की टीम भी मौजूद रही। अभियान के दौरान नाली के ऊपर सामान रखने और अतिक्रमण करने पर तीन दुकानदारों के 1000-1000 रुपए के चालान काटे गए। नगर परिषद का कहना है कि दुकानदारों द्वारा नालियों पर कब्जा करने से सफाई कार्य बाधित हो रहा था, जबकि उन्हें कई बार चेतावनी दी जा चुकी थी। कार्रवाई के दौरान व्यापारियों ने विरोध जताया, जिस पर नव निर्वाचित पार्षद मनीष गुप्ता मौके पर पहुंचे और चालान न करने का आग्रह किया। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) हर्षित शर्मा ने कहा कि बरसात से पहले नालियों की सफाई जरूरी है, इसलिए नियमों के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे सामान दुकान के अंदर रखें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। बाद में व्यापारियों और नगर परिषद के बीच सहमति भी बनी।

# यूएई में नौकरी का मौका हेल्पर पदों पर भर्ती शुरू

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** श्रम एवं रोजगार व ओवरसीज प्लेसमेंट विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित कंपनी 'किंग्स्टन होल्डिंग्स' के लिए 'फैक्ट्री हेल्पर/जनरल हेल्पर' के पदों पर भर्ती निकाली गई है।

यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि इस भर्ती के लिए केवल वही उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं जिनके पास एक वैध पासपोर्ट उपलब्ध हो और जो चयन होने के बाद एक महीने के भीतर विदेश जाने तथा कार्यभार संभालने के इच्छुक हों। बिना वैध पासपोर्ट वाले अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास रखी गई है तथा उम्मीदवारों को अंग्रेजी भाषा का सामान्य ज्ञान होना आवश्यक है। इस भर्ती में फ्रेशर और अनुभवी दोनों ही तरह के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, जिनकी आयु सीमा 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 1375, श्वष्ठ प्रतिमाह का वेतन प्राप्त होगा, जिसमें 1075 AED मासिक मूल वेतन तथा लगभग 300, श्वष्ठ ओवरटाइम आय शामिल है। इसके अतिरिक्त, कंपनी द्वारा रहने का आवास, चिकित्सा बीमा, दो वर्ष में एक बार हवाई टिकट तथा यूएई श्रम कानून के अनुसार ग्रेच्युटी की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार पंजीकरण के लिए दिए गए गूगल फॉर्म लिंक जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जून 2026 निर्धारित की गई है। धिक जानकारी के लिए उम्मीदवार दूरभाष नंबर 01902-222522 पर संपर्क कर सकते हैं

# पंचायत चुनावों ने फिर साबित की डॉ. रामलाल मार्कंडेय की राजनीतिक पकड़

अनंत ज्ञान



**केलांग।** लाहौल-स्पीति के हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों के परिणामों ने एक बार फिर यह संकेत दिया है कि क्षेत्र की राजनीति में लाहौल-स्पीति विकासशील मंच और उसके अध्यक्ष डॉ रामलाल मार्कंडेय का जनाधार लगातार मजबूत हो रहा है। चुनावी नतीजों के आंकड़ों और विभिन्न पंचायतों में विकासशील मंच समर्थित उम्मीदवारों को मिले समर्थन का विश्लेषण बताता है कि पिछले विधानसभा उपचुनाव की तुलना में इस बार मंच के प्रभाव क्षेत्र में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पंचायत चुनाव किसी भी क्षेत्र में जनता की वास्तविक सोच का सबसे बड़ा पैमाना होते हैं। इन चुनावों में स्थानीय मुद्दे, उम्मीदवार की स्वीकार्यता और नेतृत्व के प्रति जनता का विश्वास सीधे तौर पर दिखाई देता है। लाहौल-स्पीति में विकासशील मंच समर्थित उम्मीदवारों को मिले वोट यह दर्शाते हैं कि डॉ. रामलाल मार्कंडेय की विकास आधारित राजनीति को लोगों का समर्थन लगातार मिल रहा है।

विशेष बात यह रही कि जिन क्षेत्रों में विकासशील मंच ने संगठनात्मक रूप से काम किया, वहां उसके समर्थित उम्मीदवारों को अपेक्षा से अधिक समर्थन प्राप्त हुआ। इससे यह संकेत मिलता है कि मंच अब केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं, बल्कि स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता की आवाज के रूप में स्थापित हो रहा है। उपचुनाव के बाद कई राजनीतिक जानकार यह मान रहे थे कि विकासशील मंच का प्रभाव सीमित हो सकता है, लेकिन पंचायत चुनावों के परिणामों ने इस धारणा को काफी हद तक गलत साबित किया है। वोट प्रतिशत और विभिन्न पंचायतों में मंच समर्थित उम्मीदवारों के प्रदर्शन से स्पष्ट है कि डॉ. मार्कंडेय की व्यक्तिगत स्वीकार्यता और संगठन की पकड़ दोनों मजबूत हुई हैं।

लाहौल-स्पीति के विकास, जनजातीय हितों, शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य और स्थानीय अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर लगातार मुखर रहने का लाभ भी विकासशील मंच को मिलता दिखाई दे रहा है। यही कारण है कि पंचायत स्तर पर भी लोगों ने मंच से जुड़े उम्मीदवारों पर भरोसा जताया।

कुल मिलाकर पंचायत चुनावों का संदेश स्पष्ट है- लाहौल-स्पीति की राजनीति में डॉ. रामलाल मार्कंडेय की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है, बल्कि उनका जनाधार पहले से अधिक मजबूत होकर उभरा है। यदि यह रुझान आगे भी जारी रहता है, तो आने वाले राजनीतिक समीकरणों में विकासशील मंच एक और अधिक प्रभावशाली शक्ति के रूप में सामने आ सकता है।

## नादौन पुलिस ने नाबालिग को तीन घंटे के भीतर किया बरामद

**अनंत ज्ञान, सोनल, नादौन।** पुलिस थाना नादौन द्वारा नाबालिग गुमशुदगी/अपहरण से संबंधित एक प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए मात्र करीब 3 घंटे के भीतर नाबालिग को सकुशल ट्रेस आउट कर लिया गया। प्राप्त शिकायत के अनुसार नाबालिग के घर से लापता होने की सूचना दर्ज की गई थी, जिस पर थाना नादौन की पुलिस टीम द्वारा तत्काल तलाशी अभियान प्रारम्भ किया गया। तकनीकी सहायता, स्थानीय सूचना तंत्र तथा विभिन्न संभावित स्थानों पर सघन जांच के उपरांत नाबालिग को सुरक्षित बरामद किया गया। बरामद नाबालिग को नियमानुसार पुलिस संरक्षण में लेकर आवश्यक काउंसलिंग एवं वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण की गई तथा उसके माता-पिता/अभिभावकों को मौके पर बुलाकर विधिवत सत्यापन उपरांत सुपुर्द किया गया। पुलिस थाना नादौन द्वारा संवेदनशीलता एवं तत्परता दिखाते हुए नाबालिग की सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित की गई है।

# पुलिस ने उद्घोषित अपराधी को सलौणी से किया गिरफ्तार



पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार उद्घोषित अपराधी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पीओ सेल हमीरपुर द्वारा न्यायालय से घोषित उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की गई है।


इस अभियान के दौरान टीम ने उद्घोषित अपराधी पंकज, निवासी घुमारली, तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर (उम्र 37 वर्ष) को गिरफ्तार किया। उक्त आरोपी को न्यायालय जेएमएफसी बड़सर द्वारा 20 दिसंबर 2025 को थाना बड़सर के अंतर्गत धारा 138 एनआई एक्ट के मामले में उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। पुलिस ने उसे 8 जून की सायं सलौणी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी को 9 जून 2026 को एसीजेएम बड़सर की अदालत में पेश किया जाएगा। जिला पुलिस हमीरपुर ने बताया कि न्यायालय के आदेशों की पालना और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# शूलिनी साइकिलिंग क्लब ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया

## हरियाली बचाने के लिए साइक्लिंग क्लब ने चलाया जागरूकता अभियान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, शूलिनी विश्वविद्यालय साइक्लिंग क्लब ने पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवन शैली और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन साधनों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए एक साइकिल रैली का आयोजन किया। इस रैली में स्थिरता और फिटनेस का सशक्त संदेश दिया गया। शूलिनी विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर विक्रांत चौहान द्वारा समन्वित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रशिक्षित साइकिल चालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए उल्लेखनीय ऊर्जा, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ साइकिल चलाई। इस पहल का उद्देश्य लोगों को सतत जीवनशैली



साइकिलिंग करते शूलिनी क्लब के सदस्य। अनंत ज्ञान

अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना और साइकल को मोटर चालित परिवहन के एक स्वस्थ और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार विकल्प के रूप में उजागर करना था प्रतिभागियों ने निर्धारित मार्गों पर प्रदूषण कम करने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और स्वच्छ एवं हरित भविष्य में योगदान देने का संदेश दिया। यह रैली भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण की रक्षा में नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी की याद दिलाती है।

इस अवसर पर बोलते हुए, विक्रांत चौहान ने जोर दिया कि पर्यावरण संरक्षण छोटे लेकिन सार्थक कार्यों से शुरू होता है, और साइकिल चलाना एक ऐसा ही कदम है जो व्यक्तिगत स्वास्थ्य और ग्रह दोनों के लिए लाभकारी है। इस आयोजन ने छात्रों और व्यापक समुदाय के बीच पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ किया। क्लब ने शूलिनी विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के एसोसिएट डीन, प्रोफेसर नीरज गंडोत्रा के बहुमूल्य मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और निरंतर समर्थन को स्वीकार किया, जिनकी प्रेरणा ने इस आयोजन के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके।

इस आयोजन ने विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह पैदा किया। प्रतिभागियों ने स्वच्छता, वृक्षारोपण और हरित परिवहन को अपनाने का संकल्प लिया, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश गया। इस पहल से सतत विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान मिला। इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाने चाहिए।

# पश्चिमी एशिया में तनाव का असर, सोलन में गैस सिलेंडरों की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

अनंत ज्ञान



**सोलन।** इन दिनों रसोई गैस सिलेंडरों की किल्लत से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पश्चिमी एशिया में जारी तनाव के कारण एलपीजी की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने से सिलेंडरों की उपलब्धता पर असर पड़ा है। इसका सीधा असर सोलन सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार स्थानीय गैस एजेंसियों को सिलेंडरों की आपूर्ति समय पर नहीं मिल पा रही है, जिसके चलते उपभोक्ताओं को रिफिल बुक कराने के बाद 25 से 30 दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत बढ़कर करीब 1,019 प्रति सिलेंडर पहुंचने से महंगाई की मार झेल रहे परिवारों का रसोई बजट भी बिगड़ गया है।

सबसे अधिक प्रभावित व्यावसायिक उपभोक्ता हैं। होटल, रेस्टोरेंट और अन्य कारोबारी प्रतिष्ठानों को कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति में भारी दिक्कत आ रही है। सिलेंडरों की उपलब्धता कम होने और कीमतों में बढ़ोतरी से छोटे कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि भारतीय तेल निगम (आईओसी) का कहना है कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस की आपूर्ति जारी है, लेकिन परिवहन और वितरण व्यवस्था प्रभावित होने के कारण सिलेंडर पहुंचने में देरी हो रही है। इसके चलते उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सोलन में इंडेन, भारत गैस और एचपी गैस के माध्यम से एलपीजी सिलेंडरों का वितरण किया जाता है। कंपनी अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे रिफिल की आवश्यकता को देखते हुए समय रहते बुकिंग करवाएं और अपने संबंधित वितरक से उपलब्धता की जानकारी लेते रहें।

गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण पैदा हुई इस स्थिति का असर देश के कई हिस्सों में देखने को मिल रहा है और आपूर्ति सामान्य होने तक लोगों को कुछ समय तक दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

गैस एजेंसियों का कहना है कि आपूर्ति सामान्य होने में अभी समय लग सकता है, क्योंकि ट्रांसपोर्टेशन पर भी असर पड़ा है। वहीं उपभोक्ताओं ने मांग की है कि सरकार वैकल्पिक व्यवस्था करे ताकि आवश्यक सेवाएं प्रभावित न हों। कई क्षेत्रों में लोग छोटे गैस स्टोव और वैकल्पिक ईंधन का सहारा लेने को मजबूर हैं। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जल्द सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। उपभोक्ताओं ने तत्काल राहत की मांग की है, वहीं एजेंसियां जल्द आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद जता रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अर्की अस्पताल में सुरक्षित मातृत्व अभियान पर जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, अर्की।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सिविल अस्पताल अर्की में डॉ. बाल कृष्ण कौंडल के निर्देशानुसार एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूक करना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का समय पर लाभ लेने के लिए प्रेरित करना रहा। शिविर के दौरान महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सपना ठाकुर ने गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व आवश्यक चार जांचों, नियमित टीकाकरण तथा उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की समय पर पहचान एवं उसके उचित प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया तथा टीकाकरण सत्र का आयोजन किया गया। सुपरवाइजर भूषण वर्मा ने भी उपस्थित गर्भवती महिलाओं को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं और नियमित स्वास्थ्य जांच तथा चिकित्सकीय सलाह का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

### जिला राजस्व अधिकारी शाखा में मिलेगी पासपोर्ट संबंधी सेवाएं

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में नागरिकों को पासपोर्ट संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए 10 से 12 जून, 2026 तक उपायुक्त कार्यालय के जिला राजस्व अधिकारी शाखा नाहन में मोबाइल पासपोर्ट वैन तैनात रहेगी। यह जानकारी एक प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि विदेश मंत्रालय से स्वीकृति मिलने के उपरांत सिरमौर जिला के नागरिकों को घर-द्वार पर पासपोर्ट सेवाएं प्रदान की जा रही है, जिसके लिए प्रतिदिन 50 अपॉइंटमेंट ली जाएगी।

### मारपीट मामले में दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**सोलन।** पुलिस ने मारपीट मामले में फरार चल रहे दो मुख्य आरोपियों अनिरुद्ध अत्री उर्फ वासु और अभय शर्मा उर्फ अभी को कसौल के पुलगा जंगल क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी घटना के बाद लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचते रहे। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और मानव स्रोतों की मदद से 90 घंटे के अभियान में गिरफ्तारी संभव हुई। दोनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जांच जारी है।सोलन पुलिस की इस कार्रवाई को एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, जिसमें लगातार तकनीकी और जमीनी स्तर पर समन्वित प्रयास किए गए। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई स्थानों पर दबिश दी और संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी। इस दौरान स्थानीय लोगों से भी महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिन्होंने जांच को आगे बढ़ाने में मदद की। पुलिस अब आरोपियों के मोबाइल डेटा, कॉल रिकॉर्ड और डिजिटल गतिविधियों की गहन जांच कर रही है ताकि पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा सके। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि घटना में अन्य कौन लोग शामिल हो सकते हैं और किस स्तर तक उनकी संलिप्तता रही है।

### पांवटा साहिब में सर्विस लिफ्ट दुर्घटना में 19 वर्षीय युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब के औद्योगिक क्षेत्र सूरजपुर स्थित निजी दवा निर्माण कंपनी पेस बायोटेक में सोमवार देर शाम एक औद्योगिक दुर्घटना में 19 वर्षीय युवक की मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान अमन पुत्र सुल्तान सिंह निवासी गांव क्यारदा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले से संबंधित जानकारी एकत्रित की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक देर शाम को कंपनी में कार्य के लिए नियुक्त हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमन कंपनी परिसर में कार्य के दौरान सर्विस लिफ्ट के माध्यम से सामान ले जा रहा था। इसी दौरान वह लिफ्ट में फंस गया। घटना का पता चलते ही कंपनी प्रबंधन और अन्य कर्मचारियों ने उसे बाहर निकालने का प्रयास किया। आवश्यक सहायता उपलब्ध कराते हुए उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना किन परिस्थितियों में हुई और लिफ्ट के संचालन से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### परवाणू में दो सड़क हादसे, टोल केबिन क्षतिग्रस्त, तीन लोग घायल

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर परवाणू टोल प्लाजा में सोमवार सुबह एक ट्रॉले से लदे लंबे लोहे के एंगल टोल केबिन से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि केबिन का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और अंदर मौजूद एक कर्मचारी घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए एक लेन बंद करनी पड़ी, जिससे यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### खोडोवाला खाला में अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना पुरुवाला की टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अमर सिंह निवासी गांव डांडीवाला, डाकघर राजपुरा, तहसील पांवटा साहिब, सिंघपुरा के समीप मुर्गीदाना फैक्ट्री खोडोवाला खाला के पास स्थित अपनी परचून की दुकान में अवैध शराब रखकर बेचने का कारोबार कर रहा है।सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित स्थान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 4 लीटर नाजायज शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना पुरुवाला में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### सीमेंट श्रमिकों के अधिकारों पर हुई बैठक

**दाड़लाघाट।** प्रदेश में आयोजित संयुक्त बैठक में सीमेंट उद्योगों के श्रमिकों ने वेतन विसंगतियों, ठेका प्रथा, शोषण और नौकरी से निकाले जाने जैसे मुद्दे उठाए। अखिल भारतीय सीमेंट मजदूर महासंघ के नेताओं यशपाल हैटा और ओम प्रकाश शर्मा ने श्रमिकों की मांगों को सरकार व प्रबंधन के समक्ष मजबूती से रखने का आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान न होने पर प्रदेशभर के सीमेंट संयंत्रों में आंदोलन और हड़ताल शुरू की जाएगी। बैठक में श्रमिकों ने महंगाई भत्ते, नियमितीकरण और कार्य सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी जोर दिया।

# सोलन सब्जी मंडी में टमाटर के दामों ने पकड़ी रफ्तार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सब्जी मंडी में स्थानीय टमाटर के दामों में इन दिनों जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। सीजन की शुरुआत में ही टमाटर की कीमतों में आए उछाल से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। मंगलवार को मंडी में अच्छी गुणवत्ता वाले टमाटर की बोली 800 से 950 रुपये प्रति क्रेट तक पहुंच गई, जबकि एक दिन पहले अधिकतम भाव 700 रुपये प्रति क्रेट दर्ज किया गया था। कुछ ही दिन पहले तक स्थानीय टमाटर की कीमतें 300 से 400 रुपये प्रति क्रेट के बीच चल रही थीं। ऐसे में कम समय में दामों में आई इस तेजी ने उत्पादकों के साथ-साथ आढ़तियों में भी उत्साह बढ़ा दिया है।

मंडी में इन दिनों स्थानीय टमाटर की आवक लगातार बढ़ रही है और रोजाना करीब 200 क्रेट तक टमाटर



पहुंच रहा है। बावजूद इसके बाहरी राज्यों से आपूर्ति में कमी आने के कारण स्थानीय टमाटर की मांग बढ़ी है, जिसका सीधा असर कीमतों पर दिखाई दे रहा है।

आढ़तियों के अनुसार अभी सोलन जिले में टमाटर का सीजन पूरी तरह शुरू नहीं हुआ है। वर्तमान में मंडी में मुख्य रूप से सिंचाई सुविधा वाले क्षेत्रों से ही फसल पहुंच रही है। इनमें गंबरपुल, कंडाघाट, साधुपुल, अश्वनी खड्ड, मनलोग और अन्य नदीपार क्षेत्र शामिल हैं।

# पशुपालकों ने दूध कीमत बढ़ाने की मांग की

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** बढ़ती महंगाई और पशुओं के चारे, भूसे तथा अन्य खर्चों में लगातार हो रही वृद्धि से परेशान पशुपालकों ने दूध के खरीद मूल्य में बढ़ोतरी की मांग उठाई है। इस संबंध में पशुपालकों के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम पांवटा साहिब के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपकर उचित कदम उठाने की मांग की। पशुपालकों का कहना है कि पिछले कुछ समय में पशुपालन से जुड़े खर्चों में काफी इजाफा हुआ है, लेकिन दूध के दामों में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं होने से उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दरों पर पशुपालन करना कठिन होता जा रहा है, जिससे छोटे और मध्यम वर्ग के पशुपालक सबसे अधिक प्रभावित हैं।

# जिला सोलन में लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के निर्देश, नशा और साइबर अपराधों पर रहेगी कड़ी नजर

अनंत ज्ञान

**सोलन।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सोलन में एसपी एसडी वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित मासिक जिला स्तरीय अपराध समीक्षा एवं पुलिस जवानों के कल्याण (वेलफेयर) संबंधी वर्चुअल बैठक में जिले में दर्ज आपराधिक मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में वर्ष 2026 में 31 मई तक दर्ज मामलों का आकलन करते हुए सभी पर्यवेक्षक अधिकारियों और थाना प्रभारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान लंबे समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाकर उनकी अंतिम रिपोर्ट न्यायालयों में भेजने के निर्देश जारी किए गए। साथ ही संगीन अपराधों, मादक पदार्थों से जुड़े मामलों तथा साइबर अपराधों पर विशेष निगरानी रखने और आरोपियों के विरुद्ध त्वरित एवं



बैठक में आए सभी सदस्य। अनंत ज्ञान

प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों, युवाओं तथा शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों और साइबर ठगी के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिला सोलन में कार्यरत पुलिस कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

सभी पुलिस कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी, निष्ठा और अनुशासन के साथ करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया गया कि ड्यूटी के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनुशासनहीनता को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोलन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मेडिएशन फॉर नेशन 2.0' अभियान के तहत जिला भर में चल रही जागरूकता गतिविधियां

अनंत ज्ञान

**नाहन।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के आह्वान पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरमौर द्वारा 'मेडिएशन फॉर नेशन 2.0' अभियान के तहत जिले भर में व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। अभियान का उद्देश्य लोगों को मध्यस्थता के महत्व तथा इसके लाभों के प्रति जागरूक करना है, ताकि छोटे-बड़े विवादों का समाधान आपसी सहमति से किया जा सके।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरमौर के सचिव ने बताया कि मध्यस्थता विवाद निपटारे का एक प्रभावी, सरल और सौहार्दपूर्ण माध्यम है। इस प्रक्रिया में पक्षकार आपसी सहमति से अपने विवादों का समाधान कर सकते हैं, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। साथ ही आपसी संबंधों पर भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता।

उन्होंने कहा कि अभियान के



बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

तहत पैरा लीगल वालंटियर्स के सहयोग से लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से विवाद सुलझाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह व्यवस्था न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के साथ-साथ न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।सचिव ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे पारिवारिक, सामाजिक अथवा अन्य छोटे-बड़े विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता का अधिक से अधिक उपयोग करें और इस जनहितकारी अभियान से जुड़कर इसकी सफलता में योगदान दें।

उन्होंने बताया कि मध्यस्थता की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है। किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता अथवा जानकारी प्राप्त करने के लिए नागरिक राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर सकते हैं। अंत में उन्होंने कहा कि मध्यस्थता न केवल विवादों का शांतिपूर्ण समाधान प्रदान करती है, बल्कि समाज में सौहार्द और विश्वास को भी मजबूत बनाने का कार्य करती है।

# दो युवकों से 9.72 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान

**सोलन।** पुलिस की विशेष अन्वेषण इकाई की टीम जब गश्त एवं अपराधों की रोकथाम हेतु क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान प्राप्त एक विश्वसनीय गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान एक वाहन/गाड़ी में सवार दो व्यक्तियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 9.72 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरेश कुमार पुत्र श्री जीतराम, निवासी गांव गवाही, डाकघर ढली, जिला शिमला उम्र 36 वर्ष तथा सुनील कुमार पुत्र रघुवीर सिंह, निवासी गांव पड़साल, डाकघर दरकोटी, तहसील कोटखाई, जिला शिमला उम्र 43 वर्ष के रूप में हुई है।

जिस पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना परवाणू में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले के अन्वेषण के दौरान घटना में प्रयुक्त वाहन को भी



पुलिस द्वारा पकड़े गए यूवक। अनंत ज्ञान

जब्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया है। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, उनके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड एवं नशा तस्करी से जुड़े संभावित नेटवर्क की भी गहन जांच की जा रही है। मामले में आगामी अन्वेषण जारी है।

पुलिस द्वारा की जा रही प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से नशे के अवैध कारोबार से जुड़े हो सकते हैं, हालांकि इसकी पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही की जाएगी। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बरामद चिट्टा/हेरोइन की आपूर्ति किस स्रोत से हुई और इसे आगे किन-किन स्थानों पर सप्लाई किया जाना था। साथ ही, आरोपियों के मोबाइल फोन और कॉल डिटेल्स की भी तकनीकी जांच की जा रही है ताकि उनके संपर्कों और नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

पुलिस टीम आसपास के क्षेत्रों में भी निगरानी बढ़ा रही है ताकि नशा तस्करी की किसी भी संभावित गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। स्थानीय स्तर पर मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने कहा है। नेटवर्क का जल्द पर्दाफाश संभव है।

# गैस गोदाम के पास धधकी आग दमकल विभाग ने टाली बड़ी तबाही



गैस गोदाम के नजदीक लगी आग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** के वाल्मीकि बस्ती क्षेत्र में गैस गोदाम के पीछे मंगलवार सुबह अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही नाहन फायर स्टेशन की टीम मात्र 2 मिनट में मौके पर पहुंची और तेजी से कार्रवाई करते हुए स्थिति पर काबू पाया। आग सूखी घास और झाड़ियों में लगी थी और लगभग 50 मीटर क्षेत्र में फैल चुकी थी, जिससे गैस गोदाम तक पहुंचने का खतरा बना हुआ था।

दमकल कर्मियों ने तुरंत पानी की बौछार शुरू कर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पूरी तरह बुझा दी। यदि समय रहते कार्रवाई न होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना में लगभग 500 रुपये के पौधे जल गए, लेकिन कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

दमकल विभाग की तत्परता से लगभग 30 लाख रुपये की संपत्ति सुरक्षित बचा ली गई। आग लगने के कारणों की जांच जारी है। दमकल विभाग की तेज कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने टीम की सराहना की। पुलिस और प्रशासन आग लगने के कारणों की जांच में जुटे हैं।

# अपार संभावनाओं के बावजूद पर्यटन मानचित्र पर अपनी पहचान तलाश रहा श्री रेणुकाजी

अनंत ज्ञान

**नाहन।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान रखने वाला श्री रेणुकाजी तीर्थ क्षेत्र आज भी पर्यटन विकास के कई मानकों पर पीछे नजर आता है। रामसर साइट, वेटलैंड और वन्यजीव अभयारण्य के रूप में पहचान रखने वाला यह क्षेत्र प्राकृतिक, धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध होने के बावजूद पर्यटन की अपार संभावनाओं का पूरा लाभ नहीं उठा पाया है।प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल श्री रेणुकाजी हर वर्ष लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है।

इसके बावजूद यहां पर्यटकों के लिए कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव महसूस किया जाता है। झील के चारों ओर सुरक्षित परिक्रमा एवं ट्रैक का निर्माण वर्षों बाद भी पूरा नहीं हो सका है। झील में नौकायन की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद एडवेंचर टूरिज्म, नेचर ट्रेल, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी और इको-टूरिज्म जैसी



गतिविधियों को विकसित करने की दिशा में कोई ठोस पहल दिखाई नहीं देती।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस क्षेत्र को योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जाए तो यह केवल जिला सिरमौर ही नहीं बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ प्रकृति पर्यटन, सांस्कृतिक पर्यटन और फूड टूरिज्म को बढ़ावा देने की यहां व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। हाल ही में रेणुकाजी विकास बोर्ड द्वारा निर्मित कैंटीन भवन भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# डीएवी राजगढ़ में एबाकस कार्यशाला आयोजित विद्यार्थियों ने सीखी तेज गणना की तकनीकें

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** डी.ए.वी. सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, राजगढ़ में विद्यार्थियों के लिए एक विशेष एबाकस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन सोलन से आई एबाकस विशेषज्ञ नीलम द्वारा किया गया, जिसमें विद्यालय की कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एबाकस शिक्षा के माध्यम से गणित को सरल, रोचक एवं प्रभावी तरीके से सीखने के लिए प्रेरित करना था कार्यक्रम के दौरान नीलम ने विद्यार्थियों को एबाकस की मूलभूत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि एबाकस केवल गणना करने का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों की मानसिक क्षमता, एकाग्रता, स्मरण शक्ति तथा आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रभावी साधन भी है।

उन्होंने विभिन्न उदाहरणों और रोचक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को तेज एवं सटीक मानसिक गणना की



तकनीकें सिखाईं। कार्यशाला का आयोजन दो अलग-अलग सत्रों में किया गया।

विद्यालय के वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पहला सत्र प्रातः 11 बजे आयोजित हुआ, जबकि कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने दोपहर 12 बजे आयोजित दूसरे सत्र में भाग लिया। दोनों सत्रों में विद्यार्थियों ने अत्यंत रुचि और उत्साह दिखाते हुए गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की। कई विद्यार्थियों ने मंच पर आकर एबाकस के माध्यम से गणना कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। नीलम ने बताया कि यदि राजगढ़ क्षेत्र में विद्यार्थियों और अभिभावकों की पर्याप्त रुचि रहती है, यह कार्यशाला विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी।

# पानी के लिए रोजाना भटक रहे दुकानदार

## जल शक्ति विभाग के दावों की खुली पोल, बंगाणा बाजार में नहीं मिल रहा पीने का पानी

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत मुख्य बाजार बंगाणा जिसको कुटलैहड़ की राजधानी के नाम से भी जाना जाता है। बंगाणा बाज़ार में अव्यवस्थाओं का टोटका लगातार बढ़ता जा रहा है क्यूंकि गर्मियों का मौसम है जिसके कारण अव्यवस्था होना लाजमी लगता है।

एक तरफ जल शक्ति विभाग बंगाणा द्वारा बड़े बड़े दावे किए जाते हैं कि पानी की कोई कमी नहीं है, पूरे क्षेत्र में सुबह शाम दो टाईम पानी की आपूर्ति करेंगे, किन्तु हालत ए सूरत यह है कि बंगाणा बाज़ार जहां पर रोजाना हजारों की संख्या में कामकाजी लोग पुरुष, महिलाएं, बच्चे, बजुर्ग अपनी आजीविका, कामकाज के लिए बंगाणा मुख्यालय में आते हैं किन्तु उन लोगों को पीने का पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। उनकी बात तो छोड़ो स्थानीय दुकानदारों को भी पानी की किल्लतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा बिलकुल भी नहीं है कि मौजूदा सरकार की तरफ से कोई कमी है उनकी तरफ से करोड़ों रुपए खर्च करके टैंक, पाइपें सब कुछ लगाया गया है किन्तु कमी लगता है जल शक्ति विभाग बंगाणा में है।

जल शक्ति विभाग के कर्मचारी ना ही किसी की बात सुनते हैं और ना ही अपनी ड्यूटी के प्रति गंभीर हैं, गर्मियों में पानी की किल्लत तो होती है सभी को पता है किन्तु स्थानीय कर्मचारियों से बात करें तो स्थानीय कर्मचारी ऐसे ऐसे बहाने बनाते हैं कि जैसे वह डी सी की पोस्ट पर कार्यरत हों और जवाब ऐसे देते हैं कि ऐसे किसी ने गुनाह कर दिया हो, जब भी इन कर्मचारियों को फोन करें तो सबसे बहाना होता है कि टैंक में पानी स्टोर ही नहीं किया गया है, दूसरा बहाना होता है कि, पानी की पाईप टूट गई हैं, तीसरा बहाना होता है कि मोटर खराब है।

ऐसा नहीं है कि इन कर्मियों की शिकायत उच्च अधिकारियों से नहीं की गई, कई बार अधिकारियों से बात की गई किन्तु उच्च अधिकारियों को एयरकंडीशन की हवा के सिवाय धरातल पर हकीकत नहीं दिखाई देती है। कभी उच्च अधिकारी बंगाणा बाजार में दौरा करने नहीं आते हैं और ना ही बाज़ार के दुकानदार भाईयों की समस्या का को सुनते और समझते हैं।

### नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करे विभाग

अनंत ज्ञान मुद्दा

**उच्च** अधिकारियों को अपने कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए तथा बहानेबाजी पर सख्ती से अंकुश लगाना चाहिए। सरकार की ओर से जलापूर्ति के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं, फिर भी कर्मचारियों की लापरवाही और अधिकारियों की नरमी के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। विशेषकर बाजार क्षेत्रों में नियमित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि दुकानदारों और आम नागरिकों को पीने के पानी के लिए परेशान न होना पड़े। वर्तमान स्थिति में कई दुकानदारों को प्रतिदिन दो-दो किलोमीटर दूर से अपने तथा ग्राहकों के लिए दिन में कई बार पानी लाना पड़ता है, जिससे उनमें भारी असंतोष है। जलापूर्ति सुनिश्चित करना विभाग की जिम्मेदारी है। जल शक्ति विभाग को इसे मजबूरी नहीं, बल्कि अपनी कार्यकुशलता और सेवा-भावना का दायित्व मानकर पूरी गंभीरता से निभाना चाहिए।



बंगाणा बाजार में नल के आगे खाली रखे बर्तन। अनंत ज्ञान

### अखबार में खबर लगाने से कुछ नहीं होता : जेई

**जल** शक्ति विभाग के जेई विनय कुमार से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि अखबार में खबर लगाने से कुछ नहीं होता है। खबर लगाने से पानी नहीं बढ़ जाएगा। बाकी हम समस्या का हल करवा देंगे। बाजार में रोजाना पानी देंगे।

# ऊना में आपदा प्रबंधन को लेकर प्रशासन सतर्क

## प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए प्रशासन तैयार, विभागों को जारी हुए निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** दक्षिण-पश्चिम मानसून-2026 के मद्देनज़र संभावित प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन ऊना ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। विभागीय समन्वय को मजबूत करने के साथ-साथ सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के प्रशिक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जा सकें।

यह जानकारी मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने दी। वह आगामी मानसून सीजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव केके पंत की अध्यक्षता में शिमला से आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल हुए। बैठक के बाद अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मानसून के दौरान संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने, पूर्व चेतावनी प्रणाली को सक्रिय रखने तथा सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जन-धन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूर्ण सतर्कता एवं तत्परता बनाए रखने को कहा गया है।

उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों को नदियों और नालों की नियमित सफाई, जलभराव संभावित क्षेत्रों से अवरोध हटाने, भूस्खलन संभावित स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा पुलों और पुलियों के आसपास सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मानसून सीजन-2026 की तैयारियों की समीक्षा के लिए 10 जून को बचत भवन ऊना में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए पूर्व प्रबंधों, उपलब्ध संसाधनों तथा आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।



वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उपस्थित महेंद्र पाल गुज्जर व अन्य। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### बैठक में पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, घनारी।** गगरेट क्षेत्र की सामाजिक संस्था टाईडी एंड सोबर टुमारो फाउंडेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संस्था की भावी गतिविधियों और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में रवि बंसल, सुरेश कुमार भारद्वाज, नेत्र कलसी, राकेश बंसल, मदनलाल गुरबख्श, राजेंद्र कुमार, ऋतु वर्मा सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। संस्था के सदस्य सुरेश कुमार भारद्वाज ने बताया कि फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है और समाज सेवा के विभिन्न कार्यों में योगदान दे रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि भविष्य में रक्तदान अभियानों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्रमुख लक्ष्य बनाया जाएगा। इसके तहत पेड़-पौधों का रोपण, उनकी देखरेख, हरित क्षेत्र विस्तार और पर्यावरण जागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा।

### भंजाल बड़ा तालाब में योग शिविर आज से

**अनंत ज्ञान, घनारी।** गगरेट क्षेत्र के गांव भंजाल स्थित बड़ा तालाब हनुमान मंदिर परिसर में आयुष विभाग के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए योग प्रशिक्षक ज्ञान देवी ने बताया कि यह योग शिविर 10 से 21 जून तक प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा। शिविर का समय सुबह 6 बजे से 7 बजे तक रहेगा, जिसमें प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के योगासन एवं योगाभ्यास करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं। क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर योग के लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है। योग प्रशिक्षक ने कहा कि नियमित योग अभ्यास शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में इस विशेष योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# मजदूरों, कर्मियों और युवाओं के मुद्दों को मिले प्राथमिकता : जगत राम शर्मा

अनंत ज्ञान

**ऊना।** राष्ट्रीय इंटक के सचिव एवं प्रदेश इंटक के महासचिव जगत राम शर्मा ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए आरोप लगाया है कि पिछले 12 वर्षों में मजदूरों, किसानों, कर्मचारियों और बेरोजगार युवाओं के हितों की अनदेखी की गई है। जारी प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक और श्रम संबंधी नीतियों को लेकर विभिन्न वर्गों में असंतोष बढ़ रहा है।



जगत राम शर्मा ने दावा किया कि हाल ही में सरकारी औषधि क्षेत्र से जुड़े एक उपक्रम के निजीकरण का निर्णय लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सार्वजनिक क्षेत्र के कई संस्थानों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है, जिससे रोजगार के अवसर प्रभावित हो रहे हैं और युवाओं के लिए स्थायी रोजगार के विकल्प कम होते जा रहे हैं। उन्होंने श्रम कानूनों में किए गए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि पुराने श्रम कानूनों के स्थान पर लागू किए गए लेबर कोड को लेकर श्रमिक संगठनों में चिंता बनी हुई है। उनके अनुसार, इन परिवर्तनों का असर श्रमिकों के अधिकारों और सुरक्षा पर पड़ सकता है।

इंटक नेता ने कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों में बड़ी संख्या में पद रिक्त पड़े हैं, जिससे बेरोजगार युवाओं में निराशा का माहौल है। उन्होंने अग्निवीर योजना, आउटसोर्सिंग, पार्ट टाइम और ठेका आधारित रोजगार व्यवस्था को लेकर भी अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं और इन्हें युवाओं के भविष्य के लिए चिंताजनक बताया। जगत राम शर्मा ने विपक्षी दलों से मजदूरों, किसानों और कर्मचारियों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की अपील की। उन्होंने राहुल गांधी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वे लगातार आम लोगों और श्रमिक वर्ग से जुड़े मुद्दों को उठाते रहे हैं।

# विधानसभा चुनावों को लेकर शिवसेना शिंदे ने तेज की तैयारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शिवसेना शिंदे के कार्यवाहक प्रदेश प्रमुख जय दत्ता ने चिंतपूर्णी मंडल अध्यक्ष संदीप जोशी के साथ बैठक कर संगठन विस्तार, पंचायती चुनावों के फीडबैक और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। जय दत्ता ने बताया कि वह जिला ऊना के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर पार्टी पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ बैठकें कर रहे हैं। इसी क्रम में चिंतपूर्णी मंडल अध्यक्ष संदीप जोशी के साथ आयोजित बैठक में हाल ही में संपन्न पंचायती चुनावों की समीक्षा की गई तथा जमीनी स्तर से प्राप्त फीडबैक पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भी रणनीति पर चर्चा हुई। जय दत्ता ने कहा कि शिवसेना शिंदे विधानसभा चुनावों में अपने उम्मीदवार उतारने की संभावना पर गंभीरता से विचार कर रही है। इसके लिए संगठन को मजबूत करने और जनसंपर्क अभियान को व्यापक बनाने का कार्य जारी है।

# सेना से जनसेवा तक : जय सिंह बने विकास और विश्वास की नई पहचान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** भारतीय सेना में 18 वर्षों तक राष्ट्रसेवा करने वाले सेवानिवृत्त सैनिक जय सिंह अब जनसेवा के नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। डंगोली, बरनोह और डंगेड़ा क्षेत्र से बीडीसी सदस्य का चुनाव शानदार मतों से जीतने के बाद उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान को अपनी प्राथमिकता बताया है। उनकी जीत को क्षेत्र की जनता द्वारा ईमानदारी, सेवा भावना और समर्पण पर जताए गए विश्वास के रूप में देखा जा रहा है।



जय सिंह अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के कारण लंबे समय से लोगों के बीच सम्मानित रहे हैं। सेना में रहते हुए उन्होंने अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। इसी छवि और सेवा भाव के चलते स्थानीय लोगों के आग्रह पर उन्होंने बीडीसी चुनाव में कदम रखा और जनता ने उन्हें भरपूर समर्थन देकर विजयी बनाया।

उनका सैन्य जीवन भी उल्लेखनीय उपलब्धियों से भरा रहा है। वर्ष 2002 में ऑपरेशन पराक्रम के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्होंने न्यूक्लियर कमांड से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्वों का भी सफलतापूर्वक निर्वहन किया। जय सिंह ने कहा कि सेना में रहते हुए उन्होंने सेवा को अपना धर्म माना और अब जनता के बीच रहकर उसी भावना के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्रवासियों द्वारा जताए गए विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उनकी प्राथमिकताओं में पेयजल समस्याओं का समाधान, गांवों के रास्तों का पक्कीकरण, सोलर लाइटों की स्थापना, बस स्टॉप पर बैठने की व्यवस्था तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास शामिल है।

# श्रीमद्भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** डेरा बाबा रूद्रानंद आश्रम अमलेहड़ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा श्रवण किया। स्वामी हेमानंद जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित यह धार्मिक आयोजन 15 जून तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति देखने को मिल रही है। कथा के दौरान वृंदावन से पधारे कथावाचक आचार्य गौरदास जी महाराज ने अपने प्रवचनों में शास्त्रों में वर्णित तीन प्रकार के यज्ञों का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि पहला सात्विक यज्ञ होता है, जिसका उद्देश्य 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया:' की भावना के साथ समस्त मानवता के कल्याण की कामना करना है। दूसरा राजस यज्ञ है, जिसमें यज्ञ करने वाला स्वयं उसके फल का भागीदार बनता है, जबकि तीसरा तामस यज्ञ होता है, जिसमें दूसरों को हानि पहुंचाने की भावना प्रमुख होती है।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है प्रदेश सरकार: राजेश धर्माणी

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों, बागवानों, पशुपालकों, मछुआरों के कल्याण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई अहम फैसले ले रही है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में जनसमस्याएं सुनते हुए अधिकांश मामलों का मौके पर निपटारा किया और शेष के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

धर्माणी ने बताया कि हाल ही में कैबिनेट ने ऐसे किसानों के लिए कृषि ऋण ब्याज अनुदान योजना शुरू करने का निर्णय लिया है, जिनकी जमीन नीलामी के खतरे में है। इसके तहत 3 लाख रुपए तक के कृषि ऋण पर ब्याज का 50 प्रतिशत सरकार वहन करेगी, जिससे हजारों किसानों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के चौथे चरण में ई-बस पर 50 प्रतिशत और डीजल बस पर 30 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गेहूं, मक्का, हल्दी और अदरक के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी की गई है।

मंत्री ने यह भी बताया कि मछुआरों के लिए रॉयल्टी घटाने, जलाशय मछली के लिए एमएसपी तय करने और ऑफ-सीजन आर्थिक सहायता देने जैसे कदम उठाए गए हैं। दूध के एमएसपी में भी बढ़ोतरी की गई है और राज्य किसान आयोग के गठन का निर्णय लिया गया है।



समस्याएं सुनते मंत्री राजेश धर्माणी। अनंत ज्ञान

◆ **किसानों के लिए कृषि ऋण ब्याज अनुदान योजना होगी शुरू, प्रदेश के 6,356 पात्र किसान होंगे लाभान्वित**

# झंडूता, बरठीं, जेजवीं बाजार में शौचालय न होने से जनता परेशान

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के प्रमुख बाजारों झंडूता, बरठीं और जेजवीं में सार्वजनिक शौचालय की सुविधा का अभाव होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और दूरदराज के क्षेत्रों से आने वालों के लिए यह समस्या गंभीर बनी हुई है। समाजसेवी कुलवंत सिंह पटियाल ने प्रशासन से इन तीनों बाजारों में सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण की मांग उठाई है। उनका कहना है कि झंडूता, बरठीं और जेजवीं उपमंडल के अत्यंत व्यस्त बाजार हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचते हैं, लेकिन यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को झेलनी पड़ती है। बाजारों में खरीदारी, बैंक, सरकारी कार्यालयों और अन्य कार्यों के लिए आने वाली महिलाओं को शौचालय न होने के कारण भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है और अब इसका स्थायी समाधान किए जाने की आवश्यकता है। कुलवंत सिंह पटियाल ने बताया कि वह जल्द ही उपायुक्त बिलासपुर को इस समस्या से अवगत करवाएंगे और तीनों बाजारों में सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाएंगे। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि झंडूता, बरठीं और जेजवीं जैसे प्रमुख बाजारों में सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूती मिले।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर छात्रों ने ली नशामुक्त समाज की शपथ



प्रतिभागी बच्चे और आयोजकों के साथ अध्यापक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जिला बिलासपुर द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशिदत्त शर्मा के दिशा-निर्देशों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मरहाणा में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा ने की।

इस अवसर पर वर्ष 2026 की थीम 'आकर्षण का पर्दाफाश: निकोटिन और तंबाकू की लत का मुकाबला करना' पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यार्थियों को तंबाकू एवं निकोटिन के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए उन्हें नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. दीपक गुरंग ने कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधानों की जानकारी दी और बताया कि शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू बिक्री प्रतिबंधित है।

इस दौरान पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल, विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कुल 129 लोगों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। अंत में सभी प्रतिभागियों को फल वितरित किए गए तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

# चिट्टे का नशा समाज और सरकार के लिए बड़ी चुनौती : बालक राम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश वैटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष, एक्स सर्विसमैन सैनिक लीग बिलासपुर तथा शहीद नंतराम वेलफेयर मेला एवं दंगल समिति के अध्यक्ष वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा ने कहा है कि चिट्टे का बढ़ता प्रचलन प्रदेश के लिए गंभीर सामाजिक और मानवीय संकट बनता जा रहा है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि नशे की गिरफ्त में बड़ी संख्या में युवा आ रहे हैं, जिससे परिवार और समाज दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने चिंता जताई कि यदि इस समस्या पर समय रहते प्रभावी अंकुश नहीं लगाया गया तो इसके दूरगामी दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं।



उन्होंने कहा कि नशा तस्करी के मामलों में विभिन्न विभागों के कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आना चिंता का विषय है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई कर दोषियों को कानून के अनुसार दंडित किया जाना चाहिए। वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा ने सरकार, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और समाज से मिलकर नशे के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

# धौलरा रोड पर दुकानदारों ने लगाई ठंडे-मीठे जल की छबील



दुकानदारों द्वारा लगाई गई ठंडे-मीठे जल की छबील। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पुरुषोत्तम मास के अंतिम मंगलवार के अवसर पर बिलासपुर शहर के धौलरा रोड स्थित स्थानीय दुकानदारों द्वारा शीतल एवं मीठे जल की छबील तथा मालपुओं के भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान आराध्य देव बाबा नाहर सिंह मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं और राहगीरों को ठंडा जल पिलाया गया तथा मालपुओं का प्रसाद वितरित किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक अनीश ठाकुर, संदीप कुमार और राजेश शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी स्थानीय व्यापारियों के सहयोग से इस धार्मिक एवं सेवा भाव से जुड़े आयोजन का आयोजन किया गया। सुबह से ही स्वयंसेवक तैयारियों में जुट गए थे और मालपुए बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया था। बिलासपुर में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच छबील श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए राहत का केंद्र बनी रही। बड़ी संख्या में लोगों ने शीतल जल ग्रहण कर अपनी प्यास बुझाई और प्रसाद प्राप्त कर आयोजकों के इस सेवा कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीप कुमार, अनिल शर्मा, संजय, मनी, मोनिका, मनोज, राजेश, कशिश, धर्मवीर, नितिन राणा, खुशबू, शुभांगी, रितेश शर्मा, हर्ष मेहता, कौशिक, सूरज और नीलम सहित अनेक लोगों ने सक्रिय सहयोग दिया।

# जनगणना के लिए शिक्षकों की ऑफ आवर ड्यूटी उचित नहीं : रणौत

**अनंत ज्ञान, दधोल।** हिमाचल प्रदेश पदोन्नत स्कूल प्रवक्ता संघ के प्रदेशाध्यक्ष यशपाल रणौत ने चंबा प्रशासन द्वारा शिक्षकों को विद्यालय समय के बाद जनगणना कार्य में लगाने के आदेशों पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि शिक्षक पहले ही पूरे दिन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त रहते हैं, ऐसे में विद्यालय समय के बाद जनगणना का अतिरिक्त दायित्व देना व्यावहारिक नहीं है।

रणौत ने कहा कि प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में घर-घर जाकर जनगणना करना चुनौतीपूर्ण है, विशेषकर महिला शिक्षकों के लिए। उन्होंने कहा कि थकान की स्थिति में जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में त्रुटियों की संभावना बढ़ सकती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि शिक्षकों को इस अतिरिक्त दायित्व से मुक्त कर अन्य विभागों के कर्मचारियों की सेवाएं ली जाएं। साथ ही जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को इंटरनेट व्यय का भुगतान तथा आवश्यक तकनीकी संसाधन उपलब्ध करवाए जाएं। यशपाल रणौत ने सरकार और प्रशासन से शिक्षकों की व्यावहारिक समस्याओं एवं शैक्षणिक दायित्वों को ध्यान में रखते हुए आदेशों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया

# एम्स बिलासपुर में पैट स्कैन सुविधा कैंसर जांच और उपचार में नई उम्मीद

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसस (एम्स) बिलासपुर में अत्याधुनिक पैट स्कैन सुविधा उपलब्ध है, जिससे अब प्रदेश के मरीजों को इस महत्वपूर्ण जांच के लिए दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इस सुविधा के शुरू होने से विशेष रूप से कैंसर रोगियों को समय पर और सटीक जांच का लाभ मिल रहा है।

पैट स्कैन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की एक उन्नत जांच पद्धति है, जिसके माध्यम से शरीर के भीतर अंगों और ऊतकों की कार्यप्रणाली का विस्तृत अध्ययन किया जाता है। यह जांच कैंसर की पहचान, उसके शरीर में फैलाव की स्थिति, उपचार की प्रभावशीलता और रोग की पुनरावृत्ति का पता लगाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके अलावा हृदय और मस्तिष्क से जुड़ी कई जटिल बीमारियों के निदान में भी पैट स्कैन का उपयोग किया जाता है।

◆ **प्रदेश के मरीजों को जांच के लिए नहीं जाना पड़ेगा दूसरे राज्यों में**

अनंत ज्ञान खास खबर

विशेषज्ञों के अनुसार, पारंपरिक जांचों की तुलना में पैट स्कैन शरीर के भीतर हो रही जैविक गतिविधियों की अधिक सटीक जानकारी प्रदान करता है। इससे चिकित्सकों को बीमारी की सही अवस्था का पता लगाने और मरीज के लिए बेहतर उपचार योजना तैयार करने में सहायता मिलती है।

एम्स बिलासपुर में यह सुविधा उपलब्ध होने से हिमाचल प्रदेश, विशेषकर बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी, ऊना, सोलन, शिमला और कांगड़ा सहित आसपास के जिलों के मरीजों को बड़ा लाभ मिल रहा है। पहले मरीजों को पैट स्कैन के लिए चंडीगढ़, मोहाली, दिल्ली अथवा अन्य बड़े चिकित्सा संस्थानों में जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त लागत आती थी। अब यह सुविधा प्रदेश में ही उपलब्ध होने से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उनके निकट मिल रही हैं।

स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि एम्स बिलासपुर में उपलब्ध यह अत्याधुनिक सुविधा प्रदेश में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के निदान और उपचार को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल मरीजों को समय पर जांच उपलब्ध होगी, बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई मजबूती मिलेगी।

एम्स बिलासपुर में पैट स्कैन सुविधा का लाभ उठाने के लिए मरीज चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच करवा सकते हैं। यह सुविधा प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

# स्वारघाट में डीजल से भरा टैंकर पलटा

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** स्वारघाट क्षेत्र में मंगलवार को एक डीजल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया, जिससे उसमें भरा डीजल सड़क पर फैल गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और संबंधित विभागों की टीमें मौके पर पहुंच गईं। टैंकर के पलटने से सड़क पर बड़ी मात्रा में डीजल फैल गया, जिसे हटाने और यातायात बहाल करने के लिए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रशासन द्वारा टैंकर को हटाने और सड़क को सुरक्षित बनाने की कार्रवाई जारी है।

# बिलासपुर के बलदेव चंद को मरणोपरांत शौर्य चक्र

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर की सनीहरा ग्राम पंचायत के गांव थेह के वीर सपूत लांस हवलदार बलदेव चंद को मरणोपरांत शौर्य चक्र से भारत के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया।

19 सितंबर 2025 उधमपुर के सियोज धार खड्ड नाला क्षेत्र में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में सशस्त्र आतंकियों ने घात लगाकर हमला कर दिया, जिससे उनके साथी जवान गंभीर खतरे में आ गए। विपरीत परिस्थितियों में भी बलदेव चंद बिना जान की परवाह किए आतंकियों पर टूट पड़े। भीषण हाथापाई के दौरान उन्होंने एक आतंकी से विदेश निर्मित पिस्तौल छीन ली व अपने कई साथियों की जान बचाते हुए दल को दोबारा संगठित किया। इस दौरान उनके सीने में गोली लगी, लेकिन गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने अंतिम सांस तक आतंकियों का मुकाबला जारी रखा व वीरगति को प्राप्त हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों का प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** तहसीलदार भरमौर तेज राम भारद्वाज की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 जून मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय भरमौर में शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण आगामी तीन दिनों तक चलेगा, जिसमें पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को मकान सूचीकरण से संबंधित जानकारी दी जा रही है। मास्टर ट्रेनर डॉ. राजेंद्र सिंह (सहायक अध्यापक इतिहास) और विशाल अहीर (सहायक अर्थशास्त्र) द्वारा प्रशिक्षुओं को जनगणना प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया जा रहा है। इस बार प्रथम चरण में 34 प्रश्नों का डेटा एकत्र किया जाएगा। यह प्रक्रिया 16 जून से 15 जुलाई तक चलेगी, जबकि आम जनता 1 से 15 जून तक स्वगणना पोर्टल के माध्यम से जानकारी भर सकती है।

### एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर के चौरासी मंदिर परिसर में मंगलवार को आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और रेबीज की रोकथाम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पशुपालन विभाग भरमौर के सहायक निदेशक गुलशन कुमार ने की। बैठक में बताया गया कि शीघ्र ही क्षेत्र में एनिमल बर्थ कंट्रोल कार्यक्रम के तहत आवारा कुत्तों की नसबंदी की जाएगी। साथ ही रेबीज जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम के लिए आवारा कुत्तों का एंटी-रेबीज टीकाकरण भी किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य आवारा कुत्तों की संख्या को मानवीय तरीके से नियंत्रित करना तथा आम जनता और पशुधन को सुरक्षित रखना है। गुलशन कुमार ने स्थानीय लोगों और समाजसेवियों से इस अभियान में सहयोग की अपील की। बैठक में मौजूद गणमान्य व्यक्तियों ने भी अभियान को सफल बनाने का आश्वासन दिया। क्षेत्रवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इससे आवारा कुत्तों की समस्या और रेबीज के खतरे पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा।

# सलूणी उपमंडल के तहत कलियूनी नाले में गिरी कार, दो लोग जख्मी

अनंत ज्ञान


कलियूनी नाले में गिरी कार।

**चंबा।** जिले के सलूणी उपमंडल अंतर्गत लंगेरा के समीप कलियूनी नाले में मंगलवार को एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें सवार दो लोग घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे कलियूनी नाले में जा गिरी। हादसे में घायल व्यक्तियों की पहचान चतरो राम निवासी गांव भल्यूंड तथा अशोक कुमार निवासी खंडयारा के रूप में हुई है।

दुर्घटना के बाद दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से वाहन से बाहर निकाला गया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किहार पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकीय जांच के दौरान एक घायल की स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर कर दिया गया, जबकि दूसरे घायल का उपचार किहार अस्पताल में जारी है। दुर्घटना के कारणों का अभी तक आधिकारिक तौर पर पता नहीं चल पाया है। पुलिस एवं प्रशासन मामले की जांच में जुटे हुए हैं। प्रारंभिक तौर पर वाहन के अनियंत्रित होने को हादसे का कारण माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में सड़क सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस ने मामला दर्ज करके दुर्घटना के कारणों की छानबीन शुरू कर दी है।

# चन्नू हट्टी से दुर्गेठी तक सड़क जानलेवा संकरा मार्ग बढ़ा रहा लोगों की परेशानी

अनंत ज्ञान



सड़क के चौड़ीकरण और रिटेनिंगवॉल लगाने की उठी मांग।

**देशराज कश्यप, धरवाला।** पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे 154 ए पर संकरा मार्ग श्रद्धालुओं व प्रशासन की दिक्कतें परेशानी बढ़ा सकता है। पवित्र मणिमहेश यात्रा की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे की स्थिति जस की तस बनी हुई है। गत वर्ष आई प्राकृतिक आपदा के बाद चन्नू हट्टी नामक स्थान से लेकर दुर्गेठी तक सड़क मार्ग की स्थिति बेहद जानलेवा व भयावह बनी हुई है। एक ओर जहां हाल ही में टारिंग कार्य तो शुरू किया गया, लेकिन संकरी सड़क परेशानी का कारण बन सकती है। चन्नू हट्टी, धरवाला, लोथल, रांग घार नामक स्थान पर बेहद संकरा सड़क मार्ग होने के कारण एक समय पर सिर्फ एक ही वाहन यहां गुजर सकता है, जिससे बहुत बड़ा लंबा जाम यहां श्रद्धालुओं की परेशानी का कारण बन सकता है। वहीं, समय रहते यदि संबंधित विभाग द्वारा यहां ठोस कदम नहीं उठाए गए तो धसता हुआ यह मार्ग बरसात के दिनों में पूरी तरह रावी नदी में बह सकता है, जिससे पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पूरी तरह शेष विश्व से कट सकता है। वह गत वर्ष की भांति इस बार भी पवित्र मणिमहेश यात्रा पर फिर एक बार ग्रहण लग सकता है जिससे न केवल श्रद्धालुओं बल्कि पर्यटक कारोबार से जुड़े बहुत से लोगों को भी निराशा हाथ लग सकती है। स्थानीय लोगों मंजीत कुमार, सोनू, अमित कुमार, अजय मिन्हास, अमरजीत, उदित कुमार, गोपाल, दलजीत मिन्हास, अक्षय, अजय, कृष्णा देवी, गुतला देवी, मनीषा, निशा, मीनाक्षी, सरोज, रेखा, लक्ष्मी आदि लोगों का कहना है कि नेशनल हाईवे 154 ए पर चन्नू हट्टी, धरवाला, लोथल, रांग घार नामक स्थान पर धसते सड़क मार्ग पर रिटेनिंग वॉल व रावी नदी से एक सुरक्षित कंक्रीट की दीवार लगाई जाए, ताकि धंसते मार्ग को रोका जा सके।

# आवारा कुत्तों के झुंड ने 7 वर्षीय मासूम पर किया हमला, मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर

**अनंत ज्ञान, बनीखेत।** नगर पंचायत बनीखेत के वार्ड नंबर-7 में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पहली कक्षा में पढ़ने वाली सात वर्षीय मासूम बच्ची पर आवारा कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। इस दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। जानकारी के अनुसार, बच्ची अपने घर के समीप मौजूद थी। इसी दौरान कई आवारा कुत्तों ने उस पर हमला बोल दिया और उसे बुरी तरह नोच डाला। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग, राहगीर और परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद बच्ची को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया। घटना के बाद घायल बच्ची को 108 एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल डलहौजी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर कर दिया। वर्तमान में बच्ची का उपचार जारी है। घटना के बाद परिजनों में भारी रोष व्याप्त है। बच्ची के पिता ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या पर तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से नगर पंचायत क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाने तथा लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# चंबयाली धाम के नाम पर मनमानी वसूली बर्दाशत नहीं प्रशासन करे जांच: नैय्यर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंचायतीराज चुनावों के दौरान भोजन व्यवस्था को लेकर भाजपा के पूर्व सदर विधायक पवन नैय्यर ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि चंबयाली धाम के नाम पर निर्धारित दरों से कहीं अधिक राशि वसूले जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिस पर प्रशासन को गंभीरता से जांच करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सामान्य तौर पर चंबयाली धाम की एक प्लेट का मूल्य लगभग 100 रुपये होता है, लेकिन चुनावी कार्यक्रमों में इसके लिए 210 रुपये प्रति प्लेट तक वसूले जाने की बातें सामने आ रही हैं। उन्होंने इसे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ और संभावित अनियमितता करार दिया। पवन नैय्यर ने कहा कि चुनावों में भोजन व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए और निर्धारित दरों का सख्ती से पालन जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस कार्य में स्वयं सहायता समूहों को जोड़ा जाए, जिससे स्थानीय महिलाओं को रोजगार मिलेगा और व्यवस्था अधिक पारदर्शी एवं किफायती बनेगी।

# चंबा जिले में 'खेत बचाओ अभियान' का जोर-शोर से प्रचार-प्रसार

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, चंबा।** भारतीय मृदा एवं भू-उपयोग सर्वेक्षण, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जिला चंबा के विभिन्न गांवों में 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत किसानों को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

अभियान का मुख्य उद्देश्य कृषि भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखना, मृदा संरक्षण को बढ़ावा देना तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए किसानों को प्रेरित करना है। अभियान के दौरान किसानों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं आवश्यकतानुसार प्रयोग, अधिक से अधिक जैविक खाद एवं कम्पोस्ट के उपयोग, पहाड़ी क्षेत्रों में मृदा कटाव रोकने तथा वर्षा जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग की सलाह दी गई, जिससे उत्पादन लागत कम हो तथा भूमि की उत्पादकता लंबे समय तक बनी रहे। भारतीय मृदा एवं भू-उपयोग सर्वेक्षण के क्षेत्र अधिकारी आरएल यादव तथा सहायक क्षेत्र अधिकारी जितेंद्र कुमार मौर्य ने किसानों को मृदा एवं जल संरक्षण संबंधी आधुनिक तकनीकों की जानकारी देते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया। किसानों ने अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा इसे कृषि के सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# नप चंबा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव का विवाद हाईकोर्ट पहुंचा, सुनवाई15 को

अनंत ज्ञान

**चंबा।** नगर परिषद चंबा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद को लेकर शुरू हुआ राजनीतिक और कानूनी संघर्ष अब हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के दरवाजे तक पहुंच गया है। मामले में हाईकोर्ट द्वारा स्थगन आदेश जारी किए जाने के बाद फिलहाल एक नया मोड ले लिया है, प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि न्यायालय के अंतिम निर्देशों के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती ने बताया कि 4 जून 2026 को नगर परिषद चंबा में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न हुए थे। चुनाव परिणाम घोषित करने के बाद पूरी प्रक्रिया के तहत रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कार्यालय को भेज दी गई थी। हालांकि चुनाव परिणामों को चुनौती देते हुए विपक्षी पक्ष ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट का रुख किया, जिसके बाद अदालत ने मामले पर स्टे आदेश जारी कर दिया। प्रियांशु खाती ने कहा कि हाईकोर्ट ने प्रशासन से इस मामले में जवाब तलब किया है और संबंधित पक्षों से जवाब दाखिल करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि मामले की अगली सुनवाई 15 जून को निर्धारित की गई है, जिसके बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। एसडीएम ने कहा कि चूंकि मामला न्यायालय के विचाराधीन है, इसलिए इस समय किसी भी प्रकार की अटकलें लगाना या जल्दबाजी में कोई निर्णय लेना उचित नहीं होगा। प्रशासन न्यायालय के निर्देशों का पूरी तरह पालन कर रहा है और आगे की हर कार्रवाई अदालत के आदेशों के अनुरूप ही की जाएगी। नगर परिषद चंबा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद को लेकर पैदा हुए इस विवाद ने स्थानीय राजनीति को भी गर्मा दिया है। अब न केवल निर्वाचित पार्षदों बल्कि आम जनता की नजरें भी 15 जून को होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं।

# इन्फ्लुएंसर रफ्तार राय पर ब्लैकमेलिंग के गंभीर आरोप



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-22 स्थित वाह प्रोडक्शन के संचालक लवप्रीत सिंह उर्फ हरमन ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रफ्तार राय पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि रफ्तार राय ने उनके नाम को इमिग्रेशन कंपनियों से जोड़कर सोशल मीडिया पर बदनाम करने की धमकी दी और हर महीने 50 हजार रुपए की मांग की।

शिकायत के अनुसार, पिछले कुछ समय से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कारोबारी लवप्रीत सिंह के खिलाफ पोस्ट और वीडियो साझा किए जा रहे हैं, जिनमें उन्हें कथित तौर पर इमिग्रेशन कंपनियों से जोड़ा गया है। हरमन ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा है कि इससे उनकी छवि और व्यापार को नुकसान पहुंच रहा है।

### ◆ कारोबारी को बदनाम करने की धमकी देकर 50 हजार मंथली मांगने का दावा


आरोप है कि इन्फ्लुएंसर द्वारा वीडियो वायरल कर दबाव बनाने और बदनामी की धमकी देने का प्रयास किया जा रहा है। मामला सामने आने के बाद स्थानीय कारोबारी जगत में भी चर्चा तेज हो गई है। पीड़ित ने पुलिस में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सोनीपत में नकाबपोशों ने किसान से मारपीट कर लूटे एक लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** सोनीपत जिले के खेड़ी-निरथान मार्ग पर मंगलवार सुबह नकाबपोश हमलावरों ने एक किसान से मारपीट कर करीब एक लाख रुपए लूट लिए। घायल किसान का नागरिक अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, गांव निरथान निवासी राजेश खेती-बाड़ी के साथ इंदिरा कॉलोनी के बिजली कार्यालय में चौकीदार के रूप में भी कार्यरत हैं। ड्यूटी खत्म कर वह मोटरसाइकिल से गांव लौट रहे थे, तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच नकाबपोश युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया।

पीड़ित के अनुसार, पूछताछ करने पर भी हमलावरों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। इस दौरान हमलावरों ने किसान के करीब एक लाख रुपये भी लूट लिए, जो बीमा और किसान क्रेडिट कार्ड की किस्त जमा करने के लिए रखे थे। पुलिस के अनुसार, शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। बयान दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 'आप' विधायक पर किसान परिवार ने फसल लूट और दबंगई के लगाए आरोप



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** फाजिल्का जिले के बलुआना हल्के में जमींदार परिवार ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमनदीप सिंह गोल्डी मुसाफिर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी शह पर पिछले सवा साल से करोड़ों रुपए की फसलें कथित रूप से लूटी जा रही हैं। पीड़ित परिवार की सदस्य कांता ज्यानी ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर यह आरोप लगाए।

परिवार का कहना है कि उनके खेतों में कनक, चावल और किन्नू की फसलों को बार-बार दबंगई और धमकियों के जरिए हड़पा गया, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उनके मजदूरों के साथ मारपीट की गई और पुलिस कार्रवाई के बजाय उनके खिलाफ ही केस दर्ज कर दिया गया।

शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि अदालत से स्टे मिलने के बावजूद प्रशासन ने सुरक्षा और कानूनी निर्देशों की अनदेखी की। परिवार ने आरोप लगाया कि उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाकर फसलें काट ली गईं और खेतों में नुकसान पहुंचाया गया। पीड़ित पक्ष ने कहा कि उन्होंने कई बार प्रशासन और उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री और पार्टी नेतृत्व से न्याय की मांग की है।

# मैक्स अस्पताल मोहाली में हुआ ब्रेन ट्यूमर पर जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस के अवसर पर मैक्स अस्पताल मोहाली द्वारा ब्रेन ट्यूमर के शुरुआती लक्षणों और समय पर इलाज के महत्व को लेकर एक जागरूकता वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यूरोसर्जरी सलाहकार डॉ. सचिन बिंदल ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर किसी भी उम्र में हो सकता है और इसके लक्षण अक्सर सामान्य समस्याओं जैसे सिरदर्द या थकान से भ्रमित हो जाते हैं। उन्होंने लगातार सिरदर्द, दौरे, दृष्टि में बदलाव, संतुलन की समस्या, बोलने में कठिनाई और व्यवहार में बदलाव जैसे संकेतों को नजरअंदाज न करने की सलाह दी। विशेषज्ञों ने कहा कि कई मरीज शुरुआती लक्षणों को तनाव मानकर टाल देते हैं, जिससे इलाज में देरी हो जाती है। उन्होंने जोर दिया कि समय पर जांच और निदान से उपचार के परिणाम काफी बेहतर हो सकते हैं। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि आधुनिक इमेजिंग तकनीकों और न्यूरोसर्जरी में हुई प्रगति ने ब्रेन ट्यूमर के इलाज को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बना दिया है, जिससे मरीजों के ठीक होने की संभावनाएं बढ़ी हैं।




# जींद में नशा तस्करों के मकानों पर चला बुलडोजर



**अनंत ज्ञान, जींद।** जींद जिले के नरवाना क्षेत्र की चमेला कॉलोनी में मंगलवार को नशा तस्करों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध कब्जों और निर्माणों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई में पुलिस, सीआईए स्टाफ और प्रशासनिक टीमों ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। अभियान के दौरान तहसीलदार नरवाना ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद रहे, जबकि भारी पुलिस बल तैनात किया गया। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) द्वारा जारी नोटिस के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार, जिन मकानों को गिराया गया, उनके मालिक नशा तस्करी जैसी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए थे और उन्हें पहले ही चिन्हित किया जा चुका था। अधिकारियों ने बताया कि नशे के कारोबार से अर्जित अवैध संपत्तियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# फरीदाबाद में सीवरेज टैंक में गिरने से दो युवकों की मौत

अनंत ज्ञान

**फरीदाबाद।** जीवन नगर पार्ट-1 स्थित नगर निगम के सरकारी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। प्लांट में काम करने गए दो युवकों की टैंक में गिरने से मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया।

प्लांट ऑपरेटर शिवम कुमार ने बताया कि मृतक आकाश और अमन काफी समय से इस संयंत्र में काम कर रहे थे। आकाश पिछले करीब तीन साल से और अमन करीब डेढ़ साल से यहां कार्यरत था। दोनों की उम्र लगभग 26 वर्ष थी और दोनों अविवाहित थे। शिवम के अनुसार, सुबह ठेकेदार की ओर से फोन आया था कि टैंक की सफाई के लिए एक चैन लगानी है। इसके बाद आकाश और अमन काम करने के लिए मौके पर पहुंचे। बताया गया कि आकाश सेफ्टी बेल्ट बांधकर टैंक के अंदर उतर रहा था। इसी दौरान टैंक से निकलने वाली जहरीली गैस के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया। वह नीचे की ओर खिंचने लगा और उसकी सेफ्टी बेल्ट भी टूट गई, जिससे वह सीधे टैंक में जा गिरा। साथी को मुसीबत में देख अमन उसे बचाने के लिए तुरंत नीचे उतरा, लेकिन उसका भी पैर फिसल गया और वह भी टैंक में गिर गया।

शिवम ने बताया कि हादसे के दौरान तीसरा कर्मचारी विपिन भी दोनों को बचाने के लिए सेफ्टी बेल्ट बांधकर नीचे उतरने लगा था। हालांकि, टैंक से निकल रही गैस का असर उस पर भी होने लगा और वह भी गिरने की स्थिति में पहुंच गया। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने समय रहते उसे ऊपर खींच लिया, जिससे उसकी जान बच गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। मुजेसर थाने से एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि सुबह पुलिस को घटना की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड ने तुरंत मौके पर पहुंचे। टीम ने एक युवक के शव को बाहर निकाल लिया, जबकि दूसरे युवक को निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

# सीजीसी यूनिवर्सिटी में धूमधाम से मनाया विश्व साइकिल दिवस, निकाली साइकिल रैली



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली में भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से विश्व साइकिल दिवस 2026 का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। यह कार्यक्रम फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य शारीरिक फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। इस भव्य साइकिल रैली में 5000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें छात्र, फैकल्टी, स्टाफ और स्थानीय लोग शामिल रहे। रैली को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पूर्व हॉकी खिलाड़ी सरदार राजिंदर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम में भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय निदेशक शैलेंद्र कुमार भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने युवाओं में फिटनेस और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। आयोजकों ने कहा कि साइकिलिंग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर प्रतिभागियों को फिट इंडिया साइकिलिंग क्लब से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# बिना लाइसेंस चल रही आयुर्वेदिक दवा फैक्टरी सील, संचालक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**फरीदाबाद।** केंद्रीय आयुष विभाग और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने मंगलवार को बिना लाइसेंस के आयुर्वेदिक दवा की एक फैक्टरी सील कर उसके संचालक को गिरफ्तार किया है। टीम ने मौके से बड़ी मात्रा में पैकिंग सामग्री, पाउडर, खाली कैप्सूल, बोतलें और दवाओं के लेबल बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में फर्म पर ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के प्रावधानों के उल्लंघन मिला है। वर्कशॉप सील कर संचालकों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

केंद्रीय आयुष विभाग (सीडीएससीओ) और आयुष विभाग हरियाणा की टीम संयुक्त रूप से दीपावली एंक्लेव, गली नंबर सात, नवीन नगर स्थित परिसर में पहुंची। यह कार्रवाई मंत्रालय से मिले निर्देशों और क्राइम ब्रांच की सूचना के आधार पर की गई। निरीक्षण के दौरान दो मंजिला भवन में बड़ी मात्रा में पैकिंग सामग्री मिली। कुछ पैकिंग सामग्री पर एसएस हर्बल की सील लगी हुई थी। इसके अलावा कई बोरों में पाउडर, आयुर्वेदिक उत्पादों के लेबल, खाली कैप्सूल और अन्य सामग्री बरामद हुई। जांच टीम को यह भी जानकारी मिली कि पाउडर को कैप्सूल में भरकर बाजार में बेचा जाता था।

क्राइम ब्रांच के अनुसार यह वर्कशाप देशबंधु और उनका बेटा संदीप कुमार चला रहे थे। फर्म के प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार को पुलिस ने पहले ही पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था, उसी से सारी जानकारी प्राप्त हुई। आयुष विभाग की ओर से 12 दवा नमूने परीक्षण एवं विश्लेषण के लिए लिए गए। टीम ने मौके पर मौजूद पैकिंग सामग्री, पाउडर, लेबल, खाली कैप्सूल और बोतलों का विवरण तैयार कर उन्हें पुलिस को सौंप दिया। परिसर को क्राइम ब्रांच की मौजूदगी में सील कर दिया गया।

# हिमाचल में 647 ग्राम पंचायतों में अटका छह करोड़ का विकास धन

## 7 वर्षों से खर्च नहीं हुई 14वें वित्त आयोग की राशि, ऊना सबसे आगे व सिरमौर सबसे पीछे

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की ग्रामीण विकास व्यवस्था से जुड़ा एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। राज्य की 647 पंचायतें 14वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त लगभग छह करोड़ रुपए की राशि सात वर्षों के बाद भी खर्च नहीं कर पाई हैं। केंद्र सरकार के ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों ने न केवल पंचायतों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं, बल्कि यह भी संकेत दिया है कि विकास कार्यों के लिए जारी धनराशि का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित करने में कई स्तरों पर गंभीर चूक हुई है। अब जबकि 16वें वित्त आयोग के तहत नई राशि जारी होने की तैयारी है, पुरानी धनराशि का लंबित रहना आगामी किस्तों पर भी असर डाल सकता है।

सूत्रों के अनुसार अगर जिलावार आंकड़ों पर नजर डालें तो ऊना जिले की पंचायतों में सबसे अधिक 1.30 करोड़ रुपये की राशि खर्च नहीं हो सकी है। इसके बाद कांगड़ा में 1.15 करोड़ और शिमला में एक करोड़ रुपये से अधिक धनराशि लंबित है। चंबा में 92 लाख, हमीरपुर में 80 लाख, कुल्लू में 47 लाख, सोलन में 28 लाख, बिलासपुर में 23 लाख, मंडी में 20 लाख और लाहौल-स्पीति में 13 लाख रुपये अब भी उपयोग की प्रतीक्षा में हैं। यह स्थिति बताती है कि जिन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं, स्वच्छता, पेयजल और सामुदायिक परिसंपत्तियों को मजबूत किया जाना था, वे अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ सकीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पंचायती राज विभाग ने सभी खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को लंबित राशि का नियमानुसार शीघ्र उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पंचायतों से उपयोगिता प्रमाणपत्र समय पर प्रस्तुत करने को कहा गया है। विभाग का मानना है कि यदि स्वीकृत मदों में राशि का उपयोग नहीं हुआ तो इससे न केवल विकास परियोजनाएं प्रभावित होंगी, बल्कि भविष्य में मिलने वाली वित्तीय सहायता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिला प्रशासन को भी नियमित निगरानी और प्रगति रिपोर्ट विभाग को भेजने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### जवाबदेही तय करने की तैयारी में सरकार

**उधर,** राज्य सरकार ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि वर्षों से लंबित पड़े मामलों की गहन समीक्षा की जाएगी और जहां लापरवाही सामने आएगी वहां जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के अनुसार पंचायतों को उपलब्ध कराई गई राशि निर्धारित मदों पर ही खर्च की जानी थी, लेकिन अनेक स्थानों पर योजनाओं का क्रियान्वयन अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच सका। ऐसे में अब पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी समीक्षा की जाएगी।

# हिमाचल में 15 से शुरू होगा पंचायतों का नया दौर

## प्रदेश में 31 हजार से अधिक जनप्रतिनिधियों को मिलेगा मानदेय का अधिकार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण लोकतंत्र में एक नया अध्याय लिखने की तैयारी पूरी हो चुकी है। पंचायत चुनावों के बाद अब प्रदेश की हजारों ग्राम पंचायतों में विकास और जनसेवा की नई जिम्मेदारियां औपचारिक रूप से शुरू होने जा रही हैं। 15 जून को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही नव-निर्वाचित प्रधान और उप-प्रधान अपने पद का कार्यभार संभालेंगे, जबकि 27 जून को पहली बैठक आयोजित होते ही 31 हजार से अधिक जनप्रतिनिधि मानदेय प्राप्त करने के पात्र बन जाएंगे। पंचायतों की बढ़ी संख्या और जनप्रतिनिधियों के विस्तारित दायरे ने इस बार ग्रामीण शासन व्यवस्था को और अधिक व्यापक बना दिया है, जिसके चलते सरकार को भी पहले से कहीं अधिक वित्तीय प्रबंधन करना पड़ेगा।

जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार ने इस बार वर्षों पुरानी परंपरा में बदलाव करते हुए शपथ ग्रहण समारोह को जिला स्तर पर आयोजित करने का निर्णय लिया है। पहले जहां मुख्यमंत्री द्वारा संभागीय स्तर पर प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई जाती थी, वहीं अब मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष तथा मंत्रिमंडल के सदस्य अलग-अलग जिलों में पहुंचकर नव-निर्वाचित प्रधानों और उप-प्रधानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इसे पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान व स्थानीय लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से भी यह आयोजन विशेष महत्व रखता है क्योंकि इसके बाद गांवों की सरकारें पूरी तरह सक्रिय हो जाएंगी।

बता दें कि हिमाचल प्रदेश में पंचायतों की संख्या बढ़कर 3758 तक पहुंच चुकी है, जिनमें से 3754 पंचायतों में चुनाव संपन्न हो चुके हैं। इस विस्तार के साथ जनप्रतिनिधियों की संख्या भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। इस बार कुल 31,182 प्रतिनिधि निर्वाचित हुए हैं, जो पिछले चुनावों की तुलना में 602 अधिक हैं। पंचायतों के बढ़ते दायरे का सीधा असर सरकारी खजाने पर दिखाई देगा। जहां पिछली बार पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय पर लगभग 129.81 करोड़ रुपये वार्षिक व्यय हुआ था, वहीं अब यह राशि बढ़कर करीब 136.30 करोड़ रुपये सालाना पहुंचने का अनुमान है। यानी ग्रामीण लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने के लिए सरकार को लगभग पांच प्रतिशत अतिरिक्त वित्तीय भार वहन करना पड़ेगा।

मानदेय संरचना में भी जिला परिषद अध्यक्ष सबसे अधिक लाभान्वित होंगे, जिन्हें प्रतिमाह 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। जिला परिषद उपाध्यक्ष को 19 हजार रुपये तथा जिला परिषद सदस्य को 8,300 रुपये मासिक मानदेय मिलेगा। पंचायत समिति अध्यक्ष को 12 हजार, उपाध्यक्ष को 9 हजार और सदस्यों को 7,500 रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे। वहीं ग्राम पंचायत स्तर पर प्रधान को 7,500 रुपये तथा उप-प्रधान को 5,100 रुपये मासिक मानदेय मिलेगा। पंचायत बैठकों में भाग लेने वाले पंचायत सदस्यों को प्रति बैठक 1,050 रुपए का भुगतान किया जाएगा।

### गांवों में जगी विकास की नई उम्मीद

**इस** बार हुए पंचायत चुनावों ने ग्रामीण लोकतंत्र की भागीदारी का नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। प्रदेशभर में 3,754 प्रधान, 3,754 उप-प्रधान, 21,654 पंचायत वार्ड सदस्य, 1,769 पंचायत समिति सदस्य और 251 जिला परिषद सदस्य निर्वाचित होकर सामने आए हैं। इन चुनावों में 70 हजार से अधिक उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई थी। अब शपथ ग्रहण और पहली बैठकों के बाद गांवों में विकास योजनाओं, जनकल्याण कार्यक्रमों और स्थानीय समस्याओं के समाधान को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### ◆ बढ़ती पंचायतों के साथ बढ़ा सरकार पर वित्तीय दबाव

# विकसित भारत-2047 के लिए राज्यों का सशक्त विकास भी अनिवार्य : पठानिया

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** चण्डीगढ़ में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन-॥ सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि विकसित भारत-2047 केवल केंद्र सरकार का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का सामूहिक संकल्प है और इसकी सफलता राज्यों के समानांतर विकास पर निर्भर करती है।

उन्होंने कहा कि यदि भारत को विश्व के अग्रणी विकसित देशों की श्रेणी में स्थान बनाना है तो संघीय ढांचे को और अधिक मजबूत करना होगा तथा राज्यों को पर्याप्त संसाधन, सहयोग और अवसर उपलब्ध कराने होंगे। पठानिया ने अपने संबोधन में हिमाचल प्रदेश की गौरवशाली स्वतंत्रता संग्राम परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 1848 में वीर क्रांतिकारी वजीर राम सिंह पठानिया ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध पहला संगठित विद्रोह छेड़कर आजादी की लड़ाई की नींव रखी थी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संघर्ष की विरासत ही विकसित भारत के सपने का आधार है तथा आज कार्यपालिका, न्यायपालिका, विधायिका, मीडिया और जागरूक नागरिकों को मिलकर इस राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करना होगा।

पठानिया ने कहा कि विकसित भारत का विजन केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भर, समावेशी, तकनीकी रूप से उन्नत, पर्यावरणीय दृष्टि से टिकाऊ और वैश्विक स्तर पर सम्मानित राष्ट्र निर्माण का व्यापक अभियान है। उन्होंने युवाओं को इस परिवर्तन यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण भागीदार बताते हुए बेरोजगारी और असमानता जैसी चुनौतियों से निपटने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने केंद्र और राज्यों के बीच मधुर एवं सहयोगात्मक संबंधों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि राज्यों को मिलने वाली वित्तीय सहायता और हिस्सेदारी राजनीतिक भेदभाव से ऊपर उठकर समय पर उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

सम्मेलन के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र सिंह कल्याण सहित विभिन्न राज्यों के पीठासीन अधिकारी उपस्थित रहे। उत्कृष्ट सत्र संचालन के लिए हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने कुलदीप पठानिया को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।

# हिमाचल कांग्रेस संगठन अनुशासन को सख्ती से लागू करने की तैयारियों में जुटा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में उपजे ताज़ा राजनीतिक विवाद ने संगठन के भीतर अनुशासन और संवाद की मर्यादाओं को लेकर नई बहस छेड़ दी है। पूर्व विधायक नीरज भारती द्वारा पिछले कुछ दिनों से सामाजिक माध्यमों पर लगातार किए जा रहे तीखे वक्तव्यों और उन पर पार्टी नेताओं की प्रतिक्रियाओं के बाद मामला एकाएक संगठनात्मक अनुशासन का विषय बन गया है। इसी पृष्ठभूमि में कांग्रेस की अनुशासन समिति की बैठक को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें पूरे घटनाक्रम की समीक्षा किए जाने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार पार्टी नेतृत्व इस बात को लेकर चिंतित है कि सार्वजनिक मंचों और सामाजिक माध्यमों पर जारी बयानबाज़ी से संगठन की छवि प्रभावित हो रही है। नीरज भारती द्वारा प्रदेश नेतृत्व, सरकार और संगठन के कुछ निर्णयों पर लगातार प्रश्न उठाए गए, जिसके बाद कई वरिष्ठ नेताओं ने भी खुलकर प्रतिक्रिया दी। परिणामस्वरूप यह विवाद शांत होने के बजाय और अधिक चर्चा का विषय बन गया। पार्टी के भीतर यह भावना भी उभर रही है कि मतभेदों को सार्वजनिक मंचों के बजाय संगठनात्मक व्यवस्था के भीतर सुलझाया जाना चाहिए।

पूर्व सीपीएस नीरज भारती पहले ही प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे चुके हैं और पार्टी द्वारा उन्हें छह वर्षों के लिए निष्कासित भी किया जा चुका है। इसके बावजूद उनके वक्तव्य राजनीतिक गलियारों में चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। हाल के दिनों में उन्होंने संगठन की कार्यप्रणाली, नेतृत्व और चुनावी रणनीति को लेकर कई सवाल उठाए हैं, जिन पर कांग्रेस के विभिन्न नेताओं ने अलग-अलग स्तर पर प्रतिक्रिया दी। इससे राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता दिखाई दे रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अनुशासन समिति की बैठक केवल एक व्यक्ति या एक विवाद तक सीमित नहीं रहेगी, इसमें भविष्य में पार्टी नेताओं की सार्वजनिक अभिव्यक्तियों और संगठनात्मक मर्यादाओं को लेकर भी स्पष्ट दिशा तय की जा सकती है। माना जा रहा है कि समिति सामाजिक माध्यमों पर अनियंत्रित बयानबाज़ी से बचने की सलाह देने के साथ-साथ संगठनात्मक संवाद को मजबूत करने पर भी बल दे सकती है।

### भाजपा रख रही घटनाक्रम पर पैनी निगाह

**दूसरी** ओर भाजपा भी इस पूरे घटनाक्रम पर पैनी नज़र बनाए हुए है। विपक्षी दल के नेताओं ने कांग्रेस की आंतरिक खींचतान को प्रदेश सरकार और संगठन की कमजोरी से जोड़ते हुए तीखे राजनीतिक प्रहार किए हैं। भाजपा का आरोप है कि सत्तारूढ़ दल अपने ही नेताओं के बीच समन्वय स्थापित करने में संघर्ष कर रहा है, जबकि कांग्रेस इस पूरे प्रकरण को संगठन का आंतरिक विषय बताकर स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है।

# बकाया भुगतान में आयु सीमा पर भड़के सेवानिवृत्त बिजली बोर्ड कर्मी



बकाया भुगतान में आयु सीमा पर भड़के सेवानिवृत्त कर्मी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सेवानिवृत्त कर्मचारी विद्युत फोरम बल्द्वाड़ा-भाबला की मासिक बैठक मंगलवार को भाबला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फोरम अध्यक्ष पृथी पाल चंदेल ने की, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त विद्युत कर्मियों ने भाग लिया।

बैठक में सरकार द्वारा 65 से 70 वर्ष आयु वर्ग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया भुगतान की घोषणा पर चर्चा हुई। फोरम सचिव जगदीश गुप्ता ने कहा कि सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है, लेकिन केवल एक आयु वर्ग तक राहत सीमित रखना उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बिना किसी आयु सीमा के लंबित बकाया राशि का भुगतान एक साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि महंगाई भत्ते (डीए) की लंबित किश्तों सहित अन्य वित्तीय देनदारियों का भी शीघ्र निपटारा किया जाना चाहिए। उनका कहना था कि वर्षों तक सेवाएं देने वाले कर्मचारियों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। बैठक में वक्ताओं ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संगठन को मजबूत बनाने और अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया।

# हिमाचल की वित्तीय व्यवस्था को मजबूत करने की तैयारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्त विभाग, राज्य कोषागार व प्रधान महालेखाकार कार्यालय के अधिकारियों के लिए आयोजित नकदी एवं ऋण प्रबंधन विषयक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ वित्त सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की वर्तमान वित्तीय स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार नकदी प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने, वित्तीय अनुशासन को सुदृढ़ करने तथा उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्तीय चुनौतियों के बीच इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इससे अधिकारियों की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी।

वित्त सचिव ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त ज्ञान और अनुभव राज्य की वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने आरबीआई की इस पहल की सराहना करते हुए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणालियों तथा संस्थागत क्षमता निर्माण के क्षेत्र में भविष्य में भी सहयोग जारी रहने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि वित्तीय संसाधनों के वैज्ञानिक प्रबंधन से प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी और निर्णय लेने की प्रक्रिया अधिक प्रभावशाली बनेगी।

### आधुनिक वित्तीय प्रबंधन से मजबूत होगी आर्थिक सेहत

**कार्यक्रम** के दौरान आरबीआई, मुंबई के आंतरिक ऋण प्रबंधन विभाग के मुख्य महाप्रबंधक राकेश त्रिपाठी के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम ने नकदी प्रवाह पूर्वानुमान, ऋण प्रबंधन, वेज एंड मीन्स एडवांस, अधिशेष निधियों के निवेश, वित्तीय जोखिम प्रबंधन तथा सार्वजनिक ऋण प्रबंधन की आधुनिक कार्यप्रणालियों पर विस्तृत जानकारी दी।

# पीएम मोदी के दीर्घायु जीवन के लिए आज होंगे विशेष पूजा-पाठ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा 10 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के अवसर को ऐतिहासिक गौरव दिवस के रूप में मनाएगी। प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों, मंडलों और शक्ति केंद्रों में 200 से अधिक स्थानों पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन, आरती और प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। भाजपा कार्यकर्ता और शुभचिंतक इन कार्यक्रमों में भाग लेकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्रसेवा के उनके संकल्प की सफलता के लिए प्रार्थना करेंगे।



# सरकाघाट की काव्या का विश्व स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए चयन

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** प्रदेश की एकमात्र गर्ल्स बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल सरकाघाट की होनहार खिलाड़ी काव्या शर्मा का चयन सर्बिया में आयोजित होने वाली वर्ल्ड स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 13 से 22 जून तक सर्बिया में आयोजित की जाएगी, जिसमें काव्या भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। काव्या शर्मा वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट में जमा एक की छात्रा हैं। उनके चयन से न केवल सरकाघाट बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश और देश का गौरव बढ़ा है।

स्पोर्ट्स हॉस्टल के कोच एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी राकेश ठाकुर ने बताया कि काव्या अपनी सफलता के लिए प्रतिदिन सुबह और शाम दो-दो घंटे कठिन अभ्यास करती हैं। उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन का ही परिणाम है कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि काव्या का चयन हिमाचल प्रदेश और विशेषकर सरकाघाट क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा तथा इससे प्रदेश में बास्केटबॉल खेल को नई पहचान मिलेगी।


काव्या की इस उपलब्धि पर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय सिंह, कुमुद सिंह, एसएस गुलेरिया, विधायक दिलीप सिंह ठाकुर, धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर तथा शिक्षा विभाग के निदेशक आशीष कोहली सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# ऊना जिले के वीर सपूत लेफ्टिनेंट कमांडर सूरज पराशर को शौर्य चक्र, क्षेत्र में खुशी की लहर

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के चढ़तगढ़ गांव के लिए गौरव का क्षण है। गांव के वीर सपूत लेफ्टिनेंट कमांडर सूरज पराशर को उनकी असाधारण वीरता, उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए देश के प्रतिष्ठित वीरता सम्मान शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया गया यह सम्मान उनकी बहादुरी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार लेफ्टिनेंट कमांडर सूरज पराशर ने जम्मू-कश्मीर में एक महत्वपूर्ण सैन्य अभियान के दौरान अदम्य साहस और नेतृत्व का परिचय दिया। अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उन्होंने सूझबूझ, रणनीतिक कौशल और त्वरित निर्णय क्षमता का प्रदर्शन करते हुए मिशन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व ने न केवल अभियान को सफलता दिलाई बल्कि कई जवानों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की।




**जायजा** हरोली में विकास परियोजनाओं का उपमुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण, समय पर कार्य करने के दिए निर्देश

# अग्निहोत्री ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखी

अनंत ज्ञान

**हरोली, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंगलवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं का निरीक्षण कर उनकी प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लगभग 12.70 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन हरोली कॉलेज भवन का दौरा कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं गति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कॉलेज परिसर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए आधुनिक स्टेज, ओपन जिम, वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन कोर्ट तथा अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कैंपस कैफेटेरिया का निर्माण भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कॉलेज में बीए, बी.कॉम, बीसीए, बीबीए, बी.एससी. (मेडिकल एवं नॉन-मेडिकल) सहित एम.कॉम तथा राजनीति शास्त्र, अंग्रेज़ी, इतिहास एवं हिंदी विषयों में एम.ए. की पढ़ाई करवाई जा रही है। इसके अतिरिक्त इसी शैक्षणिक सत्र से पीजीडीसीए तथा बी.एससी. कंप्यूटर साइंस की कक्षाएं भी आरंभ की जाएंगी। वहीं बॉटनी, केमिस्ट्री, फिजिक्स तथा जूलॉजी विषयों के लिए अत्याधुनिक मॉड्यूलर साइंस लैब्स स्थापित करने को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं से विद्यार्थियों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध होगी।

वहीं सोमवार देर रात्रि, उपमुख्यमंत्री ने ईसपुर में शीतला माता मंदिर के भव्य मंदिर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की । उन्होंने कहा कि शीतला माता मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है तथा इसके भव्य स्वरूप के निर्माण से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने के साथ-साथ धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में संपर्क सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए भी अनेक परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। चंदपुर खड्ड पर 3.87 करोड़ रुपये की लागत से चंदपुर और ललड़ी को जोड़ने वाले पुल का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। हरोली खड्ड पर लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बो-स्ट्रिंग पुल जनता को समर्पित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के महत्वाकांक्षी पंडोगा-त्युड़ी पुल सहित 14 नए पुलों का निर्माण विभिन्न चरणों में प्रगति पर है। 37 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले झलेड़ा-घालूवाल पुल का निर्माण कार्य भी शीघ्र आरंभ किया जाएगा।



अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की ग्राउंड प्रगति रिपोर्ट लेते उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री। अनंत ज्ञान

### विकास की रफ्तार पर सीधी नजर: अग्निहोत्री

**मुकेश** अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए वह स्वयं परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिन हो या रात, जनता के हितों से जुड़े कार्यों की समीक्षा और निरीक्षण लगातार जारी है, ताकि प्रत्येक परियोजना निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो और लोगों को लाभ मिले। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक ठाकुर, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य हरोली केवल सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।